सूर्योदय 5:40 सूर्यास्त 6:54

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.0 न्यू | 14.6 अधि |
| धर्मशाला | 16.9 न्यू | 21.1 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74668.04 |
| निफ्टी | 22643.40 |
| सोना 70,930 | चांदी 84,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार





आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 | 18 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 132, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



आज के अंक में

- कांग्रेस ने मारा एससी/ एसटी और ओबीसी का हक : अनुराग
- सेरी मंच से करें बहस, कंगना को विक्रमादित्य की खुली चुनौती

पृष्ठ 2 पर पढ़ें





- लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में जनता करेगी हिसाब
- विधानसभा अध्यक्ष स्वीकार करें हमारा इस्तीफा: केएल ठाकुर

पृष्ठ 3 पर पढ़ें





- ग्रामीण डिप्टी डायरेक्टर दफ्तर का करेंगे घेराव
- बाल विवाह कानूनी अपराध और सामाजिक कलंक : एसडीएम

पृष्ठ 9 पर पढ़ें





- राजनाथ सिंह ने लखनऊ, स्मृति ईरानी ने अमेठी से भरा नामांकन
- लखनऊ और मुंबई के मुकाबले में केएल राहुल पर होंगी सबकी नजरें

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




# स्कूल शिक्षा बोर्ड का 12वीं का रिजल्ट 73.76%, मेरिट में बेटियों का दबदबा

## 85,777 ने दी थी परीक्षा, कुल 63,092 स्टूडेंट्स हुए पास, तीनों संकाय के टॉप-10 में 30 लड़कियां व 11 लड़के, 13,276 की कंपार्टमेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार परीक्षा परिणाम 73.76 प्रतिशत रहा है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने यह परिणाम रिकॉर्ड समय 25 दिनों में जारी कर दिया है।

टॉप-10 में सरकारी स्कूलों के 10 और निजी स्कूलों के 31 विद्यार्थी हैं। पिछले साल 12वीं का परिणाम 79.4 प्रतिशत रहा था। डिजी लॉकर के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा और स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि 85,777 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 63,092 अभ्यर्थी पास हुए हैं वहीं, 13,276 बच्चों की कंपार्टमेंट आई है । कुल तीन संकायों में 41 टॉपर है, जिनमें 30 छात्राएं और 11 छात्र शामिल हैं।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव ने बताया कि एक सप्ताह में 10वीं का रिजल्ट भी घोषित कर दिया जाएगा।

### 1 रिसर्चर बनना चाहती है कामाक्षी शर्मा



**12वीं** की परीक्षा में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल करने वाली कामाक्षी शर्मा रिसर्चर बनना चाहती हैं। वह भारती विद्यापीठ पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ की छात्रा हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। वह विज्ञान संकाय की छात्रा हैं।

### 1 छाया का लक्ष्य सिविल सर्विस में जाना



**12वीं** की परीक्षा में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल करने वाली कुल्लू के बजौरा स्थित स्नोर वैली स्कूल की छात्रा छाया चौहान का सपना सिविल सर्विस में जाकर देश की सेवा करना है। छाया के पिता पाल सिंह किसान जबकि माता शाउणी देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं।

### 2 अर्शिता का सपना आईएएस बनना



**ऊना** जिला के डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की अर्शिता ने कला संकाय में 98 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश भर में टॉप किया है। उसका कहना है कि वह ऐसे ही मेहनत करेंगी और आईएएस अफसर बनेंगी। अर्शिता की माता किरण बाला और पिता नरेंद्र कुमार उनकी उपलब्धि से खुश हैं।

### 3 शाव्या के मन में सीए बनने की ख्वाहिश



**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जसूर में 12वी की छात्रा शाव्या ने पूरे हिमाचल में कॉमर्स में पहला स्थान हासिल किया है। शव्या के पिता स्वप्न कुमार प्राइवेट जॉब करते हैं तथा माता अनु वाला गृहिणी है। शव्या का सपना सीए बनना है। परिवार का कहना है कि शव्या शुरू से ही पढ़ने में आगे रही है।

### विज्ञान, कला और वाणिज्य के टॉपर

| टॉपर | नंबर | प्रतिशत | संकाय | जगह |
|---|---|---|---|---|
| कामाक्षी शर्मा | 494/500 | 98.80 | विज्ञान | बैजनाथ |
| छाया चौहान | 494/500 | 98.80 | विज्ञान | बजौरा |
| अर्शिता | 490/500 | 98.00 | कला | ऊना |
| शाव्या | 490/500 | 98.00 | वाणिज्य | जसूर |

- टॉपरों में सरकारी स्कूलों के 10 और निजी स्कूलो के 31 विद्यार्थी, 25 दिन में घोषित हुआ रिजल्ट।
- हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बताया कि एक सप्ताह में 10वीं का रिजल्ट होगा घोषित।

### आज का मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स vs मुंबई इंडियंस

समय: रात 7:30 बजे (लखनऊ)

### न्यूज शॉर्ट्स

#### अमित शाह की एडिटेड वीडियो मामले में तेलंगाना के सीएम तलब

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को समन जारी किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से एक मई को पूछताछ करेगी। दिल्ली पुलिस ने रविवार (28 अप्रैल) को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। वायरल वीडियो में शाह एसी एसटी और ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं।

#### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पांच दिन में दो बार हुआ डाउन

**नई दिल्ली।** पूर्व में ट्विटर के नाम से लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के ठप होने की खबर है। सोशल मीडिया पर यूजर्स लगातार शिकायत कर रहे हैं। आउटेज की शुरुआत 29 अप्रैल को दोपहर 12.47 से हुई है। आज 51 फीसदी यूजर्स ने ऐप की शिकायत की है और 47 फीसदी वेब वर्जन पर समस्या हो रही है। लोगों की टाइमलाइन अपडेट नहीं हो रही है। बता दें कि इससे पहले 26 अप्रैल को भी 'एक्स' ठप हुआ था। उस दौरान 1,000 से अधिक यूजर्स ने शिकायत की थी।

### अनंत व्यंग्य





अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


# अप्रैल में शीतलहर से ठिठुरा हिमाचल

## ऊंची चोटियों पर हिमपात, मैदानी इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि का कहर, तीन मई से मौसम सामान्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में बीते दो दिनों से लगातार बारिश, ओलावृष्टि और ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है। सोमवार को भी राजधानी शिमला सहित कई हिस्सों में बारिश होती रही, जबकि राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों रोहतांग पास, लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों और पांगी घाटी सहित कई हिस्सों में बर्फबारी का दौर जारी है। प्रदेश भर में एक बार फिर तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे शीतलहर बढ़ गई है।

मौसम विभाग ने सोमवार को बारिश ओलावृष्टि और बर्फबारी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। इस दौरान खासकर शिमला, मंडी, कुल्लू, बिलासपुर, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, सोलन और सिरमौर में भारी बारिश दर्ज की गई। वहीं, कई क्षेत्रों में बीच-बीच में ओलावृष्टि और तेज तूफान भी देखने को मिला।



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के सिस्सू में आसमान से गिरते बर्फ के फाहे।

### चार मई को फिर से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ

**मौसम** विभाग के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है, जिसके चलते बीते तीन दिनों से हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश बर्फबारी और ओलावृष्टि देखने को मिली है। दो और तीन मई को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार है। वहीं, चार मई को फिर से ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे कई भागों में बारिश की संभावना है।

### ओलावृष्टि से बागवानी को काफी नुकसान

**बीते** दिन शिमला सहित कई हिस्सों में ओलावृष्टि हुई है। जिससे बागवानी को काफी नुकसान हुआ है। प्रदेश में हो रही बारिश-बर्फबारी के चलते तापमान में कमी हुई है। मई महीने में भी तापमान सामान्य से कम रहने वाला हैं और इस बार ज्यादा गर्मी देखने को नहीं मिलेगी। मई के पहले हफ्ते भी प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिसके चलते बारिश का दौर जारी रहेगा।

# संदेशखाली मामले में ममता सरकार के रवैये से सुप्रीम कोर्ट हैरान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- सुनवाई को तीन माह के लिए टाल दिया

संदेशखाली कांड की सीबीआई जांच को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार को सोमवार को राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई को तीन माह के लिए टाल दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई टालते हुए टिप्पणी की कि मामले में आरोप गंभीर हैं। महिलाओं पर अत्याचार जमीन हड़पने जैसे आरोप हैं। कोर्ट ने इसी के साथ सरकार के रवैये पर हैरानी जताते हुए कहा कि राज्य सरकार एक निजी व्यक्ति के खिलाफ जांच का विरोध कर रही है, जिस पर गंभीर आरोप हैं।

ममता सरकार के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई के दौरान कहा कि मामले से जुड़ी अहम जानकारी और दस्तावेज राज्य के हाथ लगे हैं, इसलिए सीबीआई जांच पर रोक लगा दें। इसके बाद न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की खंडपीठ ने टिप्पणी की कि मामले में आरोप गंभीर हैं। महिलाओं पर अत्याचार, जमीन हड़पने जैसे आरोप हैं।

कोर्ट ने कहा कि मामला लंबित होने का हवाला देकर ममता सरकार हाईकोर्ट में कोई लाभ लेने की भी कोशिश न करे।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जांच प्रक्रिया को इसलिए बाधित नहीं किया जा सकता कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

## हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल 2024 सोमवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है।

जयपुर एयरपोर्ट पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। जयपुर एयरपोर्ट पर बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को संयुक्त रूप से गहन जांच की।

## यूजीसी नेट-2024 परीक्षा अब 18 जून को

**नई दिल्ली ।** यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के साथ टकराव से बचने के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) की डेट आगे बदल दी गई है। अब यह परीक्षा 18 जून को आयोजित की जाएगी। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने सोमवार को इसकी घोषणा की। पहले यह परीक्षा 16 जून को आयोजित होने वाली थी।

यूजीसी-नेट भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में 'जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति', 'सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी में प्रवेश' और 'केवल पीएचडी में प्रवेश' के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है।

## कोविड वैक्सीन बनाने वाला साइंटिस्ट चीन की संसद से बर्खास्त

**एजेंसी, बीजिंग**

चीन में कोराना महामारी के दौरान पहली वैक्सीन विकसित करने वाले विज्ञानी को कथित भ्रष्टाचार के लिए संसद से बर्खास्त कर दिया गया। चाइना नेशनल फार्मास्युटिकल ग्रुप की वैक्सीन सहायक कंपनी चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप (सीएनबीजी) के अध्यक्ष यांग जियाओमिंग को गंभीर अनुशासन और कानून के उल्लंघन के कारण नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में उनकी सदस्यता से हटाया गया है।

### 62 वर्षीय यांग ने बनाई थी चीन की पहली वैक्सीन

62 वर्षीय यांग अनुभवी शोधकर्ता हैं। उन्होंने सीएनबीजी में उस टीम का नेतृत्व किया था, जिसने सिनोफार्मा की बीबीआइबीपी-कोरवी वैक्सीन विकसित की थी। चीन की यह पहली वैक्सीन थी, जिसे सामान्य उपयोग के लिए मंजूरी दी गई थी। यांग को सितंबर 2020 में इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

### व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत कार्रवाई

यांग की बर्खास्तगी चीन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर सबसे बड़ी कार्रवाई के बीच आई है, जो पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीपति शी चिनफिंग द्वारा शुरू किए गए व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का विस्तार है। इसका उद्देश्य रिश्वतखोरी से ग्रस्त प्रणाली में व्यापक भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है। अस्पतालों, दवा कंपनियों और बीमा फंडों पर कार्रवाई जारी है।

## पीएम मोदी पर चुनाव लड़ने का प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है।



कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता का मानना है कि यह आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला है, लेकिन मात्र शिकायत से कोर्ट निर्वाचन आयोग को निर्देश नहीं दे सकता है।

वकील आनंद एस जोंधाले ने दायर याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की थी।

## ऊना में खड़ी स्कूटी से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला ऊना के अंतर्गत आते बहडाला गांव में एक बाइक सड़क किनारे खड़ी स्कूटी से टकरा गई। हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

मृतकों की पहचान संतोष (23) पुत्र रामवीर निवासी बदायूं उत्तर प्रदेश और विपिन के रूप में हुई है, जबकि सुरेश (28) निवासी बदायूं उत्तर प्रदेश घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष, विपिन और सुरेश के साथ काम के सिलसिले में नंगल गया हुआ था। नंगल से लौटते समय गांव बहडाला में उनकी बाइक सड़क किनारे खड़ी एक स्कूटी से टकरा गई, जिसके बाद तीनों युवक सड़क पर जा गिरे।

हादसे में तीनों घायल हो गए। घटना के बाद तीनों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया, जहां चिकित्स्कों ने संतोष और विपिन को मृत घोषित कर दिया।

## बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला में सीबीआई जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- मामले की अगली सुनवाई छह मई को

पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार, 29 अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के एक फैसले पर रोक लगा दी है. हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को जो निर्देश दिया था, फिलहाल उस फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है। ध्यान देने वाली बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले पर अभी रोक नहीं लगाई है, जिसमें कलकत्ता हाईकोर्ट ने करीब 25 हजार से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा शामिल थे। पश्चिम बंगाल ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को कोर्ट में चुनौती दी थी। पीठ अब इस मामले की अगली सुनवाई छह मई को करेगी.

**अदालत** वकील सिंघवी से किया सवाल-ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका क्यों नहीं की दायर

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा-क्यों टाले समन?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- वकील सिंघवी का जवाब- केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध
- मामला उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार का

कथित उत्पाद शुल्क नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के वकील से सुप्रीम कोर्ट ने सवाल पूछे हैं। सोमवार को शीर्ष अदालत ने सीएम के वकील अभिषेक सिंघवी से पूछा कि उन्होंने ट्रायल कोर्ट के सामने जमानत याचिका क्यों नहीं दायर की?

दरअसल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) नेता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने केजरीवाल की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी से पूछा, 'आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया?

आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दाखिल की? केजरीवाल ने ईडी के नौ समन का जवाब इस पर केजरीवाल के वकील ने कहा कि कई कारण हैं, जिनमें केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध तरीके से की गई है।

सिंघवी ने कहा कि पिछले महीने 21 मार्च को केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई। आखिर क्या जरूरत थी गिरफ्तारी की, जबकि ईसीआर अगस्त 2022 में दायर की गई थी। आखिर अचानक ऐसा क्या हो गया कि सीएम को गिरफ्तार करना पड़ा।

यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है।



### केजरीवाल, आतिशी के खिलाफ मानहानि का केस

**दिल्ली ।** भारतीय जनता पार्टी के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी के खिलाफ उनके दावों पर आपराधिक मानहानि का मुकदमा दायर किया है। आप नेताओं ने दावा किया था कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी के नेताओं से 20-30 करोड़ रुपए के बदले में उनकी पार्टी में शामिल होने के लिए संपर्क किया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट तान्या बामनियाल ने मामले की सुनवाई की और मामले को 4 मई को प्री-समन साक्ष्य के लिए रखा है।

## खालिस्तान का समर्थन करने पर भारत की कनाडा को नसीहत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कनाडा में बैसाखी के मौके पर आयोजित खालसा दिवस कार्यक्रम में खालिस्तान समर्थक नारे लगाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेता न केवल इसमें शामिल होते हैं, बल्कि खालसा के समर्थन में भाषण भी देते हैं। वीडियो को साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने इस घटना पर चिंता जताई है। इसके साथ उन्होंने जस्टिन ट्रूडो को नसीहत दी है कि अगर घर के पीछे सांप पालेंगे तो दूसरों के साथ एक दिन वो आपको भी डसेगा।

सोमवार को भाजपा नेता आरपी सिंह ने ट्वीट में कहा कि कनाडा में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय राजनीतिक हस्तियों पर निज्जर की



मौत में शामिल होने के आरोप वाले पोस्टर भी लगाए गए। रैलियों में खालिस्तान प्रचार और भारत विरोधी पोस्टर दिखाए गए। और तो और कनाडा भर में खालिस्तान प्रचार, भारत विरोधी पोस्टरों के साथ रैलियां की जाती हैं।

साफ है कनाडा के प्रधानमंत्री को खालिस्तानी समर्थकों का समर्थन है। आरपी सिंह ने कहा कि अगर कनाडा के प्रधानमंत्री अपने घर के पीछे सांप पालेंगे तो उनसे केवल दूसरों को काटने की उम्मीद नहीं कर सकते, आखिरकार वे आपको भी काट लेंगे।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

**आप अपनी राय हमें ई-मेल : *editoranantgyaan @gmail.com* पर भेज सकते हैं।**

**यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।**

# कांग्रेस ने मारा एससी/ एसटी और ओबीसी का हक : अनुराग

## हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री ने क्षेत्र की पंचायतों में कीं जनसभाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर एक बार फिर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि एससी एसटी और ओबीसी का हक मारने के लिए कांग्रेस ने सबसे बड़ा काम किया है।

उन्होंने सोमवार को हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलोह, चमनेड, धलोट और ताल के अमनेड़ गांवों में जनसभाओं को संबोधित किया। राहुल गांधी के भाजपा 'आरक्षण खत्म करो' गैंग का अड्डा है और नरेंद्र मोदी उसके सरगना के बयान पर केंद्रीय मंत्री ने जोरदार पटवार किया और कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का सबसे ज्यादा हक कांग्रेस ने मारा है। अनुराग ने कहा कि आंध्र प्रदेश तेलंगाना, कर्नाटक जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें बनी हैं, एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर मुस्लिम समुदाय को दिया है। केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के प्रफुल्ल पटेल को संरक्षण देने के बयान पर कहा कि कांग्रेस कब सत्ता में आएगी बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह है।

उन्होंने एक दर्जन से ज्यादा चुनावी नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित किया। इस मौके पर हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष देशराज शर्मा, भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अमनेड़, बलोह में चुनावी जनसभाएं में जनता को संबोधित किया।



हमीरपुर में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर।

### बोले- कांग्रेस 40 पार करने के लिए कर रही संघर्ष

**अनुराग** ठाकुर ने राहुल गांधी द्वारा प्रफुल्ल पटेल को भाजपा द्वारा सिर आंखों पर बिठाने के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस कब सत्ता में आएगी, यह बहुत बड़ा सवाल है। राहुल गांधी को यह पता नहीं है कि कांग्रेस कब सत्ता में आएगी। कांग्रेस 40 पार करने के लिए भी पूरी तरह से संघर्ष कर रही है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा पांच गारंटियां पूरी करने के प्रश्न पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में किसी भी गारंटी को पूरा नहीं किया है।

## चुनावी चुटकी

### पीके हो क्या...



**पीके** है क्या, शायद जवाब आए हां। राजनीति में सब माफ है। मुद्दा कोई भी हो कौन सा लोगों को मुद्दों पर वोट देना है। जो मन में आए बोल दो, अगले स्टेशन पर सुधार लेंगे। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार कौन? नेताओं के भाषण सुनकर आम लोग परेशान हैं। बेरोजगारी के लिए स्थानीय सरकार, महंगाई के लिए स्थानीय सरकार, भ्रष्टाचार के लिए स्थानीय सरकार जिम्मेदार है तो क्या चुनाव विधानसभा के हो रहे हैं? चाचू, ताऊ और मामू सभी आखिर निर्णय नहीं ले पा रहे हैं कि इन मुद्दों के लिए वे किसे जिम्मेदार ठहराएं। शिमला के रिज पर रोज उनकी महफिल लगती है, लेकिन महफिल बेनतीजा समाप्त हो जाती है। परेशानी यह है कि कुछ ऐसे नेता हैं, जिनका सियासत से दूर का वास्ता नहीं था, लेकिन भाग्य आजमाने हिमाचल में हैं। वे बेरोजगारी के साथ सभी मुद्दों के लिए राज्य सरकार को दोषी मानते हैं, लेकिन दो करोड़ रोजगार की बात तो कहीं दूर से हुई थी। महंगाई को लेकर राज्य सरकार के हाथ में क्या है? उनका क्या है अगर किसी ने सीधे पूछ लिया कि पीके हो क्या, बोल देंगे हां।

### किसानों की मौज



**गेहूं** की पैदावार वाले जिले में किसानों की मौज लग गई है, कुछ नेताओं की उदारता को देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि काश हमारे भी खेत होते। हमने भी गेहूं की फसल लगाई होती। चारों ओर खुशियां ही खुशियां छाई होतीं। धूप में पसीना भी बहाना नहीं पड़ता और दोपहर को खेत में ही भोजन खाना भी नहीं पड़ता। अब एक क्षेत्र के किसानों की मौजां ही मौजां हो गई हैं। वे चाहते हैं कि हर फसल में चुनाव आएं। चुनावी फसल के साथ ही उनकी फसल भी पकती रहेगी। अब किसान खुश क्यों न हों, हमारे तो खेत ही नहीं हैं, इसलिए मुंह लटकाए बैठे हैं, लेकिन ताऊ के खेत हैं जहां वे चहके बैठे हैं। नेता जी की जो मशीन आई है, ताऊ के खेतों में उनसे की कटाई है। गेहूं की फसल बिना मेहनत घर पहुंचाई है, ताऊ सब जगह दे रहे अब ये दुहाई हैं। नेता जी ने वादा किया है, किसानों के साथ का इरादा किया है। हर फसल पर वे किसानों को देंगे सुविधा, भले ही वोट के बाद हो कोई दुविधा। चुनावी मशीन चलने लगी है, जनता भी संभलने लगी है। एक बार जो खाया है धोखा, अब न देंगे फिर कोई मौका। नेता जी ने पहले भी की थी सेवा, बाद में लूटा था मेवा।

-राजेश शर्मा

### शांता की सलाह पर अमल...



**कांग्रेस** पार्टी हमीरपुर और कांगड़ा लोकसभा चुनाव क्षेत्रों में अभी तक अपने प्रत्याशी तय नहीं कर पाई है, जबकि हमीरपुर लोकसभा सीट पार्टी के लिए बड़ी प्रतिष्ठा का प्रश्न है, क्योंकि यहां से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भाजपा के प्रत्याशी हैं, जो राहुल गांधी सहित समस्त गांधी परिवार और कांग्रेस पार्टी पर तीखे हमले करने के लिए जाने जाते हैं, परंतु अनुराग ठाकुर के खिलाफ कांग्रेस अपना प्रत्याशी ही तलाश नहीं कर पा रही और कांग्रेस की ऐसी हालत देखकर शांता कुमार के बयान, जिसमें उन्होंने अनुराग ठाकुर को सर्वसम्मति से सांसद में भेजने की अपील की थी, उसका उदाहरण देते हुए लोग अब चुटकियां लेते हुए चर्चा करने लगे हैं कि कहीं कांग्रेस शांता कुमार की सलाह पर ही तो अमल नहीं कर रही।

-मस्तु

# कांग्रेस राज में पीछे चला गया हिमाचल : जयराम

## करसोग के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष, कंगना के लिए मांगे वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में हजारों की संख्या में चले हुए संस्थान बंद कर दिए, करसोग में ही नायब तहसीलदार के कार्यालय से लेकर पटवार सर्कल समेत दर्जनों की संख्या में कार्यालय, स्कूल और अस्पताल तक बंद कर दिए। कांग्रेस इसी तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगों की बारी है कि वे ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करें।

मंडी जिला के करसोग में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में उन्होंने कहा कि हर पन्ना प्रमुख अपने-अपने पन्ने से भारतीय जनता पार्टी को बढ़त दिलाएंगे और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना सहयोग देंगे। उन्होंने कंगना को मंडी से ऐतिहासिक विजय के साथ दिल्ली भेजने के लिए निवेदन करते हुए कहा कि कंगना ही आपके सुख-दुख की डाकिया बनकर मंडी और देवभूमि के मुद्दों को दिल्ली में मोदी तक पहुचाएंगी।



करसोग में प्रचार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### प्रदेश की सड़कों पर उठाए सवाल

**इस** मौके पर उनके साथ मंडी संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत, करसोग के विधायक दीपराज समेत अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा की प्रत्याशी के लिए विक्रमादित्य ने अमर्यादित शब्द कहे। उन्होंने कंगना को अपवित्र तक कहा, क्या हिमाचल की बेटी के लिए इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया जा सकता है। जैसे वह स्वयं गंगा जल में स्नान करके आए हैं। अपने संघर्ष और क्षमता से कंगना ने फिल्मी दुनिया में अपना नाम किया, उन्हें राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। विक्रमादित्य के पास मुद्दे नहीं है, डेढ़ साल में एक भी काम नहीं किया है इसलिए वह इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। आज प्रदेश में सड़कों की क्या हालत है। सड़कों की मरम्मत तो छोड़िए उनसे सड़कों का कूड़ा भी नहीं उठाया जा सका है, इसलिए वह निजी हमले कर रहे हैं। नारी शक्ति का अपमान कांग्रेस की आदत बन चुकी है।

## कांग्रेस ने बंद किए संस्थान : तिलकराज



**शिमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलकराज शर्मा द्वारा शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र की भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन, महिला, युवा, किसान और गरीब कल्याण के 10 वर्षों की उपलिब्धियों तथा जयराम सरकार द्वारा किए गए विकासात्मक कार्यों और कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियां और 15 महीनों के कुप्रबंधन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जयराम ठाकुर द्वारा खोले गए संस्थान बंद कर दिए। तिलकराज शर्मा ने बताया कि 2014 से पहले देश सिर्फ घोटालों के लिए जाना जाता था। कभी 2-जी घोटाला, कभी कॉमनवेल्थ घोटाला, कभी बोफोर्स घोटाला तो कभी कोई अन्य घोटाला, लेकिन मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश की छवि को विश्व पट्टल पर चमकाने का काम किया हैं।

# सेरी मंच से करें बहस, कंगना को विक्रमादित्य की खुली चुनौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी विक्रमादित्य ने भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत को चुनौती दी है कि वह मंडी के सेरी मंच पर उनके साथ ओपन डिबेट करें और वह बताए कि हिमाचल के लिए क्या करना चाहती हैं। मंडी में विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस खुली बहस में वह भी अपना पक्ष रखेंगे कि उनका विजन मंडी संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश के प्रति क्या है।

उन्होंने कहा कि आजकल कंगना जिस भी क्षेत्र में जाती हैं, वहां की ड्रेस पहन लेती हैं, मानों फिल्म की शूटिंग हो रही हो। उन्होंने कहा कि दिखावे से लोगों के दिल नहीं जीते जा सकते। उन्होंने कहा कि वे मंडी की बेटी हैं केवल चुनावों के समय ही यह याद क्यों आई। वह बताए कि क्या आपदा के समय उन्होंने मनाली और भांबला में लोगों की किसी प्रकार की मदद की है। उन्होंने कहा कि सांसद प्रतिभा सिंह और वह आपदा के समय मंडी के लोगों के बीच रहे हैं। यहां तक कि मंडी जिला में सबसे ज्यादा राहत पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृहक्षेत्र सराज के थुनाग में बांटी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने स्वयं थुनाग का दौरा कर आपदा राहत राशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर साढ़े सात लाख रुपए की। इसके अलावा कुल्लू, मनाली, बंजार और मंडी के पंचवक्त्र मंदिर, पंडोह आदि आपदाग्रस्त इलाकों में जाकर प्रभावित लोगों की मदद की है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कंगना ने हिंदुत्व का झंडा उठाया है। मगर, उनके द्वारा दिए गए सनातन विरोधी बयानों को लेकर आरएसएस भी अपनी स्थिति स्पष्ट करे। सनातन को आहत करने वाले बयान के बाद क्या भाजपा के प्रत्याशी का समर्थन जारी रखा जाएगा।

विक्रमादित्य ने कहा कि कंगना का कहना है कि असली आजादी तो 2014 के बाद आई है। इस तरह तो वह शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु समेत अनेक शहीदों का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि कंगना इतिहास की ट्यूशन ले। ऐसे में तो वह भाजपा के पहले प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी अपमान कर रही है, जिन्होंने पोखरण धमाके करके भारत को दुनिया का परमाणु शक्ति संपन्न देश होने का गौरव दिलाया था।



मंडी में पत्रकारों से बात करते विक्रमादित्य सिंह।

### वाराणसी की तर्ज पर होगा मंडी का विकास

**विक्रमादित्य** ने मंडी संसदीय क्षेत्र और हिमाचल के लिए अपना विजन स्पष्ट करते हुए कहा कि शिवधाम के नाम पर कंकरीट का जंगल खड़ा करना उनका उद्देश्य नहीं है, बल्कि वाराणसी की तर्ज पर मंडी का विकास किया जाएगा। मंडी शहर अपने ऐतिहासिक मंदिरों के लिए विख्यात है, उनका संरक्षण एवं जीर्णोद्धार कर पर्यटन से जोड़ने के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। इसके अलावा भुभू जोत और जलोड़ी टनलों का कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं, पर आने वाले समय मंडी को भी शिमला और धर्मशाला की तर्ज पर स्मार्ट सीटी के रूप में संवारा जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौल सिंह ठाकुर, पुष्पराज शर्मा, अलकनंदा हांडा, चंपा ठाकर, विकास कपूर, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

### भाजपा पूर्व उम्मीदवारों को भूली

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि लोकसभा उपचुनाव में भाजपा ने कारगिल हीरो ब्रिगेडियर खुशहाल को टिकट दिया था, जो थोड़े से मतों के अंतर से प्रतिभा सिंह से हार गए थे। मगर, अब भाजपा कारगिल हीरों को भूल गई और मुंबई से पैराशूट के माध्यम से उम्मीदवार लाना पड़ा, जबकि पुराने कार्यकर्ताओं महेश्वर सिंह, अजय राणा आदि को भूल गई। यही नहीं, भाजपा ने पूर्व सांसद रामस्वरूप शर्मा तक को भुला दिया, जो दो बार भारी मतों से जीत कर संसद पहुंचे थे। उनकी मौत के कारणों की जांच भाजपा आज तक नहीं करवा पाई।

# योग्यता के दम पर हासिल किया मुकाम, वंशवाद के सहारे नहीं: कंगना

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**

बॉलीवुड स्टार व पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने किन्नौर जिला में अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन पूह मंडल के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया। भाजपा प्रत्याशी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है व महिलाओं के उत्थान के लिए देश में कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं।

कंगना ने कहा कि कांग्रेस एक भ्रष्ट पार्टी है, जो अंग्रेजों का बचा अंश है, उसका भी देश की जनता को मिलकर सफाया करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल देश पर शासन किया है, जिसमें देश की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे थे। अब मोदी सरकार में जाकर जनता की मूलभूत सुविधाएं पूरी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ भारत को एक विकसित भारत बनाना है तथा नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाकर देश को आगामी 5 वर्षों में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तीसरे नंबर व 2047 तक विश्व का नंबर एक राष्ट्र बनाना है।

कंगना ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य पर तंज कसते हुए कहा कि मैंने मुंबई इंडस्ट्री में अपनी योग्यता के दम पर मुकाम हासिल किया है न कि परिवार के वंशवाद के सहारे अपना नाम बनाया है। उन्होंने कहा कि अब मुझे अपनी मातृभूमि हिमाचल की सेवा करना है तथा अपनी योग्यता और आपके सहयोग से एक अच्छा सेवक बन कर कार्य करना है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य को असभ्य व्यक्ति करार देते हुए कहा कि विक्रमादित्य को अपने से बड़ों का सम्मान करना नहीं आता है और न ही उनमें अपने पिता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के अंश मात्र भी गुण है और न ही महिलाओं की इज्जत करना जानते हैं, केवल अपने माता-पिता के पैसों पर दम पर उछलना ठीक नहीं है। कंगना ने कहा कि कांग्रेस ने देश की छवि विश्व के समक्ष एक भ्रष्ट और गंदगी का ढेर वाला बना दिया था, वहीं आज नरेंद्र मोदी ने देश की छवि साफ-सुथरा व गंदगी रहित बना दिया है। आज भारत देश की छवि को विश्व से सामने एक उभरता हुआ चेहरा बना दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 वर्षों में सेना का मनोबल घटाया और कायर बना दिया था, परंतु आज देश की सेना का मनोबल नरेंद्र मोदी ने बढ़ा दिया है और आज देश की सेना दुश्मनों के घर में घुसकर मारती है।



किन्नौर में कंगना का स्वागत करते स्थानीय लोग।

### राजपरिवार ने किया किन्नौर की जनता का शोषण : सूरत नेगी

**भाजपा** प्रदेश वन विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ने बॉलीवुड में अपना डंका बजाया है और अब मंडी संसदीय क्षेत्र की सेवा करने आई हैं, जहां मंडी संसदीय क्षेत्र में राजपरिवार ने किन्नौर की जनता का शोषण किया है। वहीं, कंगना रनौत किन्नौर सहित मंडी संसदीय क्षेत्र का नाम ऊंचा और जनता की सेवा करने आई हैं। उन्होंने कहा कि कंगना ने अपनी पहचान पूरे विश्व में बनाई है। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी तो राजनीति में अपने पिता के बेसाखी के सहारे आए हैं। उन्होंने विक्रमादित्य पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में पीडब्ल्यूडी मंत्री होते हुए 15 महीने में वह कितनी बार किन्नौर आए हैं।

## कंगना रनौत और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के कार्यक्रम फ्लॉपः डॉ. सूर्या बोरस



**रिकांगपिओ।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया पेनलिस्ट एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर डॉ. सूर्या बोरस ने रिकांगपिओ में प्रेस बयान में रिकांगपिओ में आयोजित भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत व प्रतिपक्ष नेता जयराम ठाकुर के कार्यक्रम को फ्लॉप बताया है। उन्होंने कहा कि न तो नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने और न ही भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने बेरोजगारी, महंगाई सहित उन की अगले विजन पर कुछ नहीं कहा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी द्वारा किन्नौरी वेशभूषा में सज दज कर मंच पर पहुंच कर मतदाताओं को लुभाने की नाकाम कोशिश गई। अच्छा होता कि कंगना यहां की संस्कृति व परिधान को फिल्मी इंडस्ट्री में प्रमोट करतीं।

# स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने भरा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव को लेकर सोलन ब्लॉक कांग्रेस के बूथ अध्यक्षों की मीटिंग अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने की। इसमें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने विशेष रूप से भाग लिया। सभा में आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

चुनाव को लेकर आगे की रणनीति तैयार की गई। लगभग सभी बूथ अध्यक्षों ने अपने अपने सुझाव दिए की किस तरह शिमला लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी को लीड दिलाई जाए। अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया की विधानसभा के लगभग सभी बूथ अध्यक्षों ने इसमें भाग लिया। संजीव ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू की सरकार के किए हुए कार्यों को लेकर पार्टी जनता के बीच में जाएगी।

शांडिल ने भी सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरा व आने वाले चुनावों के लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कसने को कहा। शहरी कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश सूद ने भी सभा में भरोसा दिलाया की आने वाले चुनावों में विधानसभा की तर्ज पर शहर से लीड दिलाई जाएगी और इस तरह की बूथ अध्यक्षों की मीटिंग जल्द करवाई जाएगी। शांडिल ने मीटिंग में संगठन की पीठ थपथपाई।

**राजनीति**

### उपमुख्यमंत्री और उनकी बेटी आस्था के इनकार के बाद मजबूत हुई दावेदारी


# हमीरपुर से सतपाल रायजादा का नाम हो सकता है फाइनल!

**राजेश शर्मा, ऊना**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी ऊना जिले से ही होगा यह कांग्रेस नेतृत्व लगभग तय कर चुका है। ऊना सदर से पूर्व विधायक सतपाल रायजादा के नाम को पैनल में भेजा गया था, लेकिन ऐन वक्त पर सर्वे रिपोर्ट में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के परिवार का नाम आने से रायजादा द्वारा शुरू किए गए अभियान को बीच में स्थगित करना पड़ा था।

हालांकि उन्होंने संभावित प्रत्याशी होने के चलते कई विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर जनसंवाद भी शुरू कर दिया था। बता दें कि लोकसभा चुनाव लड़ने से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और उनकी बेटी आस्था के इनकार ने एक बार फिर हमीरपुर संसदीय सीट पर सतपाल रायजादा की दावेदारी को मजबूत कर दिया है। यह वर्तमान परिस्थितियों में उचित भी माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पारिवारिक परिस्थितियां ऐसी नहीं थीं, और उन्होंने स्पष्ट भी कर दिया था। हालांकि उनके परिवार के लिए यह चुनौती कठिन नहीं थी। रायजादा जो संसदीय चुनाव लड़ने का मन बना चुके थे उनको बीच रास्ते से हटाने के भी प्रदेश के आला नेता भी पक्षधर नहीं थे। अब तक बनी परिस्थितियों में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के सामने कांग्रेस सतपाल रायजादा को मैदान में उतारने का फैसला कर सकती है, जबकि केंद्रीय चुनाव समिति की दिल्ली में हुई बैठक में सतपाल रायजादा के नाम को अभी हरी झंडी नहीं दी थी। इसके चलते ही इस सीट पर चुनाव का ऑफर आस्था अग्निहोत्री को मिला था, लेकिन उन्होंने टिकट के ऑफर को परिस्थितियों का हवाला देकर स्वीकार नहीं किया था। इसके बाद उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के चुनाव मैदान में उतारे जाने को लेकर चर्चा का दौर शुरू हो गया। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने सार्वजनिक तौर पर बयान जारी कर चुनाव न लड़ने की बात कही। ऐसे में अब सतपाल रायजादा की एक बार फिर से इस दौड़ में मजबूत वापसी होती नजर आ रही है। हाईकमान का नजरिया सतपाल रायजादा पर कुछ भी रहा हो, लेकिन मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों ही रायजादा पर भरोसा जता चुके हैं। कांग्रेस की हमीरपुर और कांगड़ा टिकट पर सस्पेंस शुरू से ही बना हुआ है। हमीरपुर में हाईकमान अनुराग ठाकुर को घेरने की रणनीति प्रदेश से चाहता है, जबकि प्रदेश कांग्रेस ने यहां स्थानीय गणित पर टिकटें तय करने की राय हाईकमान के सामने रख दी है। अब देखना यह है कि कांग्रेस किसे मैदान में उतारती है। रायजादा की दो दिनों से फिर से बड़ी सक्रियता से भी स्पष्ट हो रहा है कि आने वाले समय में उनके नाम की घोषणा हो सकती है। रविवार को बंगाणा के लठियानी में भी उनकी मंच से हुंकार साफ थी कि वे भाजपा को इस संसदीय क्षेत्र से चुनौती देने को तैयार हैं।

(अनंत ज्ञान)



**सेल्फी प्वाइंट**




जोगिंद्रनगर में सोमवार को मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाते तहसीलदार डॉ. मुकुल अनिल शर्मा, जनसंपर्क विभाग अधिकारी राजेश जसवाल और एसडीएम मनीष चौधरी।

**जागरूकता अभियान**




महाराजा लक्ष्मण सेन मेमोरियल कॉलेज सुंदरनगर में आयोजित स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वीप टीम ने जागरूक किया।

# भाजपा के प्रचार में तेजी और कांग्रेस अभी देख रही है प्रत्याशी की 'राह'

## अनुराग की रोजाना आधा दर्जन चुनावी सभाएं, कांग्रेसी ऊहापोह में

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**भाजपा** ने चुनावी नुक्कड़ सभाओं से चुनावी प्रचार तेज कर दिया है। पार्टी के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर हर रोज आधा दर्जन से ज्यादा जनसभाओं को संबोधित कर कांग्रेस पर ताबड़तोड़ हमले बोल रहे हैं।

वहीं, सुजानपुर और बड़सर में उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशियों का जनसंपर्क अभियान भी जोर-शोर पर है, लेकिन विडंबना यह है कि कांग्रेस के भीतर का माहौल सुजानपुर को छोड़कर बाकी तमाम जगहों पर अजीबोगरीब मरहले में दिख रहा है। पिछले तीन दिन से अनुराग ठाकुर संसदीय क्षेत्र के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाएं कर रहे हैं। पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन कर चुके हैं। पार्टी पदाधिकारी के साथ बैठकों का आयोजन हो रहा है। पार्टी की भीतरी व्यवस्था को उन्होंने बैठकों के माध्यम से गरमा दिया है। (अनंत ज्ञान)



**बड़ा सवाल, पार्टी का कुनबा प्रचार में कब होगा शामिल**

### सुजानपुर और बड़सर से प्रत्याशी का चयन करने में अजीबोगरीब माहौल

कांग्रेस की बड़ी परेशानी लोकसभा उम्मीदवार का ऐलान नहीं होना तो है ही, उपचुनाव के लिए सुजानपुर के बाद बड़सर में वह प्रत्याशी का चयन करने में अजीबोगरीब माहौल में दिख रही है। भाजपा के प्रत्याशी आईडी लखनपाल क्षेत्र में सक्रिय हो चुके हैं और उनकी नुक्कड़ सभाएं व बैठकें लगातार जारी हैं। सीएम के गृह जिले और संसदीय क्षेत्र में प्रत्याशियों का ऐलान ही रुका हुआ है। पार्टी का कुनबा प्रचार की रफ्तार में कब शामिल होगा। भाजपा के पोस्टर बैनर अब जगह-जगह दिखने लगे हैं। कार्यकर्ता, पदाधिकारी और बूथ स्तर के लोग सभी चुनावी सिस्टम में ढल चुके हैं। उसका संगठनात्मक ढांचा अच्छा खासा सक्रिय है, जबकि कांग्रेस का ढांचा सीएम और बड़े नेताओं की ओर 'टकटकी' लगाए हुए है।

### भोरंज-नादौन को छोड़कर सुजानपुर व बड़सर का दौरा करें सीएम

**चर्चा** हो रही है कि मुख्यमंत्री का दौरा भोरंज और नादौन को छोड़कर सुजानपुर और बड़सर में होना चाहिए। जहां पर उपचुनाव के माहौल में गर्माहट आ सके और पार्टी का कुनबा हलचल में दिखना शुरू हो जाए। प्रदेश सरकार के लिए सबसे अहम विधानसभा उपचुनाव क्षेत्र है और संसदीय क्षेत्र के लिए पार्टी ने अभी प्रत्याशी का ऐलान नहीं किया है, इसलिए जहां प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। वहां पार्टी के अमले को नई दशा-दिशा के साथ चुनावी माहौल में ढालने का प्रयास होना चाहिए, जिसकी इस समय पार्टी वर्कर जरूरत महसूस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का सोमवार से भोरंज विधानसभा क्षेत्र में दो दिवसीय दौरा शुरू होना था, लेकिन खराब मौसम की वजह से यहां नहीं पहुंच पाए। इस कारण उनकी चुनावी जनसभाएं रद्द हो गईं। सीएम का मंगलवार को उनके अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन का दौरा तय है, लेकिन मौसम खराब रहा तो फिर मुख्यमंत्री आएंगे या नहीं, इस पर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

कांग्रेस के विजयइंद्र कर्ण और देवेंद्र जग्गी ने लगाए आरोप

# सुधीर शर्मा खो चुके थे विश्वास इसलिए नहीं मिली जिम्मेदारी

कपिल पंडित, धर्मशाला



देवेंद्र जग्गी



विजय इंद्र कर्ण

**पूर्व** मंत्री स्व. पंडित संतराम की विरासत को पूर्व विधायक सुधीर शर्मा ने कलंकित किया है। सुधीर के भाजपा में जाने पर स्व. संतराम की आत्मा भी रो रही होगी। संतराम ने अपनी विरासत सुधीर को सौंपते समय यह कभी सोचा नहीं होगा कि उनका बेटा यह गुल खिलाएगा। सुधीर कांग्रेस में रहते पार्टी हाईकमान का विश्वास खो चुके थे, इसलिए उन्हें सरकार में कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी।

यह बात धर्मशाला से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजयइंद्र कर्ण और पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने कही। उन्होंने कहा कि धर्मशाला की जनता का सुधीर से विश्वास उठ चुका है। वह अपनी विश्वसनीयता खो चुके हैं, उनके कारनामे ऐसे हैं कि क्षेत्र की जनता शर्मसार है। (अनंत ज्ञान)

### किसी को भी दे सकते हैं धोखा

भाजपा को अपना ईमान बेचकर सुधीर ने साबित कर दिया कि वह कभी भी किसी को धोखा दे सकते हैं। पार्टी को पहले भी धोखा दिया था, जब उपचुनाव लड़ने से पीछे हट गए थे। सुधीर की राजनीति शुरू से ही स्वार्थ की रही है। वह जनहित के लिए नहीं, निजी फायदे की राजनीति करते हैं। यही कारण है कि कांग्रेस सरकार के सवा साल के कार्यकाल में उन्होंने धर्मशाला स्मार्ट सिटी के काम में तेजी लाने के लिए कोई प्रयास नहीं किए।

### सुधीर किसी भी जिम्मेदारी के काबिल नहीं

**सुधीर** अब किसी जिम्मेदारी काबिल नहीं हैं। लोगों ने उन्हें बड़ी उम्मीदों के साथ धर्मशाला का विधायक बनाया था, लेकिन उन्होंने लोगों के काम करवाने के बजाय खुद की महत्वकांक्षाओं को तवज्जो देते हुए 14 महीने में ही खुद को भाजपा की राजनीतिक मंडी में बेच दिया। जनता अब उन्हें दोबारा विधायक नहीं बनाएगी। जनता को जनसेवक चाहिए, धनसेवक नहीं। लोगों ने बिकाऊ कांग्रेस के पूर्व विधायकों को सबक सिखाने का मन बना लिया है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व बिकाऊ विधायकों को 4 जून को तसल्ली हो जाएगी।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



मंडी सांसद निष्पक्ष और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने वाला होना चाहिए। रोजगार, चिकित्सा, कृषि बागवानी, शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करे। आम आदमी की बात सुने और समस्याओं का हल करे। सांसद केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता को देने के अलावा इसका लाभ भी दिलवाए। **बृजलाल, (छातर सुंदरनगर)**



मंडी सांसद ऐसा होना चाहिए, जो धर्म, प्रांत, जाति या भाषा के आधार पर राजनीति न करे। उसके लिए हर व्यक्ति समान हो, जो जनता के प्रति जवाबदेह हो। मुझे ऐसा नेता चाहिए जो इन सभी की समस्याओं के बारे में सचेत रूप से सोच-समझ सके और उन्हें दूर करने की दिशा में काम करके दिखाए। **निशि, मंडी।**



आज सबसे बड़ा मुद्दा सुरक्षा का है। विश्व में कई देशों में तनाव चल रहा है बावजूद इसके भारत खुद को सुरक्षित महसूस करता है। देश को ईमानदार और सशक्त सरकार की आवश्यकता है। ऐसी पार्टी और नेता को वोट दिया जाना चाहिए जो देश के नागरिकों की रक्षा और सीमा ऑन की सुरक्षा की गारंटी दे। **रोहित शर्मा (बड़सर)**



लोग अपने मन में अपने सांसद की छवि अपने विचारों और आकांक्षाओं के अनुसार बनाए हुए हैं। हमारा सांसद विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए आवाज उठाए। हमारी नष्ट होती सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा और उनके पुरातन स्वरूप में उन्हें दोबारा लाने के लिए प्रयास करना चाहिए। **प्रो. हर्ष कुमार, मंडी।**



मेरा जन प्रतिनिधि पूरी तरह से ईमानदार हो और साफ सुथरी छवि का हो। पढ़ा लिखा और काबिल हो, ताकि जनता की समस्याओं को अच्छे से समझ सके। हमें चंद रुपए में बिकने वाले नेताओं को वोट करने से परहेज करना होगा। **कर्ण सिंह, (ओथांग, लाहौल स्पीति)**



हमरा जनप्रतिनिधि जनता की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पूरा करने की क्षमता रखता हो और साथ ही बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समान व्यवहार और आचरण रखता हो। भ्रष्ट नेताओं को वोट देकर अपना वोट खराब नही करूंगा। **अरुण राश्पा, (शमशी, कुल्लू)**



लोकसभा चुनाव में मंडी संसदीय क्षेत्र से चुने जाने वाले सांसद का दृष्टिकोण सभी वर्ग के जाति, धर्म, युवा व महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा व कद्र करने वाला ईमानदार व्यक्तित्व का धनी हो, पर्यावरण व प्रकृति में रूचि रखने वाला भी हो। पर्यावरण और भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल ही विकास के मापदंड स्थापित करने वाला होना चाहिए। **महेश पुरी, मंडी।**



युवा बेरोजगारों में एक असुरक्षा की भावना आ चुकी है। रोजगार न मिलने से कई युवा मजदूरी कर रहे हैं। युवाओं के प्रति ईमानदार सोच रखने वाले प्रत्याशी को वोट दिया जाएगा। युवाओं को भी चुनाव के समय पूरे विवेक का इस्तेमाल करके मताधिकार का उपयोग करना चाहिए। **रोहित (ऊना)**



महिलाओं के हित की बात करने वाले, देश में सौहार्द कायम रखने वाले दल को समर्थन किया जाएगा। देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है, ऐसे में सभी राजनीतिक दलों को मुख्य मुद्दों पर बात करनी चाहिए। **डॉ. कपिल देव भरवाल (ऊना)**

# भाजपा हमेशा रही है किसान विरोधी, चुनाव में मिलेगा जवाब

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा और भुवनेश्वर गौड़ ने साधा निशाना**

**कांग्रेस** विधायक हरीश जनारथा एवं विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि भाजपा किसान एवं बागवान विरोधी पार्टी है।

भाजपा ने लोकसभा चुनाव में वादा किया था कि विदेशी सेब पर आयात शुल्क को दोगुना किया जाएगा, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे घटाकर 35 प्रतिशत कर दिया, जिससे प्रदेश के बागवानों के साथ कुठाराघात हुआ है।

विदेशी सेब के बाजार में आने से हिमाचल प्रदेश की 5 हजार करोड़ रुपए की सेब अर्थव्यवस्था संकट में आ गई है, जिसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है। बागवानों को कोल्ड स्टोर में रखे गए सेब के भी उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। विदेशी सेब आने से आज प्रदेश के सेब बागवानों को प्रति पेटी 800 से 1200 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार ने किसानों एवं बागवानों के हित में अनेकों निर्णय लिए हैं, ताकि उनका आर्थिक तौर पर सशक्त किया जा सके। प्रदेश के इतिहास में पहली बार सेब की बिक्री किलोग्राम के आधार पर पिछले सीजन से आरंभ कर दी गई है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने पिछले सीजन में सेब के समर्थन में डेढ़ रुपए की ऐतिहासिक बढ़ोतरी कर इसे 12 रुपए प्रति किलो किया था।

वर्तमान सरकार ने कीटनाशकों एव उर्वरकों पर मिलने वाली सब्सिडी को भी बहाल कर प्रदेश के लाखों सेब बागवानों को बड़ी राहत दी है, जिसे पिछले भाजपा सरकार के कार्यकाल में बंद कर दिया गया था।

मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल ने भाजपा पर बोला हमला

# जयराम का सीएम कुर्सी से नहीं हुआ मोहभंग, कथनी और करनी में अंतर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला





**कांग्रेस** नेता एवं मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर में अगर नैतिकता होती तो सत्ता में रहते हुए उपचुनाव में चारों सीटें हारने के तुरंत बाद इस्तीफा दे देते।

जयराम ने चारों सीटें हारने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है, लेकिन मुख्यमंत्री की कुर्सी से उनका मोहभंग नहीं हुआ। अक्तूबर, 2021 में भाजपा ने सत्ता में रहते हुए मंडी लोकसभा सीट के साथ-साथ अर्की, जुब्बल-कोटखाई और फतेहपुर विधानसभा सीटों के उपचुनाव हारे, तो जयराम ठाकुर की नैतिकता कहां थी। जयराम की कथनी और करनी में जमीन- आसमान का अंतर है और वह सत्ता के लोभ में किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं।

**उपचुनाव में सभी सीटें हारने का रिकॉर्ड जयराम के नाम**

### सीएम सुक्खू ने लिए कई ऐतिहासिक निर्णय

**वर्तमान** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने मात्र सवा साल के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। सरकार का एकमात्र उद्देश्य हिमाचल प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग का कल्याण हो सके। सरकार की इसी सोच और मेहनत का लाभ आम आदमी को मिल रहा है।

### हवा-हवाई बातें करते हैं जयराम ठाकुर

**कांग्रेस** नेताओं ने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर हवा-हवाई बातें करते हैं और उनमें नैतिकता नाम की कोई भी चीज नहीं है। लोगों को गुमराह करने में लगे रहते हैं और सिर्फ सत्ता के लोभी हैं। हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता लाने का प्रयास जयराम ठाकुर के लोभ का नतीजा है। धन-बल के माध्यम से भाजपा ने जनादेश की खरीद-फरोख्त करने का प्रयास किया, जिसे हिमाचल प्रदेश की जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण ही प्रदेश के मतदाताओं ने 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था, लेकिन भाजपा नेता इस जनादेश को स्वीकार नहीं कर पाए, इसीलिए भाजपा ने पैसों के दम पर जनादेश को खरीदने का प्रयास किया है।

# विधानसभा अध्यक्ष स्वीकार करें हमारा इस्तीफा : केएल ठाकुर



**बोले- प्रदेश हित में होगा स्पीकर का फैसला**

**बीबीएन।** नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष को लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्रों को स्वीकार करना चाहिए, ताकि लोकसभा के चुनाव के साथ ही तीनों विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव हो जाए।

लोकसभा के साथ चुनाव होने से सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा और बार-बार आचार संहिता नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि स्वेच्छा से 22 मार्च को विधानसभा सचिव व अध्यक्ष को स्वयं मिलकर त्यागपत्र सौंपे थे, जिसकी फोटो कॉपी राज्यपाल को दी थी। इसके बाद रिमाइंडर भी दिया था और धरने पर भी बैठे, लेकिन फिर भी त्यागपत्र स्वीकार नहीं किया गया।

इसके चलते मजबूरन अदालत में जाना पड़ा है, जिसकी प्रक्रिया चली हुई है, लेकिन अदालत ने अध्यक्ष की ओर से त्यागपत्र स्वीकार करने पर कोई रोक नहीं लगाई है, इसलिए विधानसभा अध्यक्ष को बिना किसी और विलंब के त्यागपत्रों को स्वीकार करना चाहिए। यह फैसला जनहित व प्रदेश हित में होगा।

**निशाना** प्रदेश सरकार की झूठी गारंटियां बनेंगी हार का कारण, भाजपा करेगी 400 का आंकड़ा पार

# लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में जनता करेगी हिसाब

अनंत ज्ञान, बिझड़ी

**प्रदेश** कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियां उपचुनाव में हार का कारण बनेंगी और भाजपा जीत हासिल करेगी। यह बात जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा और प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने मैहरे में प्रेसवार्ता में कही।

इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पहली बार 400 पार का आकड़ा पार करेगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिले के विधायकों की अनदेखी की है। राज्यसभा चुनाव में जब हमने हिमाचल के अपने व्यक्ति को वोट डाला, तो हमें बिना कुछ समय दिए ही विधानसभा से निष्कासित कर दिया।

इसके चलते 9 विधायकों को भाजपा की शरण लेने पड़ी। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में हमें टिकट देकर मैदान में उतारा है। इसके लिए हम भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आभारी हैं। एक साल पहले बड़सर विधानसभा की लगभग 400 करोड़ रुपए की परियोजनाएं प्रस्तावित थीं, लेकिन उन पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से लेटलतीफी की। बड़सर विधानसभा के लिए महत्वाकांक्षी पेयजल योजना जो गोबिंदसागर से उठाई जानी थी, उसकी भी सारी फाइल तैयार की थी, लेकिन उस पर भी अड़चने पैदा की गईं।



मैहरे में प्रेसवार्ता करते जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा और प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल।

### कांग्रेस ने गरीबों का उड़ाया मजाक

**लखनपाल** ने कहा कि कामगार कल्याण बोर्ड को भंग कर सरकार ने गरीबों के साथ मजाक ही किया है और पूर्व जयराम सरकार के समय में की गई योजनाओं को भी डिनोटिफाई कर दिया। आगामी लोकसभा व विधानसभा के उपचुनाव में जनता इसका हिसाब करेगी। इस दौरान पूर्व में तीन बार विधायक रहे बलदेव शर्मा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ बूथ स्तर पर अभियान चलाए हुए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की ओर से पूरे संसदीय लोकसभा क्षेत्र में करीब 25 मैदान बनाए जा रहे हैं, जिससे युवाओं का खेलों के प्रति रुझान बढ़ रहा है।

# खराब मौसम बना सीएम दौरे की बाधा, लोगों ने छाते लेकर सुना विधायक का संबोधन

अनंत ज्ञान, जाहू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का भोरंज विधानसभा क्षेत्र का दौरा प्रस्तावित था, लेकिन खराब मौसम के कारण स्थगित करना पड़ा। मुख्यमंत्री ने तीन जनसभाओं को संबोधित करना था। लोग सुबह से ही जुटने शुरू हो गए थे।

इस दौरान भोरंज विधायक सुरेश कुमार व पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया ने जनसभा में पहुंच कर लोगों को संबोधित किया। भारी बारिश के बावजूद लोग छाते लेकर विधायक का भाषण सुनते रहे। लोगों ने विधायक से मिलकर अपनी समस्याएं भी सुनाई। जनसभा में महिलाओं की संख्या बहुत ज्यादा थी और सभी ने छाता लेकर विधायक के भाषण को सुना। इस अवसर पर रामचंद्र पठानिया, विजय बनयाल, सुभाष जैलदार, राजीव मैहर, विजय डोगरा, राजकुमार, शम्मी कुमार, ऊषा बनयाल, बीना देवी, उमा शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।




भोरंज में बारिश में छाता लेकर विधायक सुरेश का संबोधन को सुनते लोग।

### 2 मई को भरमौर आएंगे सीएम सुक्खू

**भरमौर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व मंडी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह 2 मई को भरमौर का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री हेलिकॉप्टर के माध्यम से भरमौर पहुंचेंगे और यहां पर भरमौर जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री का भरमौर दौरा कुछ घंटे का रहेगा, उसके बाद वह भरमौर से करसोग के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य के पक्ष में वोट मांगेंगे।

ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्। मम वर्त्मानुवर्तन्ते मनुष्या पार्थ सर्वशः ।।

**अर्थात**- हे अर्जुन। जो मनुष्य मुझे जिस प्रकार भजता है यानी जिस इच्छा से मेरा स्मरण करता है, उसी के अनुरूप मैं उसे फल प्रदान करता हूं। सभी लोग सब प्रकार से मेरे ही मार्ग का अनुसरण करते हैं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 30 अप्रैल 2024



# सुंदरता का प्रतिक गुलाब

***फूलों*** *में गुलाब सौंदर्यता का प्रतीक माना जाता है। ये पुष्प देखने में खूबसूरत तथा मोहक सुगंध वाले होते हैं। इसलिए मंदिरों में भगवान का श्रृंगार करने में इनका विशेष प्रयोग किया जाता है। घर के पूजा-पाठ में भी इनका प्रयोग होता है। यदि कोई जातक अपनी मनोकामना पूर्ण करना चाहता है, तो उसके लिए गुलाब का फूल एक वरदान साबित हो सकता है।*

1. किसी भी शुक्ल पक्ष के प्रथम मंगलवार को ताजे गुलाब के फूल बजरंगबली पर 11 की संख्या में चढ़ाएं। ऐसा लगातार 11 मंगलवार तक करने पर बजरंगबली प्रसन्न होकर साधक की मनोकामना पूर्ण करते हैं।
2. मंगलवार की सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर सिंदूरी वस्त्र धारण करें तत्पश्चात हनुमान जी के मंदिर में जाकर 11 गुलाब के फूल उनकी मूर्ति पर चढ़ाएं। घी का दीपक जलाकर बजरंगबली के शरीर में थोड़ा सा सिंदूर लगाएं तथा मन ही मन हनुमान जी से प्रार्थना करें कि हे प्रभु मेरी मनोकामना पूर्ण कर मुझ पर कृपा दृष्टि बनाएं रखें। उसके बाद निम्न मंत्र की एक माला जाप करें। ऊँ ऐं हनुमते रामदूताय नमः।
3. जिस व्यक्ति के कार्यों में बाधाएं आती हों, कार्य होते रुक जाते हों, ऐसे जातक को गुलाब का यह उपाय करना लाभप्रद साबित होगा। पूर्णिमा के दिन 3 गुलाब और 3 बेला अथवा चमेली के पुष्प सुबह स्नानादि से निवृत्त होकर किसी नदी में विसर्जित करना चाहिए। इस प्रयोग को 5 पूर्णिमा लगातार करने पर अच्छे परिणाम मिलने प्रारंभ हो जाएंगे।
4. वैसे तो घर में वास्तु के अनुसार कांटेदार वृक्ष लगाना अशुभ माना जाता है, परंतु गुलाब का पौधा इसका अपवाद है। गृह में पूर्व की दिशा में गुलाब का पौधा लगाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होकर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश करती है। बेडरूम में यदि गुलाब के फूल रखें जाए तो वैवाहिक जीवन में परस्पर प्रेम बना रहता है।





# वरूथिनी एकादशी

## दस हजार वर्ष तप करने के बराबर वरूथिनी एकादशी व्रत

**शास्त्रों में कहा गया है कि हाथी का दान घोड़े के दान से श्रेष्ठ है। हाथी के दान से भूमि दान, भूमि के दान से तिलों का दान, तिलों के दान से स्वर्ण का दान तथा स्वर्ण के दान से अन्न का दान श्रेष्ठ है। अन्न दान के बराबर कोई दान नहीं है। अन्न दान से देवता, पितर और मनुष्य तीनों तृप्त हो जाते हैं। शास्त्रों में इसको कन्यादान के बराबर माना है। वरूथिनी एकादशी के व्रत से अन्न दान तथा कन्यादान दोनों के बराबर फल मिलता है...**

वरूथिनी एकादशी व्रत चार मई को किया जाएगा। यह व्रत वैशाख कृष्ण पक्ष की एकादशी को किया जाता है। पद्मपुराण में वरूथिनी एकादशी के बारे में कहा गया है कि भगवान श्रीकृष्ण युधिष्ठिर के पूछने पर की वैशाख माह के कृष्णपक्ष की एकादशी का फल एवं माहात्म्य क्या है, तो उनके इस कथन पर भगवान उन्हें कहते हैं कि हे धर्मराज! लोक और परलोक में सौभाग्य प्रदान करने वाली है वरूथिनी एकादशी। इस दिन व्रत करने से साधक को लाभ की प्राप्ति होती है तथा उसके पापों का नाश संभव हो जाता है। यह एकादशी भक्त को समस्त प्रकार के भोग एवं मोक्ष प्रदान करने वाली होती है।

### कथा

**धर्मराज** युधिष्ठिर बोले कि हे भगवन! वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी का क्या नाम है, उसकी विधि क्या है तथा उसके करने से क्या फल प्राप्त होता है। आप विस्तारपूर्वक मुझसे कहिए, मैं आपको नमस्कार करता हूं। श्रीकृष्ण कहने लगे कि हे राजेश्वर! इस एकादशी का नाम वरूथिनी है। यह सौभाग्य देने वाली, सब पापों को नष्ट करने वाली तथा अंत में मोक्ष देने वाली है। इसी वरूथिनी एकादशी के प्रभाव से राजा मान्धाता स्वर्ग को गया था। वरूथिनी एकादशी का फल दस हजार वर्ष तक तप करने के बराबर होता है। कुरुक्षेत्र में सूर्यग्रहण के समय एक मन स्वर्ण दान करने से जो फल प्राप्त होता है वही फल वरूथिनी एकादशी के व्रत करने से मिलता है। वरूथिनी एकादशी के व्रत को करने से मनुष्य इस लोक में सुख भोग कर परलोक में स्वर्ग को प्राप्त होता है। शास्त्रों में कहा गया है कि हाथी का दान घोड़े के दान से श्रेष्ठ है। हाथी के दान से भूमि दान, भूमि के दान से तिलों का दान, तिलों के दान से स्वर्ण का दान तथा स्वर्ण के दान से अन्न का दान श्रेष्ठ है। अन्न दान के बराबर कोई दान नहीं है। अन्न दान से देवता, पितर और मनुष्य तीनों तृप्त हो जाते हैं। शास्त्रों में इसको कन्यादान के बराबर माना है। वरूथिनी एकादशी के व्रत से अन्न दान तथा कन्यादान दोनों के बराबर फल मिलता है। जो मनुष्य लोभ के वश होकर कन्या का धन लेते हैं वे प्रलयकाल तक नरक में वास करते हैं या उनको अगले जन्म में बिलाव का जन्म लेना पड़ता है। जो मनुष्य प्रेम एवं धन सहित कन्या का दान करते हैं, उनके पुण्य को चित्रगुप्त भी लिखने में असमर्थ हैं, उनको कन्यादान का फल मिलता है।

# रत्नों की श्रेष्ठता

## रत्नों की श्रेष्ठता प्रमाणित करने में उसके मुख्यतः तीन गुण हैं-

**1** रत्नों की अदभुत सौंदर्यता

**2** रत्नों की दुर्लभता

**3** रत्नों का स्थायित्व

***मनुष्य*** *विकसित होने के साथ-साथ रत्नों की तरफ भी अधिक आकर्षित हो गया है। अतः रत्नों को विभाजित करते समय विशेष रूप से तीन बातों का ध्यान रखा जाता है कि प्राप्त रत्न निम्नलिखित तीन में से किस प्रकार का है? पारदर्शी है, अल्पपार दर्शक है अथवा अपारदर्शक है।*

**ऋग्वेद** के प्रथम श्लोक में ही जो रत्न घातमम् शब्द आया है, इसका अर्थ आधिभौतिक के अनुसार अग्नि रत्नों या पदार्थों के धारक अथवा उत्पादक से है। अतः यह सुस्पष्ट है कि रत्नों की उत्पत्ति में अग्नि सहायक है तथा आधुनिक वैज्ञानिक भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि अधिकांशतः रत्न किसी न किसी रूप में ताप प्रक्रिया अर्थात अग्नि के प्रभाव के कारण ही हैं। जब विभिन्न तत्व रासायनिक प्रक्रिया के द्वारा आपस में मिलते हैं-बनते हैं। जैसे स्फटिक, मणिभ, क्रिस्टल आदि। स्थान भेद से विविध रासायनिक तत्वों के संयोग के कारण ही रत्नों में रंग, रूप, कठोरता व आभा का अंतर होता है। खनिज रत्नों में मुख्यतः निम्न तत्वों का संयोग होता है। कार्बन, एल्यूमीनियम, बेरियम, बेरिलियम, कैल्शियम, तांबा, हाइड्रोजन, लोहा फास्फोरस, मैंगनीज, पोटेशियम, गंधक, सोडियम, टिन, जस्ता, जिर्केनियम आदि। जिस प्रकार रुद्राक्ष की उत्पत्ति ब्रह्मा के अश्रु द्वारा, ज्वर की उत्पत्ति भगवान शिव के क्रोध द्वारा धर्मग्रंथों में वर्णित है, ठीक उसी प्रकार रत्नों की उत्पत्ति का भी अपना वैदिक इतिहास है।



### प्रत्यंगों से उत्पन्न हुए

1 **हीरा:** यह रत्न राजाबलि के मस्तक से उत्पन्न हुआ जो कि सभी रत्नों में श्रेष्ठ माना जाता है।
2. **माणिक्य:** यह बलि के रक्त से उत्पन्न हुआ है जो कि पृथ्वी पर गिरा।
3. **प्रवाल:** यह राजा बलि का मस्तक फटने पर जो रक्त समुद्र में गिरा उससे उत्पन्न हुआ।
4. **मोती:** यह बलि के मन से प्रकट हुआ।
5. **पन्ना:** यह राजा बलि के पित्त के पृथ्वी पर गिरने से उत्पन्न हुआ।
6. **नीलम:** इसकी उत्पत्ति बलि के नेत्र से हुई।
7. **गोमेद:** यह रत्न बलि के मेदा से उत्पन्न हुआ।
8. **लहसुनिया:** यह राजा बलि के जनेऊ से उत्पन्न हुआ।
9. **पुखराज:** यह रत्न राजा बलि के मांस से उत्पन्न हुआ।
10. **फिरोजा:** यह राजा बलि की नसों से उत्पन्न हुआ।
11. **चंद्रकांत:** यह राजा बलि के नेत्रों के प्रकाश से उत्पन्न हुआ।

**इसी** प्रकार 84 में से शेष रत्न व मणियां राजा बलि के विभिन्न अंगों के पृथ्वी पर गिरने से उत्पन्न हुए। ये सब मृत्युलोक के रत्न हैं।



**विभा शर्मा, ज्योतिषाचार्य**
**शारदा ज्योतिष निकेतन।**

# नवग्रह देंगे उत्तम फल

## विधिपूर्वक किया गया अनुष्ठान तत्काल होता है फलीभूत

**प्रारब्ध** के कारण यदि नवग्रह अनुकूल फल न दे रहे हों, तो प्रतिदिन हरि नाम की 100 माला जप करें और सात्विक उपाय कर उत्तम फल प्राप्त करें, लेकिन ध्यान रहे प्रतिदिन 100 माला हरि नाम का जप न करने पर उपायों का कोई फल प्राप्त नहीं होता है। क्योंकि प्रारब्ध का भोग बिना हरि नाम के नहीं कट सकता है। उपाय करने के 40 दिन पूर्व और 9 दिन उपाय करने उपरांत 40 दिन तक नियमपूर्वक संयम, सात्विक और ब्रह्मचर्य में रहें। इसके साथ ही भगवत और भागवत अपराध न बने इसके लिए हमेशा सतर्क रहें।



**सूर्य:** सूर्य ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर कमल के फूलों से शैलपुत्री भगवती का पूजन करें। पूजन पश्चात आक के वृक्ष को पानी से सींचें। गुड़ लाल गाय को खिलाएं।

**चंद्र:** चंद्र ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक दही का तिलक लगकार श्वेत पुष्पों से ब्रह्मचारिणी देवी का पूजन करें व श्वेत वस्त्र अर्पित करें। माता को श्वेत चंदन का तिलक लगाएं। पूजन के पश्चात पलाश के वृक्ष को चांदी के पात्र में पानी लें उसमें दही डाल सींचें। तत्पश्चात मिश्री श्वेत बैल को खिलाएं। ऐसा करने से जातक को समस्त सुख प्राप्त होंगे।

**मंगल:** मंगल ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर लाल कनेर के पुष्पों से चंद्रघंटा देवी का पूजन करें व लाल वस्त्र अर्पित कर लाल चंदन से देवी को तिलक करें। तत्पश्चात खैर के वृक्ष को तांबे के पात्र में पानी लेकर उसमें घी मिलाकर सींचें। उसके बाद गुड़ लाल बैल को खिलाएं। राज्य में वैभव बढ़ेगा।

**बुध:** बुध ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक घी का तिलक लगाकर सभी रंगों के पुष्पों से कूष्मांडा देवी का पूजन करें व हरा वस्त्र अर्पित कर नाना प्रकार के फल देवी को भेंट करें। इसके बाद अपामार्ग के पौधे को कांस्य के पात्र में जल लेकर उसमें घी डालकर सींचें। तत्पश्चात शक्कर गाय को खिलाएं। ऐसा करने से अनेक लाभ प्राप्त होंगे।

**गुरु:** गुरु ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक केसर का तिलक लगाकर पीले फूलों से स्कंदमाता का पूजन करें व पीला वस्त्र अर्पित कर पीले फल देवी को समर्पित करें। पीपल के पेड़ को कांस्य पात्र में जल लेकर उसमें लाल शहद डाल कर सींचें। शहद अश्व को चटाएं या खिलाएं। ऐसा करने से देवी विद्या, धन व सुंदर रूप प्रदान करती है।

**शुक्र:** शुक्र ग्रह की महादशा या अंतर्दशा में साधक दूध का तिलक लगाकर अक्षत व सुगंधित द्रव्यों से कात्यायिनी देवी का पूजन करें व देवी को हीरा भेंट स्वरूप चढ़ाएं। हीरे के अभाव में जरकन आदि चढ़ा सकते हैं। इसके बाद गूलर की बेल को चांदी के पात्र में जल लेकर उसमें चावल दही व अन्य द्रव्य डाल कर सींचें। तत्पश्चात मिश्री श्वेत घोड़े को खिलाएं। ऐसा करने से देवी राजनीति क्षेत्र में सफलता प्रदान करेगी व भू-संपत्ति दिलाएगी।

**शनि:** शनि ग्रह की महादशा व अंतर्दशा में साधक तेल का तिलक लगाकर काले पुष्पों से कालरात्रि देवी की पूजा करें व काले वस्त्र अर्पित करें। इसके बाद शमी के वृक्ष को लोहे के पात्र में जल लेकर उसमें तेल व थोड़े से उड़द डालकर सींचें। तत्पश्चात भैंसे को कुलथी की दाल खिलाएं।

**राहु:** राहु ग्रह में साधक सरसों के तेल का तिलक कर महागौरी देवी की कृष्ण पुष्पों से पूजा करें व खड़ग माता को भेंट करें। इसके बाद दूर्वा को नारियल के खोपे में जल लेकर उसमें धनिया (सूखा) डालकर सींचें तथा सीसा, गोमेद व कंबल धर्मस्थान में दान दें। तत्पश्चात काले घोड़े को तेल पिलाएं।

**केतु:** केतु ग्रह की महादशा व अंतर्दशा में साधक कड़वे तेल का तिलक लगाकर सिद्धिदात्री देवी का धूम्र पुष्पों से पूजन करें व देवी को शस्त्र व ध्वज प्रदान करें। इसके पश्चात कुशा को नारियल के खोपे में जल डालकर उसमें केसर डालकर सींचें तथा बकरे को सरसों का तेल पिलाएं और सप्तधान्य दान करें। ऐसा करने से देवी समस्त अभिलाषाएं पूर्ण करती है।

**-अनिल शर्मा, नौबाही (मंडी)**

# सूर्य के तेज से प्रभावहीन हुए ग्रह कहलाते हैं अस्त

**सूर्य ग्रहों के राजा हैं और सूर्य को सबसे शक्तिशाली ग्रह की संज्ञा प्राप्त है। वैदिक ज्योतिष के कई महत्वपूर्ण सूत्र हैं और अस्त ग्रहों के बारे में भी विस्तार से बताया गया है। दरअसल कोई ग्रह जब सूर्य के इतना निकट चला जाए कि वो सूर्य के तेज और ओज से प्रभावहीन हो जाए, तो ऐसे ग्रह को अस्त ग्रह कहा जाता है। माना जाता है कि वो शुभ फल नहीं देता है। ऐसे ग्रह कुपित ग्रह कहलाते हैं और माना जाता है कि इनकी दशा अंतर्दशा में इनका शुभ फल प्राप्त नहीं होता है। सूर्य के अलावा बाकी सभी ग्रहों के अस्त होने का दोष लगता है जिनकी जानकारी निम्नलिखित है।**

### कोई भी ग्रह कब अस्त होगा

चंद्रमा 12 अंश पर, मंगल 7 अंश पर, बुध 13 अंश पर, गुरु 11 अंश पर, शुक्र 9 अंश पर और शनि 15 अंश पर अस्त होते हैं यानी कि अगर कोई भी ग्रह सूर्य की परिधि में इतने अंश तक आ गया तो वो अस्त हो जाता है। जैसे शुक्र 8 डिग्री का और सूर्य 14 डिग्री का एक ही भाव में हो तो दोनों में सिर्फ 6 डिग्री का अंतर आया यानी कि वो अब अस्त ग्रह हो गया। अब ऐसा ग्रह अपने कारक का शुभ फल प्रकट नहीं कर पाता है। हालांकि बुध सदैव सूर्य के समीप ही रहता है, इसलिए कहा जाता है कि बुध के लिए 3 डिग्री को माना जाना चाहिए। अगर कोई भी ग्रह सूर्य के साथ है और उससे 15 डिग्री के फासले पर है तो वो पूर्ण उदित हुआ और अगर फासला सिर्फ 8 डिग्री का है तो वो मध्यम हुआ और अगर फासला 7 डिग्री से कम है तो ऐसा ग्रह बुध को छोड़कर अस्त होता है।



### अस्त ग्रह का फल क्या होता है

**चंद्रमा:** ऐसा सिर्फ अमावस के समय ही होगा। अगर चंद्रमा अस्त हुआ तो जातक को मां के सुख में कमी और संपत्ति मिलने में देरी होगी।

**मंगल:** अगर मंगल सूर्य से अस्त हुआ तो साहस में कमी और प्रॉपर्टी से फायदा नहीं होगा। जिस भी धंधे में जाएगा नुकसान ही होगा।

**बुध:** इस ग्रह को अस्त होने का दोष नहीं होगा फिर भी ये देखा गया है कि अस्त होने के बाद यह ग्रह कोई खास लाभ नहीं देता है। त्वचा विकार और सम्मान की हानि होती है।

**गुरु:** अगर गुरु सूर्य से अस्त हो जाए तो चरित्र पर लांछन लगते हैं। ऐसा व्यक्ति स्वयं को सदैव सच्चा साबित करने की कोशिश करता रहता है। ज्ञानी होने के बाद भी उच्च पद नहीं मिलता है।

**शुक्र:** अगर कुंडली में शुक्र अस्त हुआ तो काम पूरे होने में बाधा आती है। पत्नी सुख में कमी और यौन रोग की संभावना होगी।

**शनि:** अगर किसी जातक की कुंडली में शनि अस्त हो तो सरकारी कार्यों में बाधाएं आती हैं। जितना पैसा आएगा उससे अधिक चला जाएगा। सदैव सम्मान की कमी महसूस होगी।

### शुक्र अस्त

शुक्र तारा 25 अप्रैल 2024 को सुबह 5.19 पर अस्त हो गया है। शुक्र का उदय 29 जून 2024 को रात 7.52 मिनट पर पर होगा। करीब 66 दिनों के लिए विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, उद्यापन आदि मांगलिक कार्य पर रोक लगी रहेगी।

### शुक्र अस्त का अर्थ

सौरमंडल के नवग्रहों में शुक्र का विशेष महत्व है। शुक्र को आकाश में सबसे तेज चमकने वाला तारा माना जाता है। शुक्र जब सूर्य के दोनों ओर 10 डिग्री या इससे अधिक पास आ जाता है, तो शुक्र अस्त हो जाता है।

### शुक्र अस्त में क्यों नहीं होते मांगलिक कार्य...

ज्योतिष में ग्रहों के राजा सूर्य के निकट जब कोई ग्रह एक तय दूरी पर आ जाता है तो वह सूर्य ग्रह के प्रभाव से बलहीन हो जाता है, यही अवस्था ग्रह का अस्त होना मानी जाती है। शुक्र चूंकि सुख, वैवाहिक जीवन, विलासिता, विवाह, धन, ऐश्वर्य का कारक माने गए हैं। ऐसे में शुक्र के अस्त होने पर मांगलिक कार्य में सफलता नहीं मिलती क्योंकि शुक्र अस्त अवस्था में कुपित होता है, जिससे व्यक्ति को इसके शुभ फल प्राप्त नहीं होते।


### *शुक्र अस्त में क्या न करें*

विवाह, गृह प्रवेश, बावड़ी, भवन निर्माण, कुआं, तालाब, बगीच, जल के बड़े होदे, व्रत का प्रारंभ, उद्यापन, प्रथम उपाकर्म, नई बहू का गृह प्रवेश, देवस्थापन, दीक्षा, उपनयन, जडुला उतारना नहीं करें।

**-अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।**

# व्यवहार कुशल होता है पुनर्वसु नक्षत्र में जन्मा जातक

**पुनर्वसु** सातवां नक्षत्र है। मिथुन राशि में इसके चारों चरण आते हैं। इस नक्षत्र का स्वामी गुरु है। गुरु ज्ञान, न्यायप्रियता, संगठन क्षमता, महत्वाकांक्षा, धर्म, कर्म को मानने वाला, बड़ों का आदर करने वाला, प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाने वाला होता है। राशि स्वामी बुध है, जो वणिज होकर उत्तम वक्ता, बुद्धिजीवी वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है। गुरु व बुध का साथ हो तो ऐसा जातक अनपढ़ होने पर भी अपनी कुशलता से उच्च बन जाता है। गुरु जन्म के समय चंद्रमा की स्थितिनुसार 16 वर्ष या कम दशा भोगता है। पुनर्वसु में जन्मे जातकों पर गुरु का सर्वाधिक प्रभाव रहेगा। इसकी जन्म कुंडली स्थितिनुसार फल मिलेगा। पुनर्वसु सातवां नक्षत्र है। मिथुन राशि में इसके चारों चरण आते हैं। इस नक्षत्र का स्वामी गुरु है। गुरु ज्ञान, न्यायप्रियता, संगठन क्षमता, महत्वाकांक्षा, धर्म, कर्म को मानने वाला, बड़ों का आदर करने वाला, प्रशासनिक क्षमता को बढ़ाने वाला होता है। मेष लग्न में गुरु लग्न पंचम नवम चतुर्थ तृतीय भाव में हो या द्वादश भाव में हो व बुध की स्थिति तृतीय, पंचम, लग्न, दशम भाव में हो तो ऐसे जातक उत्तम ज्योतिष, सलाहकार भी होते है। पत्रकारिता, प्रकाशन, लेखन कार्य में सफल होते हैं। मिथुन लग्न में यदि गुरु दशम भाव में हो व बुध लग्न चतुर्थ भाव में हो तो ऐसा जातक वकील, सफल व्यापारी, कुल का गौरव बढ़ाने वाला होता है। कर्क लग्न में गुरु मेष का हो तो ऐसे जातक सभी क्षेत्र में सफलता पाते हैं। ऐसे जातक कुल गौरव बढ़ाने वाले, भाग्यशाली, नाना-मामा से लाभ पाने वाले, धर्म-कर्म में आस्थावान होते हैं।



इस लग्न में गुरु लग्न, नवम, पंचम, तृतीय भाव में द्वितीय भाव में हो तो अधिक शुभ परिणाम मिलते हैं। बुध की स्थिति दशम, सप्तम, पंचम तृतीय, द्वितीय भाव में ठीक रहती है। सिंह लग्न में गुरु पंचम, नवम, लग्न, चतुर्थ, तृतीय, एकादश सप्तम में शुभ परिणाम देता है। बुध लग्न में एकादश, नवम, चतुर्थ पंचम भाव में उत्तम रहेगा। कन्या लग्न में गुरु चतुर्थ सप्तम में बुध लग्न दशम, पंचम में उत्तम फल देगा। तुला लग्न में गुरु की स्थिति दशम में उत्तम राजसुख कर्ज से रहित, प्रतिष्ठावान बनाएंगे। बुध नवम, द्वादश, तृतीय, चतुर्थ भाव में शुभ परिणाम देगा। वृश्चिक लग्न में गुरु नवम, लग्न, पंचम, दशम भाव में हो तो अति शुभ परिणाम देने वाला होता है। बुध एकादश, दशम, लग्न में उत्तम रहता है। धनु लग्न में गुरु लग्न में, पंचम में, नवम भाव में, दशम भाव में बुध के साथ हो तो उत्तम फल देगा। मकर लग्न में गुरु एकादश तृतीय, सप्तम में ठीक रहेगा वही बुध नवम तृतीय, लग्न चतुर्थ भाव में उत्तम रहेगा। कुंभ लग्न में गुरु दशम, द्वितीय, एकादश सप्तम भाव में उत्तम फल देगा। वही बुध पंचम, एकादश सप्तम लग्न में शुभ रहेगा। मीन लग्न में गुरु नवम, लग्न, पंचम में, दशम भाव में हो तो उत्तम फल देने वाला होगा।

## सालगिरह मुबारक



जसूर के अविनाश और ऊषा देवी को सालगिरह पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## शुभकामनाएं दीं

**धर्मशाला।** जमा दो के बच्च्चों का परिणाम आने पर हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने प्रदेशभर के बच्च्चों एवं उनके माता-पिता को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र व महासचिव तिलक नायक ने राज्य प्रेस सचिव संजय चौधरी ने कहा कि जमा दो का परिणाम अतिशीघ्र घोषित करने के लिए शिक्षक व शिक्षा बोर्ड धर्मशाला बधाई का पात्र है।

# बिहार से पकड़ा गया इनामी गैंग लीडर

## धर्मशाला के एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में मिली कामयाबी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

शहर के कोतवाली बाजार में मोबाइल स्टोर में हुई लाखों की चोरी के मामले में धर्मशाला पुलिस को इनामी सरगना को पकड़ने में सफलता मिली है। यह सरगना उत्तराखंड के ज्वालापुर में 2018 में हुई मोबाइल चोरी की वारदात में भी वांछित था तथा इस पर एसटीएफ देहरादून ने एक लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। रविवार रात को 38 साल के राजूदास पुत्र मुसाफिर निवासी घोड़ासन को बिहार से गिरफ्तार कर धर्मशाला पहुंचाया गया।

सोमवार को एक लाख रुपए के इस इनामी चोर को धर्मशाला की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। बताते चलें कि भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बसे घोड़ासन गांव से इस आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इस चोर को पकड़ने के बाद इससे पूछताछ करने के लिए उत्तराखंड पुलिस की एक टीम धर्मशाला पहुंचेगी। बताते चलें कि बिहार के इस कुख्यात क्षेत्र से चोरों को पकड़ना कतई आसान नहीं रहा है तथा पुलिस भी संभावित खतरे को जानते हुए इस इलाके में नहीं जाती।



एएसआई विजय सिंह।



आरोपी राजूदास।

ऐसे कई मामले हैं जब चोरों को पकड़ने गई पुलिस स्थानीय लोगों के हमलों के शिकार हो चुकी है। बताते चलें कि धर्मशाला पुलिस के एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में इससे पहले इसी कुख्यात क्षेत्र से पहले भी एक चोर को पकड़ा जा चुका है। इस दौरान स्थानीय पुलिस पर इस गांव के लोगों ने हमला भी किया था,

**उत्तराखंड में करोड़ों की चोरी मामले में एसटीएफ ने रखा था एक लाख का इनाम**

लेकिन धर्मशाला थाना के कई मामलों को सुलझा चुके एएसआई विजय सिंह सुरक्षित ढंग से इस चोर को पकड़ कर धर्मशाला लाए थे। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि कोतवाली में मोबाइल स्टोर में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में इस आरोपी को अंतरराष्ट्रीय सीमांत गांव घोड़ासन से गिरफ्तार करके लाया गया है। पुलिस इससे पूछताछ कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# बोर्ड के परीक्षा परिणाम का साल दर साल गिरता ग्राफ बना चिंता

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का सोमवार को घोषित हुआ जमा दो का परीक्षा परिणाम गत वर्षों के मुकाबले बेहतर नहीं रहा हैं। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम 73.76 प्रतिशत रहा जबकि गत वर्ष यह परीक्षा परिणाम 79.4 प्रतिशत, वर्ष 2022 में 93.90 प्रतिशत और वर्ष 2021 में 92.77 प्रतिशत रहा था। साल दर साल परीक्षा परिणाम की प्रतिशतता में गिरावट आना चिंता का विषय है। जमा दो की परीक्षा में टॉप-10 में रहे कुल 41 छात्र-छात्राओं में मात्र 10 विद्यार्थी सरकारी स्कूलों से हैं, जबकि 31 विद्यार्थी निजी स्कूलों से हैं। सरकारी स्कूलों में से 3 छात्र और 7 छात्राएं हैं जबकि निजी स्कूलों से 8 छात्र और 31 छात्राएं टॉप-10 में हैं। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएस अधिकारी बनेगी शिवांगी



हिमालयन पब्लिक स्कूल पपरोला की शिवांगी शर्मा को मिठाई खिलाते शिक्षक।

**अनंत ज्ञान, पपरोला**

हिमालयन पब्लिक स्कूल पपरोला की छात्रा शिवांगी शर्मा ने प्रदेश शिक्षा बोर्ड की जमा दो कला संकाय में सातवां स्थान हासिल कर प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवांगी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। शिवांगी का लक्ष्य सिविल सर्विस में आईपीएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। शिवांगी के पिता लवजीत मझेरणा गांव में दुकानदार हैं तथा माता कंचन गृहिणी है। शिवांगी को सफलता पर स्कूल के निदेशक राजकुमार सड़ाना तथा प्रिंसिपल पुरुषोत्तम कपूर ने बधाई दी है।

## इंदौरा की गुरप्रीत ने हासिल किया छठा स्थान



**इंदौरा।** राजकीय आदर्श एसएम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला इंदौरा कांगड़ा की गुरप्रीत कौर पुत्री जसविंद्र सिंह, मनप्रीत कौर ने दस जमा दो के वाणिज्य संकाय में हिमाचल प्रदेश में छठा स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य मोहन शर्मा ने बताया कि उसके पिता जालंधर में पेट्रोल पंप पर कार्य करते हैं तथा माता गृहिणी हैं। गुरप्रीत कौर भविष्य में सैन्य अधिकारी बनना चाहती है। गुरप्रीत कौर ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य,अध्यापकों एवं अपने माता-पिता को दिया है।

## इरा रिहान ने झटका 11वां स्थान



**पालमपुर।** प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित जमा दो के परीक्षा परिणाम में पालमपुर की इरा रिहान ने 483 अंकों के साथ 11वां स्थान हासिल किया है। जयदीप रिहान और शिवाली रिहान की बेटी इरा रिहान नान मेडिकल स्ट्रीम की छात्रा है और प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है।

## पुन्नर स्कूल का परिणाम बेहतरीन

**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर का जमा दो कला संकाय का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। संदीप ने 94 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इशिता ने 87 प्रतिशत, साक्षी ने 85 प्रतिशत, प्रिंस ने 84 प्रतिशत व स्नेहा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। विद्यालय के समस्त विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। विद्यालय प्रधानाचार्य अंजू ठाकुर ने इस शानदार परीक्षा परिणाम पर समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई दी है।

## डॉक्टर बनेगी ईशा



**भारती** विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ की छात्रा ईशा शर्मा ने 500 में से 484 अंक लेकर 96.80 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेशभर में दसवां स्थान हासिल किया है। ईशा भी नीट की परीक्षा पास करके डॉक्टर बनना चाहती है। ईशा के पिता भारत भूषण अध्यापक और उनकी माता गृहिणी है। ईशा ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के अध्यापकों, माता-पिता और नानी को दिया है।

## रिदम कटोच रही आठवें स्थान पर



**भारती** विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ की रिदम कटोच ने 500 में से 486 अंक लेकर 97.20 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेशभर में आठवां स्थान हासिल किया है। रिदम नीट की परीक्षा पास करके डॉक्टर बनना चाहती है तथा उसके लिए वह प्रयासरत है। रिदम के पिता राकेश चंद प्राइवेट स्कूल चलाते हैं तथा उनकी माता जेबीटी टीचर है। रिदम ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के अध्यापकों तथा माता-पिता को दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौरा में छात्रों ने सीखा मशरूम उगाना

**डमटाल।** राजकीय महाविद्यालय इंदौरा के बीए तृतीय वर्ष के सभी छात्रों ने प्रोफेसर रेखा पठानिया तथा प्रोफेसर आरके गुप्ता के मार्गदर्शन में मशरूम उगाने के बारे में जानकारी प्राप्त की, इसमें छात्रों को खाद बनाना, मशरूम उत्पादन, आचार बनाना तथा मशरूम बिक्री के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर प्रो. आरके गुप्ता, प्रो. रेखा पठानिया, प्रो. बिट्टू कुमारी, प्रो. दीप्ति,प्रो.रजनी आदि उपस्थित रही। प्रो. रेखा पठानिया ने बताया कि मशरूम की खेती में लगने वाली खाद गेहूं या चावल के भूसे और कुछ केमिकल्स को मिलाकर तैयार की जाती है,जिसके बनने में एक महीने का समय लगता है। खाद तैयार होने के बाद आपको अपने कमरे में किसी सख्त जगह पर 6-8 इंच मोटी परत बिछाकर मशरूम के बीज लगाना है और उसे तैयार किए गए कंपोस्ट से ढक दिया जाता है। मशरूम की खेती खुले में नहीं होती इसके लिए शेड वाली जगह की जरूरत होती है।

### एसडीएम ने छात्राओं को बांटे प्रमाण पत्र



**कांगड़ा।** एआरओ एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल शरण कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वुमन घुरकड़ी में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे। स्वीप नोडल अधिकारी लेखराज ने प्रधानाचार्य डॉक्टर सुमन शर्मा के सहयोग से कॉलेज में मतदान जागरूकता सप्ताह आयोजित किया। यह मतदान जागरूकता सप्ताह 15 से 22 अप्रैल तक चलाया गया। इस दौरान छात्राओं ने पोस्टर बनाकर, मानव श्रृंखला बनाकर, नाटक, स्लोगन और शपथ दिलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया। एसडीएम ने कॉलेज प्रशासन, प्रधानाचार्य सुमन शर्मा, निदेशक शालिनी सैनी, कॉलेज ईएलसी नोडल अधिकारी अंजना द्वारा मतदान जागरूकता सप्ताह मनाने के लिए उनकी प्रशंसा की। कॉलेज की छात्राओं ने उनके समक्ष चुनाव पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए। हेड गर्ल योगिशा ने सभी को चुनाव में निष्पक्ष भाग लेने की शपथ भी दिलाई। एसडीएम ने स्वीप के तहत छात्राओं द्वारा किए गए सहयोग के लिए उन्हें प्रमाण पत्र बांटे। कार्यक्रम में एसडीएम कांगड़ा सहित कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. सुमन शर्मा,कॉलेज निदेशक शालिनी सैनी, स्वीप नोडल अधिकारी लेखराज, कॉलेज ईएलसी नोडल अधिकारी अंजना, अध्यापक और प्रशिक्षु छात्राएं उपस्थित रहीं।

### रेलवे कर्मियों ने 8वें पे-कमीशन पर की चर्चा

**गगल।** सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी संगठन की बैठक इच्छी के नीविया मैरिज पैलेस में आयोजित की गई। रेलवे के पूर्व सचिव विजय सिंह वनियाल ने बताया कि हिमाचल, पंजाब और जम्मू कश्मीर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बैठक में भाग लिया। बैठक में मेडिकल भत्ता एवं 8वें पे-कमीशन के बारे में चर्चा हुई और 50 प्रतिशत डीए को वेतन में मर्ज करने के बारे में भी चर्चा हुई। इस अवसर पर सुभाष डोगरा, गोपाल दास, बांका राम कपूर, जगदीश चंद मसंद, बनवारी लाल, ज्ञान चंद, जुगल किशोर, विपिन कुमार ,जगदीश चंद, बाल प्रेम,ओम प्रकाश,शक्ति सिंह ,सरवन कुमार,जगदीश चंद, ज्ञानचंद, नंजू धीमान, रजिंदर सिंह, जनक चंद, राजेश कुमार, सिद्धार्थ, रविंद्र कुमार, किशोरी लाल, प्रीतम सिंह ,विनोद कुमार, सुनील कुमार, कमल, श्याम मुरारी, राजेंद्र सिंह व लायक राम आदि उपस्थित रहे।

### भोगरवा में मतदाताओं को किया जागरूक

**इंदौरा।** उपमंडल निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुरेंद्र ठाकुर द्वारा सोमवार को गठित स्वीप सोशल मीडिया टीम ने इंदौरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भोगरवा, बहादपुर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोगरवां में प्रधानाचार्य रामकृष्ण शर्मा द्वारा बच्चों को मतदाता अभियान में अपना सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर स्थानीय विद्यालय के छात्रों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कविता का भी मंच पर पढ़ी। सोशल मीडिया प्रभारी इंदौरा ने बताया कि स्वीप सोशल मीडिया टीम पहले से तय कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्शन कानूनगो इंदौरा रोबिन धीमान के साथ समन्वय कर जगह-जगह ग्राम पंचायत बूथों तथा शैक्षणिक संस्थानों में मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में भाग लेने की अपील तथा कार्यक्रम कर रही है।

### मंत्री गोमा ने दिए कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स

**पंचरुखी।** विधानसभा जयसिंहपुर के कांग्रेस जोन भुआणा की बैठक रविवार को दुर्गा भवानी मंदिर घरलूं में हुई। बैठक में तीन पंचायतों मकोल, भुआणा व कैलाशपुर के सभी बीडीसी के कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। बैठक में आयुष, युवा खेल सेवाएं एवं कानून मंत्री यादविंदर गोमा मुख्य अतिथि व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डडवाल बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। कांग्रेस जोन भुआणा के अध्यक्ष सुरेश डोगरा व कार्यकारिणी के सदस्यों ने मुख्यातिथि व विशेष अतिथि को शॉल टोपी पहनाकर सम्मानित किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डडवाल ने कहा कि आज तक धार क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हुए हैं वो सब कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही हुए हैं। गोमा ने कांग्रेस जोन भुआणा के कार्यकर्ताओं व बीसीसी के पदाधिकारियों को चुनावी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि धार क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस मौके पर सुनील मेहरा, कुलवंत डोगरा, जय चंद, रजिंद्र पाल, कुलदीप डोगरा, हेम राज, रमेश राणा, ज्ञान चंद, ईश्वर सिंह, प्रकाश चंद, लेख राज, दीप सिंह, पीके प्रेमी, केशर कटोच, सुमित सैनी, अभिषेक सूद, राज कुमार, सुनीता देवी, सुरेश क्लोत्रा व सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### टीबी रोगियों को दी जा रही सुविधाएं जांची

**पालमपुर।** केंद्रीय रोग नियंत्रण और रोकथाम समिति के पांच सदस्यीय दल ने सोमवार को नागरिक अस्पताल पालमपुर में टीबी मुक्त भारत, संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के लिए की जा रही गतिविधियों का जायजा लिया। टीम सदस्यों में चिकित्सा अधिकारी यूएस सीडीसी डॉ. क्रिस्टीन, टीबी ब्रांच चीफ सीडीसी इंडिया डॉ. हरदीप संधू, जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ टीबी सीडीसी इंडिया डॉ. राजेश देशमुख, शेयर इंडिया एसोसिएट निदेशक एवं मुक्त भारत संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण डॉ.सतीश और राज्य परियोजना अधिकारी डॉ. सुशील चंद्र ने अस्पताल में टीबी रोकथाम के लिए उठाए जा रहे कदमों का जायजा लेने के उपरांत महत्वपूर्ण सुझाव और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। टीम ने पालमपुर अस्पताल में टीबी मुक्त भारत संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण के तीन किए गए प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने टीबी के रोगियों को दी जा रही सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी कांगड़ा डॉ. राजेश सूद, पालमपुर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस चक्रवर्ती, नोडल अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा, टीबी अधिकारी डॉ. सुमित कटोच, संक्रमण नियंत्रण नर्स पूजा राणा और शिल्पा देवी के साथ अस्पताल के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# ड्रीम-11 से धर्मशाला का युवक संजीव बना करोड़पति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एक ही मैच में दो टीमें लगाकर कमाए 1.11 करोड़**

धर्मशाला के अंतर्गत ढ़गवार के संजीव चौधरी ड्रीम-11 से करोड़पति बन गए हैं। ड्रीम-11 में रविवार को हुए आईपीएल मैच में संजीव ने एक ही मैच में दो टीमों पर दाव लगाया था, उनकी कैल्कुलेशन इतनी सटीक बैठी कि उन्होंने एक टीम से उन्हें एक करोड़ रुपए मिले और दूसरी टीम से उन्हें 11 लाख रुपए मिले। इतनी बड़ी रकम देख कर उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि वह करोड़पति बन गए हैं। संजीव चौधरी ने कहा कि हमेशा खबरे सुनते और देखते थे कि ड्रीम-11 से यहां से व्यक्ति करोड़पति, वहां से करोड़पति बना और अब जब वह करोड़पति बने हैं तो यकीन नहीं हो रहा। ड्रीम-11 इन दिनों जिला कांगड़ा और चंबा पर मेहरबान है या यूं कहे इन जिलों के युवा क्रिकेट का ज्ञान अधिक रखते हैं। इससे पूर्व इसी माह जिला चंबा से लगातार चार युवा करोड़पति बने हैं।



## गरली स्कूल की साक्षी शर्मा रही पांचवें स्थान पर



**डाडासीबा।** दस जमा दो आर्ट्स की परीक्षा में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली की साक्षी शर्मा ने प्रदेशभर में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। साक्षी ने कुल 500 में से 483 अंक प्राप्त किए हैं। साक्षी का कहना है कि वह सिविल सर्विसेज में जाकर देश सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता सोनिया शर्मा और शिक्षकों को दिया है। स्कूल के प्रधानाचार्य मलकीत सिंह ने साक्षी को बधाई दी है।

## छोटा भंगाल के साथ भाजपा ने किया सौतेला व्यवहार:बिट्टू

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने अपने जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के चलते स्वाड, लोहराड़ी, कोठी कोहर, बड़ा गांव में बैठके की। इस दौरान उन्होंने कहा कि छोटा भंगाल की घाटी के विकास में कांग्रेस पार्टी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। विधायक किशोरी लाल ने अपने 2012 से 2017 के कार्यकाल के दौरान छोटा भंगाल की जनता के लिए पुलिस चौकी, उपतहसील बरोट से बड़ा गांव सड़क मार्ग लोहरड़ी से पोलिंग सड़क मार्ग स्वाड गांव तक सड़क मार्ग इसके साथ छोटा भंगाल की सात पंचायतों के लिए डिग्री कॉलेज की सौगात दी है। पूर्व भाजपा सरकार ने छोटा भंगाल की जनता के साथ मात्र झूठ और सौतेले व्यवहार की राजनीति की है। कांग्रेस सरकार का पिछले 14 महीनों का कार्यकाल सराहनीय रहा है।

# मोदी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार : सिकंदर

## जयसिंहपुर में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बोले राज्यसभा सांसद

**अनंत ज्ञान टीम, जयसिंहपुर**

विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में राज्यसभा सांसद सिकंदर व सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार का बतौर मुख्यअतिथि पहुंचने पर विधानसभा क्षेत्र जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान की अध्यक्षता में समस्त 2407 पन्ना प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने जयसिंहपुर ग्राउंड में भव्य स्वागत किया। इस दौरान कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान सांसद सिकंदर ने समस्त कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को कहा कि 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अच्छे कार्यों के कारण एनडीए 300 के पार था और इस बार 2024 में मोदी के नेतृत्व में हम और भी आगे अबकी बार का नारा 400 पार का है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा-चंबा भाजपा के उम्मीदवार डॉक्टर राजीव भारद्वाज ईमानदार व मेहनती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करके भाजपा को बढ़त दिलाने की अपील भी की। परमार ने कहा कि बीते कुछ महीनों से कांग्रेस पार्टी में क्या उठक-पठक चल रही है वह किसी से नहीं छिपी है और बहुत जल्द हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ समस्त भारत में भगवा लहराएगा। उन्होंने कहा कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनने जा रहे हैं और आप सभी कांगड़ा-चंबा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज को जीता कर दिल्ली भेज कर मोदी के 400 पार के नारे को पूरा करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हरिदत्त शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामरतन शर्मा, विनोद शर्मा, युवा ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुनील चौधरी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय पठानिया, मंडल महामंत्री राजेश सुघा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मनीषा शर्मा आदि मौजूद रहे।



पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मौजूद राज्यसभा सांसद सिकंदर, सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार, भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज व जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान।

## पुनर्मूल्यांकन 14 मई तक

**धर्मशाला।** जमा दो परीक्षा में 63,092 विद्यार्थी पास हुए हैं जबकि 13276 विद्यार्थियों को कंपार्टमेंट आई है और 9103 विद्यार्थी फेल हुए हैं। उक्त परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मल्यांकन एवं पुनर्निरीक्षण करवाने के इच्छुक परीक्षार्थी संबंधित पाठशाला के माध्यम से केवल ऑनलाइन प्रणाली द्वारा बोर्ड की वैबसाइट पर पुनर्मूल्यांकन हेतु 500 रुपए व पुनर्निरीक्षण हेतु 400 रुपए प्रति विषय की दर से 14 मई तक आवेदन कर सकते हैं। केवल पुनर्मूल्यांकन हेतू आवेदन करने के लिए संबंधित विषय में कम से कम 20 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन के माध्यम से ही मान्य होंगे तथा बिना शुल्क के आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे। यह जानकारी स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा ने दी है।

## दुकान में घुसकर की मारपीट

**गरली।** गांव मूहीं गरली में करियाना की दुकान कर रहे नंद लाल के साथ दो युवकों ने दुकान के भीतर घुस कर जानलेवा हमला किया है। बुजुर्ग रतन चंद ने कहा कि मामला शनिवार 27 अप्रैल का है। मेरा बेटा नन्दलाल दुकान पर बैठा था तो इतने मे साथ लगते गांव ब्योला के तीन लड़के हमारी दुकान पर आए। इनमें दो युवकों ने दुकान के भीतर घुसकर मेरे बेटे नंद लाल पर जानलेवा हमला बोल दिया। इन युवकों ने इस दौरान न केवल मेरे बेटे से मारपीट की बल्कि दुकान का सारा सामान भी बिखेर दिया। इसकी शिकायत पुलिस थाना रक्कड़ में दर्ज करवाई है। अभी तक हमलावरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस थाना रक्कड़ प्रभारी गुरदेव सिंह ने कहा कि इस बारे पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है।

## पेंशनर्स की समस्याओं पर की चर्चा

**नगरोटा बगवां।** भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ जिला कांगड़ा इकाई की बैठक सोमवार को नगरोटा बगवां में हुई। इसमें नगरोटा बगवां के पूर्व विधायक अरुण मेहरा मुख्यातिथि के रूप में और महासंघ के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष ब्रह्मानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनरों की मांगो को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें सरकार के पास कर्मचारियों एव पूर्व कर्मचारियों के देय भत्ते और अन्य भुगतान जो कि समस्त कर्मचारियों को नहीं मिल पाए हैं पर भारी रोष व्यक्त किया गया।

## सराह में विश्व टीकाकरण सप्ताह दिवस मनाया

**धर्मशाला।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय विश्व टीकाकरण सप्ताह दिवस टोंग लेन चैरिटेबल हाई स्कूल सराह में मनाया गया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. तरण सूद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर वंदना, तहेरचीन गयलटसेन डायरेक्टर, को डायरेक्ट मिस नोबिता प्रधान, टोंग लेन हेल्थ प्रोग्राम मैनेजर मौजूद रहे।

# शर्तिया इलाज के नाम पर ठगे लोग

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा में कुछ झोलाछाप डॉक्टरों ने सोमवार सुबह कांगड़ा की जनता को ठगा। मजेदार बात यह है की उक्त घटना कांगड़ा पुलिस थाना से महज कुछ ही दूरी पर स्थित कांगड़ा नगर परिषद के कार्यालय के बाहर घटी। यहां पर हरियाणा नंबर से आई गाड़ी में सवार संतों के लिवास में सवार कुछ लोगों ने यहां के लोगों को देसी दवाइयों के सेवन के बारे में जानकारी दी। इन दवाइयों का प्रचार करते हुए यहां की भोली भाली जनता को ठगते हुए यह दावा भी किया कि उनकी इन दवाइयों के सेवन से जो लोग वर्षों से जोड़ों के दर्द, गठिए की बीमारी, शुगर, बीपी व अन्य बीमारियों से ग्रस्त है वे ठीक हो जाएंगे। इन्होंने शर्तिया इलाज होने व इसके सेवन कर इन बीमारियों से मुक्ति पाने का भरोया देते हुए दवाइयां बेच कर हजारों रुपए लोगों से ठग लिए। उक्त झोलाछाप डॉक्टरों ने बकायदा गाड़ी के अंदर तमाम दवाइयों की डिस्पेंसरी बनाई हुई थी। इसमें विभिन्न प्रकार की देसी दवाइयों की सामग्री रखी हुई थी। थाना प्रभारी कांगड़ा संजीव कुमार ने बताया की इन लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया है। इनके बारे में पूरी जानकारी ली जा रही है कि ये लोग कहां से आए और यहां क्या कर रहे थे।

**कार्यक्रम** टांडा मेडिकल कॉलेज में ईएनटी सम्मेलन का समापन

# पोस्टर प्रस्तुति में डॉ. कुसुम को फर्स्ट प्राइज

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

टांडा मेडिकल कॉलेज में सोमवार को तीन दिवसीय ईएनटी सम्मेलन का समापन हो गया। इस सफल समापन की घोषणा आयोजन अध्यक्ष सह प्रोफेसर और प्रमुख, ईएनटी विभाग, टांडा डॉ. मुनीश सरोच ने की। उन्होंने बताया कि ऐसी घोषणा करते हुए उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। पहले दिन टेंपोरल हड्डी विच्छेदन कार्यशाला परम पावन दलाई लामा के साथ ज्ञानवर्धक बैठक के बाद शुरू हुई, जिसका उद्घाटन योग्य प्राचार्य डॉ. आरपीजीएमसी टांडा द्वारा किया गया।

दूसरे दिन कार्यक्रम कि शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, उसके बाद डॉ. अशोक गुप्ता (निदेशक, ईएनटी और) का उद्घाटन भाषण हुआ। समापन ईएनटी में वरिष्ठ सदस्यों को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कारों से सम्मानित करने के साथ हुआ, जिसमें डॉ. चंद्र मोहन, डॉ. रविंद्र वर्मा, डॉ. अशोक गुप्ता, डॉ. प्रदीप चौरे, डॉ. एनके महेंद्रू, डॉ. देव राज, डॉ. आरएस मिन्हास शामिल थे। तीसरे दिन की शुरुआत विभिन्न स्थापित ईएनटी सर्जनों द्वारा रेडियोलॉजी, ट्रेकियोस्टोमी और वर्टिगो जैसे विषयों पर विभिन्न वार्ताओं से हुई। इस दौरान कई स्नातकोत्तर छात्रों ने अपने पेपर और पोस्टर प्रस्तुत किए गए। ग्रुप 1 में प्रथम पुरस्कार डॉ. वर्षा और द्वितीय पुरस्कार डॉ. अपूर्व को दिया गया।



ईएनटी सम्मेलन के समापन पर ईएनटी विभाग के प्रमुख डॉ. मुनीश सरोच का स्वागत करते हुए।

इसके साथ ही ग्रुप-2 में प्रथम पुरस्कार डॉ. अनीशा और द्वितीय पुरस्कार डॉ. रूपाली शर्मा को मिला। पोस्टर प्रस्तुति का प्रथम पुरस्कार डॉ. कुसुम और द्वितीय पुरस्कार डॉ. अजय को दिया गया। पेपर प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार डॉ. करिश्मा और द्वितीय पुरस्कार डॉ. राइमा मरियम जॉन को मिला।

वहीं, पीजी क्विज में पहला पुरस्कार डॉ. कृतिका, डॉ. राइमा और द्वितीय पुरस्कार डॉ. तनिष्क, डॉ. अनीशा को दिया गया। एमबीबीएस क्विज में पहला पुरस्कार डॉ. अंशिता व डॉ. अंशुल और द्वितीय पुरस्कार से डॉ. तरुण व डॉ. पारस को नवाजा गया। (अनंत ज्ञान)

**व अदालत अधिशाषी दंडाधिकारी एवं नायव तहसीलदार नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

मिसल नं. 575/ना./2024
ता.दा. 12.03.2024
ता. पेशी:- 30.05.2024

**मुकद्दमा इन्द्राज मृत्यु**

प्रार्थना पत्र प्रार्थी रघुबीर सिंह पुत्र प्रेम चंद निवासी चाहड़ी, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.

प्रार्थी पक्ष

**वनाम**

विषय:- प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखवारी ईश्तहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकद्दमा बारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 गजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थी की नानी की मृत्यु दिनांक 15.11.1991 को महाल चाहड़ी में हुआ है। लेकिन अज्ञानतावश प्रार्थी अपनी नानी की मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत मुहालकड चाहड़ी में दर्ज नहीं करवा सके प्रार्थी अपनी नानी श्रीमति प्रान्तू देवी उपनाम प्रेमी देवी की मृत्यु तिथि को ग्राम पंचायत मुहालकड चाहड़ी में दर्ज करवाना चाहता है।
अत: उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी को उक्त मृत्यु को ग्राम पंचायत मुहालकड चाहड़ी के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 30.05.2024 को दोपहर बाद 2.00 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर एतराज काबिल-ए-समायत न होगा।

**अधिशाषी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा।**

मिसल नं. 955/तह./2024/आरएमएस
ता.दा. 01.03.2024
ता. पेशी:- 24.05.2024

**अनुमान मुकद्दमा :-** 1. श्री प्यारे लाल पुत्री श्री पुनी चंद, निवासी गांव भरयालकड डापकघर सकोट, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा।

प्रार्थी पक्ष

**वनाम आम जनता प्रत्यार्थी पक्ष**

विषय:- प्रार्थना पत्र जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) के अंतर्गत जन्म तिथि 07-08-1968 को ग्राम पंचायत भाटी के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।

**अखवारी ईश्तहार**

प्रार्थी श्री प्यारे लाल पुत्री श्री पुनी चंद, निवासी गांव भरयालकड डाकघर सकोट तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने जन्म तिथि पजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि ग्राम पंचायत भाटी के परिवार रजिस्टर व आधार कार्ड में मेरी जन्म दिनांक 01-01-1968 लिखी गई है जोकि गलत है परंतु सीनियर सकैंडरी स्कूल जी.ए.वी. कांगड़ा अनुसार मेरी जन्म तिथि 07-08-1968 है जोकि ठीक है दर्ज करने का आग्रह किया है। अत: इस अदालती अखवारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे संबंधियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 24.5.24 को अदालत में पेशकर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।
आज दिनांक 23.4.2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नरोटा बगवां जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

## न्यूज ब्रीफ

### सिरसा के सोनू ने जीता भीमसेन दंगल

**टौणीदेवी।** टौणी देवी में भीमसेन दंगल कमेटी द्वारा छिंज मेले का आयोजन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, कैप्टन जसवंत, कश्मीर सिंह, प्रवीण, संजय, इंस्पेक्टर कुलदीप आदि कमेटी के सदस्य ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बहुत ही शानदार रहा। इस छिंज मेले में बाहरी राज्यों और लोकल पहलवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान समाजसेवी सुनील चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सुनील ने अपनी ओर से दंगल कमेटी को 6100, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैप्टन विजय व डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने 5100-5100 की धनराशि अपनी ओर से भेंट की छोटा माली के विजेता कुलबीर जम्मू, बड़ी माली के विजेता सोनू सिरसा को नकद राशि गुरज व गागर भेंट की गई।

### पुनर्मूल्यांकन के लिए दस मई तक करें आवेदन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी प्राप्त करने के लिए आवेदन मांगे हैं। दिसंबर 2023 की परीक्षा में बैठे अभ्यर्थी इसके लिए 10 मई तक आवेदन कर सकते हैं। जो अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन करना चाहते हैं, वह ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटो कॉपी प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को ऑफलाइन फॉर्म भरकर उपरोक्त तिथि तक ही तकनीकी विश्वविद्यालय को भेजना होगा। तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कमान देव सिंह कंवर ने कहा कि जो अभ्यर्थी पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करना चाहता है, वह तय तिथि तक आवेदन कर सकता है। पुनर्मूल्यांकन, पुनः जांच और उत्तर पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए से संबंधित पूरी डिटेल तकनीकी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक भी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### नेतृत्व विकास शिविर में 28 स्टूडेंट्स ने लिया भाग

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों का सात दिवसीय नेतृत्व विकास शिविर 22 से 28 अप्रैल तक कुल्लू जिला के रायसन में हुआ। शिविर में दूसरे सेमेस्टर के 28 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिविर में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही रॉक क्लाइम्बिंग, रिवर क्रॉसिंग, हाई रोप कोर्स, ट्रेकिंग, कैंपिंग, जंगल क्राफ्ट, सर्वाइवल कैंप व आउटडोर में रहने का कौशल के बारे में विस्तारपूर्वक जाना। हिमालयन वागाबॉन्ड एडवेंचर्स ने नेतृत्व विकास शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तकनीकी विश्वविद्यालय में सोमवार को शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने रिपोर्ट जमा करवाई। इस मौके पर पर्यटन विभाग के प्राध्यापक डॉ. विनीत कुमार व अजय भारती भी उपस्थित रहे।

### बस्सी में युवाओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

**भोरंज।** तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय भोरंज ने हिम एजूकेशन ट्रेनिंग सोसायटी बस्सी में 'स्वीप' के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए तहसील कल्याण अधिकारी बलदेव सिंह चंदेल ने कहा कि एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवा अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाएं, ताकि वे आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे आगामी लोकसभा चुनाव के महायज्ञ में मतदान के रूप में आहुति अवश्य डालें और अपने घर-गांव में भी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें।

### विद्यार्थियों ने मंडी आईआईटी लैब का किया भ्रमण

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के भौतिक विभाग के दूसरे और चौथे सेमेस्टर के 15 विद्यार्थियों ने आईआईटी मंडी का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने आईआईटी मंडी की लैब का दौरा कर लैब में संचालित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान विद्यार्थी को कई प्रयोग भी लैब में करके बताए। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. सीएस यादव आईआईटी मंडी की ओर से शैक्षणिक भ्रमण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी। इस मौके पर तकनीकी विवि के भौतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. जेपी शर्मा, जगत राम भी मौजूद रहे।

### डॉ. सुरेंद्र को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा

**हमीरपुर।** विधानसभा सुजानपुर उपचुनाव में डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा के समर्थकों ने रविवार को बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रिंसिपल और पूर्व सैनिक मोहन सिंह डोगरा ने की। गौर रहे कि विधानसभा उपचुनाव में विशेष रूप से विभिन्न पंचायतों के लोगों ने डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा को अपने विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व करने के लिए एक मजबूत प्राथमिकता व्यक्त की और उनसे एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने का आग्रह किया। समिति के सदस्यों ने डॉ. डोगरा की उम्मीदवारी को लेकर जन जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह बैठक बुलाई थी, ताकि चुनावों में योजनाबद्ध तरीके से चर्चा की जा सके। डॉ. डोगरा स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लोगों के प्रेरणास्रोत रहे हैं और विधानसभा में भी बेहतर तरीके से लोगों की समस्याओं को उठा सकते हैं। बैठक 30 अप्रैल के लिए निर्धारित आगामी समिति सत्र के निर्धारण के साथ संपन्न हुई।

### विश्व सृजनता व नवाचार दिवस मनाया

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के संस्थान इनोवेशन परिषद और भौतिकी विभाग के सौजन्य से विश्व सृजनता और नवाचार दिवस का आयोजन किया गया। विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मुनीश कुमार ने बताया कि मानव विकास में रचनात्मकता और नवाचार की भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन डे मनाया जाता है। समारोह में प्रो. नवीन ठाकुर ने इनोवेशन और रचनात्मकता के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में छात्रों में क्विज कंपिटिशन भी करवाया गया। कार्यक्रम में भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. इंदु शर्मा व डा. प्रशांत भी उपस्थित रहे।

### डीएवी भड़ोली के स्टूडेंट्स ने सजाई कक्षाएं



**नादौन।** डीएवी भड़ोली में कक्षा-कक्ष साज सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने कक्षाओं को बहुत खूबसूरती से सजाया। स्कूल के प्रिंसीपल सुरजीत राणा के दिशा-निर्देश में प्रतियोगिता के तहत अंक निर्धारण कक्षा-कक्ष सजावट, साफ-सफाई, डिस्प्ले बोर्ड, टीचर डायरी, टाइम टेवल, अटेंडेंस, लॉग बुक तथा बच्चों की बुक और नोटबुक, यूनिफॉर्म, अनुशासन एवं रख-रखाव के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता का परिणाम चार ग्रुप में निकाला गया। प्रिंसीपल ने विजेता रहे कक्षा अध्यापकों को सम्मानित भी किया।

### वॉलीबाल में सर्वजीत की टीम विजेता

**नादौन।** डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. नंदा चिरंजीवी राव, डीपी रितेश कंवर व असिस्टेंट प्रो. विजय कुमार ने किया। इस दौरान वॉलीबाल में सर्वजीत की टीम, कैरम बोर्ड प्रतियोगिता में लड़कियों में अक्षिता व तनिषा और लड़कों में अभिषेक व कुशाल, चैस में कार्तिकेय, टेवलटेनिस सिंगल में अक्षित और डबल में विनीत और स्वरित, बैडिमिन्टन में रतन चंद,म्युजिकल चेयर में लड़कियों में प्रियंका व लड़कों में विवेक, रस्सा कस्सी में लड़कियों में अमिता की टीम और लड़कों में विक्रांत की टीम, कब्बडी में लड़कियों में दीवा की टीम और लड़कों में विक्रांत की टीम तथा क्रिकेट में मनोज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किए।

### नमिता ने उत्तीर्ण की ज्वाइंट एंट्रेंस परीक्षा

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के गणित विभाग की छात्रा नमिता चौधरी ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की ज्वाइंट एंट्रेंस परीक्षा उत्तीर्ण की है। असिस्टेंट प्रो. निशू ने बताया कि नमिता बी.एससी गणित की छात्रा है, जिसने यह नेशनल लेवल का एग्जाम उर्तीण किया है। इस एग्जाम को आईआईटी और आईआईएससी की तरफ से रोटेशनल बेस पर आयोजित किया जाता है। नमिता ने अपनी सफलता के साथ एक उदाहरण प्रस्तुत किया है, जो न केवल उनके लिए बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणादायक है। नमिता ने अपनी इस सफलता के लिए अपने परिजनों, मित्रों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने नमिता को इस सफलता पर सम्मानित भी किया।

### तीन लोगों को मधुमक्खियों ने काटा, अस्पताल में भर्ती

**टौणीदेवी।** ग्राम पंचायत ऊहल के गांव काढियार में देर शाम गेहूं काट रहे किसानों पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। इस दौरान रीना कुमारी, बीना कुमारी व ज्योति को बहुत बुरी तरह काट लिया, जिनको तुरंत सिविल अस्पताल टौणीदेवी पहुंचाया गया, जहां अब उनकी हालात खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# 12वीं कक्षा में नादौन की दो छात्राएं व बड़सर का एक छात्र टॉप टेन में

## शालिनी ने तीसरा तो वंशिता व कार्तिक ने हासिल किया आठवां स्थान

अनंत ज्ञान टीम, नादौन/बिझड़ी





शालिनी का मुंह मीठा करवाते संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया व अन्य (दाएं) कार्तिक का मुंह मीठा करवाते उसके माता-पिता।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में रावमापा कन्या स्कूल नादौन की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है।

स्कूल की दो छात्राओं ने टॉप टैन में जगह बनाकर नादौन का नाम रोशन किया है। कला विभाग की शालिनी ने हिमाचल में तृतीय तथा विज्ञान विभाग की वंशिता टांक ने नौवां स्थान प्राप्त किया। इन दोनों बच्चियों के अद्भुत प्रदर्शन से अभिभावकों, अध्यापकों तथा समस्त नादौन-वासियों में खुशी की लहर है। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया तथा संगीत अध्यापक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने छात्र सहित उनके माता-पिता को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

**वहीं,** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बणी के छात्र कार्तिक जायसवाल ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करके कला संकाय मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है । मेधावी छत्र कार्तिक ने 500 से 480 नंबर लेकर स्कूल तथा सलोनी क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कार्तिक की इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ठाकुर ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्तिक साधारण परिवार से संबंध रखते हैं तथा कार्तिक के पिता पेशे से चालाक हैं, उनकी माता सुमन वाला एक गृहिणी हैं। होनहार एवं मेधावी छात्र जसवाल के माता-पिता ने कहा है कि बेटे की इस उपलब्धि पर खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। इसका श्रेय बेटे की दिन-रात की मेहनत तथा गुरुजनों का आशीर्वाद है। कार्तिक ने अनंत ज्ञान को बताया सिविल सर्विस में जाना चाहता हूं इस मुकाम पर पहुंचने के लिए 7 8 घंटे कड़ी मेहनत करता था।

### वंशिता टांक का लक्ष्य कंप्यूटर इंजीनियर बनना



वंशिका का मुंह मीठा करवाते हुए उसके दादा-दादी

**नादौन।** नादौन शहर की निवासी वंशिता टांक ने पूरे हिमाचल में नौवां स्थान प्राप्त किया है। उसने 500 में से 485 (97 प्रतिशत) अंक प्राप्त किया हैं। वंशिका कंप्यूटर इंजीनियर बनकर समाज व देश की सेवा करना चाहती है। वंशिता के पिता सुमित टांक भी दुकानदार हैं तथा माता शिवानी गृहिणी हैं। वंशिका ने मेरिट सूची में नाम आने का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी व स्कूल की प्रिंसीपल व अध्यापकों को दिया है।

### आईएएस अधिकारी बनना चाहती है शालिनी

**नादौन।** नादौन के गांव टिह्लू से संबंध रखने वाली शालिनी ने प्लस टू आर्टस की बोर्ड की परीक्षा में प्रदेश भर में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। उसने 500 में से 486 (97.20 प्रतिशत) अंक प्राप्त किए हैं। शालिनी पिता सतीश कुमार चौधरी दुकान करते हैं तथा माता नरेश कुमारी गृहणी हैं। शालिनी का कहना है कि वह आईएएस अधिकारी बनकर देश व समाज सेवा करना चाहती हैं। उसने मेरिट सूची में नाम आने का श्रेय अपने माता-पिता व स्कूल की प्रिंसीपल व अध्यापकों को दिया है।

# मेला ग्राउंड खाली न करने वालों पर चला प्रशासन का डंडा, सामान जब्त

## दुकानदारों को दुकानें हटाने की कई बार चेतावनी देने पर नहीं हुआ था कोई असर

अनंत ज्ञान, सुजानपुर



दुकानदारों का सामान जब्त कर ले जाते नगर परिषद के कर्मचारी।

होली मेला ग्राउंड खाली न करने वाले दुकानदारों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई करना शुरू कर दी है। सोमवार को नगर परिषद अधिकारी संजय कुमार की अगुवाई में पुलिस विभाग के कर्मियों की मौजूदगी में मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया गया जिन लोगों ने अभी भी दुकानदारी यहां सजा रखी थी उन लोगों का सामान जब्त कर लिया गया।

होली मेला को समाप्त हुए कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन दुकानदारों ने अपनी दुकानदारी मेला ग्राउंड में लगा रखी थी। प्रशासन द्वारा इस बाबत कई बार दुकानदारों को मेला ग्राउंड से हटने की चेतावनी दी गई, लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ। नगर परिषद ईओ संजय कुमार ने बताया प्रशासन की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन लोगों का सामान जब्त किया गया है आवेदन करके इसे प्राप्त कर सकते हैं। जो भी नियमानुसार कार्रवाई होगी व्यापारी वर्ग के ऊपर की जाएगी।

स्थानीय प्रशासन ने होली मेला ग्राउंड को 20 अप्रैल तक खाली करने के आदेश जारी किए थे। उसके बाद दुकानदारों के आग्रह पर इसे 25 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया था, लेकिन बावजूद इसके दुकानदार अभी तक मेला ग्राउंड खाली कर नहीं कर रहे थे इसके बाद यह सख्त कार्रवाई की गई।

# देर रात अनियंत्रित ट्रक घर के गेट में घुसा, चालक फरार

## जाहू सुपर हाईवे पर तलाई के पास घटा हादसा

एसके शर्मा, जाहू



भोटा-जाहू सड़क मार्ग पर हादसे का शिकार हुआ ट्रक।

भोटा-जाहू सड़क मार्ग पर सुलगवान से एक किलोमीटर दूरी पर तलाई के पास बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। रविवार रात को लगभग 2 बजे भोटा सुलगवान की ओर से आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर जाहू पंचायत के तलाई गांव के पास एक तीखे मोड़ पर घर के गेट जा टकराया। गनीमत रही कि इस हादसे में ट्रक के पहिए पिल्लर से फंस जाने की वजह से मकान को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस ट्रक में सरिया भरा हुआ था। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया।

ट्रक की टक्कर के दौरान टजोरदार धमाका हुआ ऐसे में लोग रात को घर से बाहर निकल आए। लोगों में उमा देवी, जगरनाथ, रॉकी कुमार, जगदीश चंद, रमेश कुमार, रजनीश ठाकुर ने बताया कि इस तीखे मोड़ पर एक साल में लगभग 15 से 20 बार दुर्घटनाएं होती हैं। लोक निमार्ण विभाग को कई बार इस तीखे मोड़ को चौड़ा करने के बारे में अवगत करवाया गया, परंतु लोक निर्माण विभाग ने इस ओर कोई कदम नहीं उठाया।

लोगों का कहना है कि तीखे मोड़ की वजह से मोड़ पर बनाए गए घरों में रात के सोना खतरे से खाली नहीं है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से शीघ्र तीखे मोड़ को खोलने की मांग की है। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी राकेश चंदेल ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी। मामले की छानबीन की जा रही है।

# बड़सर मुख्यालय में लोग सड़क किनारे फेंक रहे कूड़ा

## एसडीएम बोले- साइट का विजिट कर संबंधित ग्राम पंचायत प्रधान को जारी करेंगे नोटिस

एसके ठाकुर, बिझड़ी



सड़क किनारे स्थानीय लोगों द्वारा फेंकी गई गंदगी।

बड़सर मुख्यालय में गंदगी के ढेर बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। मैहरे तहसील कार्यालय के पास और मैहरे से जोड़े अंब की ओर जाने वाली मुख्य सड़क किनारे स्थानीय लोग घरों से निकलने वाले कूड़े-कर्कट को फैंक कर कूड़ा मुक्त पंचायत की धज्जियां उड़ा रहे हैं। गंदगी के चलते सड़क से गुजरना भी स्थानीय लोगों के लिए सर दर्द बना हुआ है।

हालांकि बड़सर प्रशासन ने मैहरे बाजार तथा साथ लगते स्थान पर पड़ी गंदगी के निपटान के लिए ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की थी। बैठक में 10 दिनों के भीतर गंदगी के निपटान करने का समय तय किया गया था परंतु जनप्रतिनिधियों के कान में जू तक नहीं रेंगी।

विडंबना यह है कि एक तरफ तो सरकार है करोड़ों रुपए खर्च करके स्वच्छ भारत मिशन पर कार्य कर रही है, परंतु सब कुछ फाइलों में ही दफन होकर रह गया है धरातल पर वस्तु स्थिति कुछ और ही है।

इस संदर्भ में एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि मैं स्वयं साइट का विजिट करूंगा अगर गंदगी पड़ी होगी ऐसे में संबंधित पचायत प्रधान को नोटिस जारी किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### खजियां के पास सड़क हादसे में घायल व्यक्ति पीजीआई रेफर

**बिझड़ी।** बड़सर उपमंडल के खजियां के पास हुए सड़क हादसे में स्कूटी चालक बुरी तरह घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद घायल व्यक्ति को पीजीआई रेफर कर दिया है। पुलिस के अनुसार मलकीत सिंह पुत्र स्व. रोशन लाल गांव भगेड डाकघर मंगनोटी निवासी ने बोलोरो कैंपर (नंबर एचपी 23बी 7315) चालक जगजीत सिंह पुत्र माधो राम गांव भगेड डाकघर मंगनोटी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है कि कैंपर चालक बहुत ही तेजी से गाड़ी चला रहा था, जिसने स्कूटी (नंबर डीएल 9एसएके 0833) को तेजी से टक्कर मारकर दी। जिससे स्कूटी चालक पक्की सड़क पर गिर गया और गंभीर घायल हो गया। लोग उस बड़सर लेकर गए जहां उसकी हालत गंभीर देखकर उसे पीजीआई रैफर कर दिया है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार राणा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि बोलोरो कैंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा गाड़ी को कब्जे में ले लिया है।

### ग्वाल पत्थर पंचायत से चोरी दो बाइकों में से एक मिली

**धनेटा।** ग्राम पंचायत ग्वालपत्थर में गत दिनों दो बाइक चोरी हो गई थी जिसमें से एक बाइक (नं. एच-पी 55 6438) बदारन सराए के संपर्क मार्ग के साथ जा रहे नाले में पड़ी हुई मिली। जानकारी के अनुसार ग्वाल पत्थर पंचायत में कबाड़ का काम करने वाले साहनी ठाकुर की भी बाइक शनिवार को चोरी हुई थी जिसकी शिकायत उसने पुलिस चैकी धनेटा में की थी लेकिन वह अपने स्तर पर भी बाइक को ढूंढ रहा था । जब वह सरांए बदारन संपर्क मार्ग से गुजर रहा था तो उसे नाले में पड़ी हुई बाइक दिखी, जिसकी सूचना उसने पुलिस चौकी धनेटा में दी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए वहां से बाइक को उठाया और बाइक के मालिक के सपुर्द किया। मगर अभी तक चोरों का पुलिस कोई पता नहीं लगा पाई है, वहीं चौकी प्रभारी कुलवंत सिंह ने अपील की है कि रात को अपने वाहनों को सुरक्षित जगह पर एवं ताला लगाकर खड़ा करें, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# गौतम महाविद्यालय की बीसीए की 3 छात्राओं ने प्रदेश में लहराया परचम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर,

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में गौतम कॉलेज हमीरपुर की बीसीए के तीसरे दो छात्राओं और पांचवें सेमेस्टर की एक छात्रा शीर्ष दस स्थानों में जगह बनाई है।

इन सेमेस्टर परीक्षाओं में प्रदेशभर से लगभग 70 सरकारी एवं निजी महाविवालयों के लगभग 1500 विद्यार्थियों के भाग लिया था। तीसरे सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में गौतम महाविद्यालय की अंजली ठाकुर ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेशभर में प्रथम स्थान, कुसुम लता 79 प्रतिशत के अंकों साथ प्रदेश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम को जारी रखते हर गौतम महाविद्यालय की पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में रितिका शर्मा ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में आठवां स्थान हासिल किया है।

गौतम महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने इस उपलब्धि पर कहा कि तीसरे सेमेस्टर की दो छात्राओं एवं पांचवें सेमेस्टर की एक छात्रा मेरिट सूची में शीर्ष दस स्थानों में से तीन स्थानों पर अपना परचम लहराया है। यह उपलब्धि सभी अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं सभी संकायों के अध्यापकों के लिए हर्ष एवं गर्व की बात है।

# मेहनत पर फिरा पानी, गेहूं की कटी फसल बारिश से भीगी

अनंत ज्ञान, नादौन



खेतों में बारिश से भीग रही गेहूं की कटी फसल।

सोमवार सुबह से हो रही बारिश के चलते किसानों की फसल को काफी नुकसान हुआ है। किसानों द्वारा खेतों में काटी गई गेहूं की फसल बुरी तरह से भीग गई है।

सोवार सुबह से ही हल्की-हल्की बारिश शुरू हो गई, जिसके चलते किसानों को अपनी फसल को एकत्र करके ढांपने का भी समय नहीं लगा है। किसानों को चिंता सता रही है कि यदि बारिश ऐसे ही जारी रही तो उनकी मेहनत की कमाई पर पानी फिर जाएगा।

किसान राजेश कुमार, प्रताप सिंह, राजीव, सतीश, सविता देवी, सरोज कुमार, पुष्पा देवी, सोमा देवी का कहना है कि एक तो पहले ही किसानों के फसल तूफान से ढह गई, जिससे गेहूं की फसल में दाना बहुत कम पड़ा है और अब जब फसल तैयार हो गई है तो बारिश की मार से किसानों को और ज्यादा नुकसान हो गया है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए।

**राजनीति** सीएम का दौरा रद्द होने पर अनीश अहमद ने केंद्र सरकार को घेरा

# दस साल से केंद्र में जुमलों की सरकार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

बेमौसमी बारिश के कारण सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र संह सूक्खू का भोरंज दौरा रद्द होने पर एआईसीसी के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र प्रभारी अनीस अहमद ने मोर्चा संभाला।

विधायक सुरेश कुमार ने अपने विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री की तीन जनसभाएं रखी थीं। लेकिन बारिश व खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री का हेलिकॉप्टर शिमला से उड़ान नहीं भर पाया। इसे देखते हुए महाराष्ट्र की पूर्व सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे डॉ. अनीस अहमद ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार को जमकर घेरा।

उन्होंने कहा कि दस साल से केंद्र में जुमलों की सरकार चल रही है। लोगों के साथ किए वादों में से एक भी केंद्र सरकार ने पूरा नहीं किया। न तो दो करोड़ रोजगार एक साल में मिले, न 15-15 लाख लोगों के खातों में आए, न ही महंगाई पर लगाम लगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए लोकतंत्र की हत्या करने में लगी है। इस मौके पर विधायक सुरेश कुमार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बन्याल, कॉंगड़ा कॉप्रेटिव बैंक के चेयरमैन कुलदीप पठनिया, चेयरमैन रामचंद पठानिया, अरुण ठाकुर उपाध्यक्ष बांका राम, सुभाष जैलदार, राजीव राणा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, पंचायत प्रधान मौजूद रहे।

### मोदी सरकार की नीतियों से देश में बढ़ रही गरीबी: डॉ. पुष्पेंद्र

**हमीरपुर।** कांग्रेस के जन जागरण अभियान के तहत डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने ग्राम पंचायत अमरोह के चुनाहल गांव में नुक्कड़ सभा की। इस सभा में उन्होंने लोगों को बताया कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार का प्रत्येक निर्णय आम जनमानस के हित से कोसों दूर है और इसे केवल बड़े-बड़े व्यापारिक घरानों को फायदा हो रहा है। उसकी वजह से पूरे भारतवर्ष की आर्थिकी कुछ चंद परिवारों के हाथों में आ गई है जबकि मोदी जी अपनी पीठ थपथपा रहे हैं कि वह 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं जो कि स्पष्ट साबित कर रहा है कि मोदी सरकार की नीतियां जन विरोधी हैं, जिसकी वजह से देश के अंदर प्रतिदिन गरीबी बढ़ती जा रही है और और आम जनमानस का शोषण हो रहा है।

# शिक्षण संस्थानों में स्काउट-गाइड गतिविधि का संचालन करने के निर्देश

अनंत ज्ञान, हमीरपुर



बैठक में मौजूद जिला मुख्य आयुक्त एवं उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल व अन्य।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की जिला स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन जिला मुख्य आयुक्त एवं उच्च शिक्षा उप निदेशक अनिल कौशल की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान अनिल कौशल ने सभी शिक्षण संस्थानों में स्काउट-गाइड गतिविधि का अनिवार्य रूप से संचालन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों का सर्वे करवाया जाएगा एवं इस बात की समीक्षा की जाएगी कि कौन-कौन से स्कूलों में अभी तक स्काउटिंग गतिविधि को शुरू नहीं किया गया है। रजनीश रांगडा ने कहा कि स्काउट्स और गाइड्स बच्चों और किशोरों को रचनात्मक दिशा देने, उनके बीच समाज सेवा बढ़ाने और उन्हें देश सेवा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि 9 मई को जिला के सभी स्कूलों मुखियों को स्काउटिंग के प्रति जागरूक करने हेतु कांगू में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जिला हमीरपुर के लिए पहले से ही चयनित नादौन विधानसभा क्षेत्र के प्लासी कंडरोला प्रशिक्षण केंद्र के लिए दोबारा फाइल खुलवाने का मुख्यमंत्री से आह्वान किया जाएगा। इस बैठक में नरेश, नरेंदर, निशा, राजेश भाटिया, प्रवीण, मोनिका, कुसुम, मीना, रक्षा, रीना, विजय, रमेश सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

सबसे महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ने के लिए अपने दुष्टात्माओं, भय और असुरक्षा जैसे तत्वों पर विजय पाना है। –महात्मा गांधी

## संपादकीय

# डर और भय की राजनीति

देशभर में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। कुल 7 चरणों में मुक्कमल होने वाले इन चुनावों के अब तक दो चरण पूरे हो चुके हैं। पहले चरण की तरह ही दूसरे चरण में भी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या पिछली बार हुए चुनावों से कम ही रही। घटता मतदान प्रतिशत दर्शा रहा है कि लोग अब मतदान को ज्यादा अहमियत नहीं दे रहे हैं। लोगों की पोलिंग बूथ से दूरी और उदासीनता राजनीतिक दलों के आत्मविश्वास को भी डगमगा रही है। पार्टियां असमंजस में पड़ गई हैं कि आखिर वे ऐसे कौन से मुद्दे लेकर लोगों के बीच जाएं, जो मतदाताओं को उनके पक्ष में मत करने के लिए मतदान केंद्र तक ले आने के लिए विवश कर दे। जाहिर सी बात है कि चुनावों में सभी दल अपने पक्ष में वोट डलवाने के लिए पूरी कोशिश करते हैं, क्योंकि वोटों की संख्या ही सियासी रण में विजेता का फैसला करती है, लेकिन इस बार वोटर कुछ ज्यादा उत्साहित नहीं दिख रहा है, इसके पीछे जो कारण गिनाए जा रहे हैं, उन्हें चुनावी रणनीतिकार भी समझने की कोशिश कर रहे हैं। कम मतदान होने के पीछे कई तर्क भी दिए जा रहे हैं, जैसे ज्यादा गर्मी, मतदान दिवस की छुट्टी पर कहीं घूमने जाना, भाजपा शासित ज्यादातर राज्यों में चुनावी माहौल एकतरफा होने का नरेटिव आदि। कारण जो भी हो, मतदान प्रतिशतता में गिरावट एक लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। लोग अगर मतदान करने के लिए घरों से न निकले तो माना जाता है वे अपने नुमाइंदों के कामों से ज्यादा खुश नहीं हैं। इसलिए उन्हें किसी की जीत या हार से कोई सरोकार नहीं है।

मतदाता जो भी सोच रहा हो, राजनीतिक दलों ने इस उदासीनता को तोड़ने के लिए वोटर को रिझाने, मनाने की बजाए डराने के नुस्खे पर काम शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत पहले विपक्ष की तरफ से ही की गई। विपक्षी पार्टियों द्वारा कई चुनावी सभाओं में कहा गया कि भाजपा और एनडीए को 400 पार का बहुमत इसलिए चाहिए कि देश के संविधान को बदला जा सके। भाजपा भारी बहुमत हासिल कर बाबा भीमराव के संविधान को बदलना चाहती है। हालांकि कोई यह बताने की स्थिति में नहीं है कि संविधान बदलने का निश्चित अर्थ और विषयवस्तु क्या है। अगर भाजपा इसे बदलना भी चाहे तो क्या बदलेगी? दबी जुबान से यह बात फैलाई जा रही है कि संविधान नए सिरे से लिखा जाने वाला है, जो मनुस्मृति पर आधारित होगा। विपक्ष मनुस्मृति का नाम लेकर दलितों और पिछड़ों में डर का माहौल बना रहा है क्योंकि ये वर्ग मनुस्मृति को सवर्णों द्वारा रचित एक ऐसी स्मृति मानते हैं, जिसमें जातिवाद को बढ़ावा दिया गया है।

दूसरा डर विपक्षी दल जो लोगों को दिखा रहे हैं, वह है आरक्षण खत्म करने का। इनका कहना है कि अगर भाजपा भारी बहुमत से जीत जाएगी तो आरक्षण को खत्म कर देगी। आरक्षण खत्म हुआ तो दलित और पिछड़े लोग एक बार फिर से हाशिये पर चले जाएंगे, लेकिन सच तो यह है कि देश के लोकतांत्रिक तकाजों और विवशताओं के चलते उपरोक्त दोनों दावे जमीनी हकीकत से काफी परे हैं। डर की राजनीति विपक्ष ही नहीं सत्ता में बैठी भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां भी कर रही हैं। भाजपा के विकास और देश को विश्व गुरु बनाने के दावे भी अब आर्थिक न्याय-अन्याय के बीहड़ों में छटपटाते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस घोषणा पत्र में आर्थिक समानता के वादे को उलटाते हुए मतदाताओं और खासकर हिंदू मतदाताओं को डराया कि कांग्रेस सभी का आर्थिक सर्वेक्षण कराके तमाम हिंदुओं की संपत्ति हड़प कर मुसलमानों में बांट देगी। प्रधानमंत्री के बाद पार्टी के अन्य नेता भी अब इसी डर को पैदाकर हिंदू वोटरों से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे हैं। विकास और मुद्दों की राजनीति अब डर और भय की राजनीति में तब्दील होती दिख रही है। ■

# लापरवाही से नन्हे फूल खिलने से पहले ही मुरझा रहे

काश लापरवाही नहीं की होती तो मासूम हर्षिता आज जिंदा होती। लापरवाही से नन्ही मासूम चिरनिद्रा सो गई? इसका जिम्मेदार कौन है? यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है। अलसुबह जिन माता-पिता ने अपनी मासूम बच्ची को खुशी से स्कूल भेजा था, उन्हें इस बात का इल्म नहीं था कि चंद पलों में उनकी बच्ची लाश में तब्दील हो जाएगी। गत 28 अप्रैल को ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा ऊना के बंगाणा में हुआ, जहां एक मासूम बच्ची स्कूल बस का दरवाजा अचानक खुलने से नीचे गिर गई और टायर के नीचे कुचली गई और बेमौत मारी गई। ड्राइवर की लापरवाही से यह दर्दनाक हादसा हुआ है। इससे पहले कांगड़ा के नूरपुर के चेली में एक निजी स्कूल की बस के खाई में गिरने से 26 बच्चों समेत 30 की मौत हो गई थी, जिनमें से अधिकतर बच्चे नर्सरी में पढ़ने वाले थे। नन्हे फूल खिलने से पहले ही मुरझा गए। इस हादसे में मरने वालों में बस का चालक, एक शिक्षक व एक युवती शामिल थी। एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार को बचाने के चक्कर में यह हादसा सामने आया था।

घटनास्थल पर बच्चों के बैग, टिफिन,किताबें बिखरी पड़ी थीं। माता-पिता अपने लाडलों के सामान को देखकर रो रहे थे। चारों तरफ खून बिखरा था तथा चीखो-पुकार मची हुई थी। मां-बाप बदहबास अपने चिरागों को ढूंढ रहे थे, लेकिन चिराग चिर निद्रा में सो चुके थे। देश में बढ़ते स्कूली बस हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। प्रतिवर्ष स्कूली बच्चे बेमौत मारे जा रहे हैं, मगर व्यवस्था बहरी बनी हुई है। ऐसी खौफनाक त्रासदियां असमय मासूमों को निगल रही हैं। ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा सुंदरनगर में भी हुआ था, वहां भी नन्हे छात्र मारे गए थे। पंजाब के गुरदासपुर शहर के नजदीक पटियाल में 12 जनवरी, 2016 को अलसुबह घटित हुआ था जब एक निजी स्कूल की बस 40 फुट नीचे नहर में गिर गई थी। इसमें तीन बच्चों की मौत हो गई थी और 25 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बस में 55 बच्चे सवार थे, जबकि इसमें 32 बच्चों के बैठने की क्षमता है। घटना का कारण किसी गाड़ी द्वारा बस को टक्कर मारी गई थी, जिस कारण बस नहर में जा गिरी थी। वर्ष 2015 में हिमाचल के सिरमौर जिले के नाहन में एक स्कूल बस के 150 फुट नीचे गिरने से एक छह साल की छात्रा की मौत हो गई थी और 34 बच्चे घायल हो गए थे।


लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

स्कूल बस को स्कूल का प्रिंसिपल खुद चला रहा था, जिसे बस चलान ही नहीं आती थी, मगर इस प्रिंसिपल की लापरवाही के कारण एक बच्ची मौत के आगोश में चली गई थी। ऐसे लापरवाह प्रिंसिपल के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया था। मगर जो बच्ची इसकी गलती से बेमौत मारी गई, उसकी भरपाई कौन करेगा। यह बहुत ही दुखद घटना थी। केजी से लेकर छठी कक्षा तक के लगभग 35 बच्चे इस बस में सवार थे। ऐसे लोगों को आजीवन कारावास देना चाहिए, जो जानबूझकर गलतियां करते हैं। ये हादसे नहीं सरासर हत्याएं हैं। वर्ष 2013 को भी एक ऐसा ही हादसा हुआ था, जिसमें बच्चों की लाशों का अंबार लग गया था। जालंधर-नकोदर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रक व स्कूली बस में हुई टक्कर से 13 मासूमों की मौत हो गई थी। अकाल अकादमी के बच्चों की अकाल मौत से कई घरों के चिराग बुझ गए थे। आखिर कब तक ऐसी लापरवाहियों के कारण मौत के मुंह में समाते रहेंगे मासूम, यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। इन बच्चों की उम्र करीब 10 वर्ष थी। बस में 24 बच्चे सवार थे। स्कूली बच्चों की मौत का यह कोई पहला हादसा नहीं है, इससे पहले भी हजारों बच्चे काल का ग्रास बन चुके हैं। तेज रफ्तार के कारण न जाने कितने फूल खिलने से पहले ही मुरझा गए।

गत वर्ष अंबाला में भी ऐसा हृदयविदारक हादसा हुआ था, जिसमें भी बच्चों की मौत हुई थी। देश में स्कूली बच्चों के हादसों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। अभिभावकों में खौफ बढ़ता जा रहा है कि स्कूल बसें मौत का ताबूत क्यों बनने लगी हैं। इन हादसों में जिन्होंने अपने नौनिहाल खोए हैं, उन्हें उबरने में वर्षों लगेंगे। पिछले कुछ सालों से स्कूली बच्चों को लाने वाले वाहनों के दुर्घटना के मामलों में वृद्धि होती जा रही है। अतीत में घटित हादसों से सबक लिया होता तो ऐसे हादसे दोबारा न होते। चालकों की लापरवाही का खामियाजा बच्चों को जान देकर भुगतना पड़ रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो इससे पहले भी बड़े-बड़े हादसे हो चुके हैं। 23 दिसंबर, 1995 को हरियाण के मंडी डबवाली में भयंकर आग से 400 बच्चों की दर्दनाक मौत हुई थी। वर्ष 1997 में राजधानी दिल्ली में एक स्कूल बस यमुना नदी में जलमग्न हो गई थी जिसमें 28 बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि 56 जख्मी हुए थे। वर्ष 1998 में कोलकाता में बच्चों को पिकनिक पर ले जा रही बस पदमा नदी में गिर गई, जिसमें लगभग 53 बच्चे मारे गए थे।

अगस्त, 2004 में तमिलनाडु के कुंभकोणम में स्कूल में आग लगने से 90 नौनिहालों की मौत हुई थी। एक अगस्त, 2006 को हरियाणा के सोनीपत के सतखुंबा में स्कूली बस के नहर में गिरने से 6 मासूमों की मौत हो गई थी। 30 मई 2006 को श्रीनगर में पिकनिक पर गए बच्चों की नाव का संतुलन बिगड़ने से 22 बच्चों की मौत हो गई थी। 26 जनवरी, 2008 को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने जा रहे बच्चों की बस रायबरेली के मुंशीगंज में ट्रक से भिड़ी, जिसमें 5 बच्चे मारे गए। 16 अप्रैल, 2008 को गुजरात के वड़ोदरा जिले में नर्मदा नदी में स्कूली बस पलट गई, जिसमें 44 बच्चे मारे गए। 14 अगस्त, 2009 को कर्नाटक के मंगलौर में फाल्गुनी नदी में स्कूली बस गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी। 20 अगस्त, 2009 को मुंबई में एक स्कूल बस में आग लगने से 20 विद्यार्थी झुलस गए थे। दिल्ली के वजीरावाद हादसे के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्कूली बसों से छात्रों की सुरक्षा के लिए कई कानून बनाए थे, मगर इसके बाद भी इन दुर्घटनाओं पर रोक नहीं लग सकी। लगता है इन नियमों को लागू करने में खामियां रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के मुताबिक चालक को भारी वाहन चलाने का पांच साल का अनुभव होना चाहिए तथा दो बार चालान होने पर चालक को सेवा से हटाया जाए। अधिकतम रफ्तार 40 किमी प्रति घंटे हो, बस में फर्स्ट एड बाक्स के साथ आग बुझाने का यंत्र उपलब्ध होना चाहिए, मगर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की सरासर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इस तरह के हादसे स्कूल प्रबंधन की खामियों को उजागर करते हैं। स्कूल प्रबंधन अप्रशिक्षित चालकों को रखते हैं, ऐसे लापरवाह चालकों का लाइसेंस रद्द करके सजा देनी चाहिए। यातायात पुलिस को भी ऐसे तेज गति से वाहन चलाने वालों को सबक सिखाना चाहिए। अब भले ही सरकारें व स्कूल प्रबंधन लाखों रुपए का मुआवजा दे, लेकिन यह उनके चिरागों को वापस नहीं कर सकता। सरकार को भी चाहिए कि लापरवाह स्कूल प्रबंधकों के स्कूलों की मान्यता खत्म करके प्रबंधकों को सजा दी जाए। इस हादसे से सबक न सीखा तो भविष्य में भी नन्हे चिराग बुझते रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# राहुल गांधी को अमेठी से लड़ना चाहिए चुनाव?

कांग्रेस अमेठी और रायबरेली को लेकर असमंजस में है। अपनी परंपरागत सीट पर अपना उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है। अमेठी और रायबरेली को लेकर मंथन जारी है। कहा यह जा रहा है कि यहां पांचवें चरण में वोटिंग होगी, इसलिए पर्याप्त समय है, लेकिन सम्भवत: सच यह है कि अभी राहुल गांधी एवं प्रियंका खुद तय नहीं कर पाए हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में उतरना है या नहीं।

फिलहाल दिखावे के लिए यह फैसला पार्टी अध्यक्ष खड़गे पर छोड़ दिया गया है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि राहुल गांधी और प्रियंका रायबरेली और अमेठी से चुनाव लड़ें। कार्यकर्ताओं की मांग जायज भी है, लेकिन पार्टी राहुल और प्रियंका को उम्मीदवार बनाने में डर क्यों रही है, यह समझ से परे है। उन्हें क्या हार का डर भयभीत कर रहा या फिर वे चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसा नहीं है तो उन्हें पार्टी का उम्मीदवार घोषित करना चाहिए।


लेखक : प्रभुनाथ शुक्ल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

कहा जाता है कि कांग्रेस में संगठन या फिर गांधी परिवार का फैसला सर्वमान्य होता है। मुझे तो ऐसा नहीं लगता क्योंकि अगर बात पार्टी स्तर पर होती तो अब तक फैसला हो गया होता, लेकिन मुझे लगता है इसमें राहुल और प्रियंका गांधी का निजी निर्णय है जिसकी वजह से पार्टी फैसला नहीं ले पा रही है। प्रियंका गांधी ने कई बार संकेत दिया है वह चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं, लेकिन वर्तमान समय में जो स्थिति है, वह कांग्रेस के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। अमेठी और रायबरेली के लिए यह स्थित हम गांधी परिवार के लिए कम से कम चुनौती पूर्ण नहीं मानते हैं, क्योंकि अभी तक वहां से सोनिया गांधी संसद पहुंचती रहीं हैं। जहां तक मेरा मानना है राहुल और प्रियंका गांधी को निश्चित रूप से अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ना चाहिए। कांग्रेस के लिए हार-जीत के मायने से कहीं अधिक महत्वपूर्ण अमेठी और रायबरेली की जनता का सम्मान है, क्योंकि दोनों अहम सीट गांधी परिवार की परंपरागत विरासत रही हैं। यह अलग बात है कि अमेठी से भाजपा की स्मृति ईरानी चुनाव जीतने में सफल रहीं हैं। कांग्रेस राजनीति के संक्रमण काल से गुजर रही है लेकिन गांधी परिवार की अहमियत कांग्रेस और देश के लिए उतनी ही अहम है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## सट्टबसट्टे, ठग्गी ठोरी


चंचल सरोलवी
सरोल (चंबा)

*सट्टबसट्टे ठग्गी ठोरी जडे हिन कमांदे !*
*अपणे आप जो अप्पु नर्का बिच डुबांदे !!*
*नर्का बिच डुबांदे, हत्था आछोरा बेला गुआंदे!*
*फिरी ता छक्कुए वक्कुए रोई पच्छतांदे !!*
*खूब याद आंदे खूब अंदरापड़ा सुक्कांदे!*
*खरे दा खरा, बुरे दा बुरा कर्म फल पांदे!!*
*बंदा अपणे कर्मा दा सुख-दुख इत्ते भोगदा!*
*दुए जो दुख देई करि अपणा सुख तोपदा!!*
*मोह माया दे जाल बिच, हर किच्छ इत्ते झेलदा!*
*पेट दी खात्तर बंदा, अणकीणे पापड़ बेलदा!!*
*नेक कमाई थोड़ी भी मतिसारी वरकत दिंदी!*
*पाप कमाई मतिसारी भी, व्यर्थ फजूल खरचिंदी!!*

# मोबाइलफोन की आभासी दुनिया में खोता बालमन

सोशल मीडिया पर आए दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी, जिसमें ड्राइंग रूम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं, पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफ है कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सऐप या इसी तरह के किसी दूसरे ऐप पर व्यस्त होगा। सवाल साफ है कि जो हम देखेंगे, उसमें हमें पसंद भी वह ही आएगा, जो अधिक ग्लैमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चैटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों-बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही है, वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलो करते-करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है।


लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सोशियल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं, उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बैन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफ देखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफार्म, ऐप आदि पर रोक लगाने के लाख दावे किए जाते हों, पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नहीं करे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी, तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवत: इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चे को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं जिससे हमें जल्द छुटकारा पाना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गांवों में क्यों खोले जाएं श्रेष्ठ कॉलेज व स्कूल?

कभी विचार कीजिए कि किसी स्कूल या कॉलेज को किस आधार पर श्रेष्ठ कहा जाना चाहिए? बेशक, इसका एकमात्र पैमाना यही हो सकता है कि उस शिक्षण संस्थान ने अपने विद्यार्थियों को इस तरह के संस्कार दिए, जिसके चलते उन्होंने आगे चलकर बेहतर नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा की। इसका एक पैमाना यह भी हो सकता है कि क्या उसने (शिक्षण संस्थान) ने अपना विस्तार किया? विस्तार से मतलब है कि क्या उसने अपनी कोई अन्य शाखा भी खोली और वहां का शिक्षण भी श्रेष्ठ और स्तरीय रहा। बेशक, इस मोर्चे पर दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज का नाम लेना होगा। सेंट स्टीफंस कॉलेज को गांधी जी के परम सहयोगी दीनबंधु सीएफ एंड्रूज की संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी ने स्थापित किया था। एंड्रूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के समर्थक थे। उन्होंने सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाया भी। अब उनके कॉलेज ने अपना विस्तार कर लिया है। इसने कोई अन्य कॉलेज नहीं खोला है।

दरअसल अब दिल्ली ब्रदरहुड़ सोसायटी ने दिल्ली और हरियाणा के सोनीपत की सीमा के राई नामक ग्रामीण क्षेत्र में सेंट स्टीफंस कैंब्रिज स्कूल खोला है। यानी कि यह स्कूल शहरों और महानगरों की चमक-दमक से दूर ज्ञान की रोशनी को फैलाएगा। निश्चित रूप से प्रत्येक शिक्षण संस्था का यही लक्ष्य होना चाहिए। भारत के गांवों में जितने बेहतर स्कूल खुले, उतना ही बेहतर होगा। हमारे बड़े-बड़े शहरों में तो अब खूब स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खुल रहे हैं, पर जरूरत है ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक स्कूल खोलने की, जिनकी स्तरीय फैक्ल्टी हो और वहां बाकी तमाम सुविधाएं भी मौजूद हों। यह प्रयास पिछले लगभग 140 वर्ष में 700 से ज्यादा शिक्षण संस्थान देश में कर रहे हैं। सन 1885 में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित डीएवी (पूरा नाम-दयानंद ऐंग्रो वैदिक स्कूल और कॉलेज) समूह इस बात का उत्कृष्ठ उदाहरण है कि समाज में सेवा भावना से चलाया जाने वाला कार्य भी सफल हो सकता है।


लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक एवं पूर्व सांसद

अभी कुछ दिन पहले संघ लोक सेवा परीक्षा (यूपीएससी) की परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए। सारा मीडिया सफल कैंडिडेट्स के इंटरव्यू करता रहा। बीते सालों की तरह से इस बार भी राजधानी के सेंट स्टीफंस कॉलेज से पढ़े हुए बहुत से विद्यार्थियों ने यूपीएससी परीक्षा को क्रैक किया। सेंट स्टीफंस कॉलेज के छात्र रहे अंशुल भट्ट ने मेरिट लिस्ट में 14वां स्थान ग्रहण किया। विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से लेकर भारतीय रिजर्व बैंक अध्यक्ष शक्तिकांत दास सेंट स्टीफंस कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी सेंट स्टीफंस कॉलेज से ही पढ़ाई की है। इसने देश के न जाने कितने सितारे निकाले हैं, जिनकी गिनती करना असंभव है। सेंट स्टीफंस कॉलेज के शुरुआती दौर में पढ़ने के लिए मौजूदा हरियाणा राज्य से चौधरी छोटूराम भी आया करते थे। वह आगे चलकर किसानों के मसीहा कहलाए। अब भी हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ग्रामीण जनता चौधरी छोटूराम को अपना मसीहा मानती है। संयोग देखिए कि अब उनके प्रदेश में उनके शिक्षण संस्थान ने दस्तक दे दी। जाहिर है, इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की जनता को भी मिलेगा। एक बात बहुत साफ है कि स्तरीय शिक्षा सर्वसुलभ होनी बहुत आवश्यक है। इसके लिए जरूरी है कि सालों, दशकों से स्थापित शिक्षण संस्थाएं अपना तेजी से विस्तार करें। वे देश के ग्रामीण क्षेत्रों का रुख भी करें। वहां पर स्तरीय और सस्ती शिक्षा उपलब्ध करवाएं।

स्कूल या कॉलेज खोलने का आधार अपनी जेबें भरना नहीं होना चाहिए। जो शिक्षा के नाम पर मोटी कमाई कर रहे हैं, वे सच में मां सरस्वती का अपमान कर रहे हैं। मैं यहां पर महात्मा गांधी के परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला का उल्लेख करना चाहता हूं। चांदीवाला गांधी जी से पहली बार 1918 में मिले थे। तब गांधी जी दिल्ली आए ही थे। उसके बाद वे गांधी जी के जीवपर्यंत शिष्य बनकर साथ रहे। उन्होंने गांधी जी के पार्थिव शरीर का 31 जनवरी,1948 की रात को अंतिम स्नान भी करवाया था। ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने अपनी मां और समाज सेविका श्रीमती जानकी देवी जी के नाम पर 1959 में राजधानी में जानकी देवी कॉलेज स्थापित किया था। इस कॉलेज ने अब तक लाखों बेटियों को साक्षर बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया है। यहां इंद्रप्रस्थ हिंदू गर्ल्स स्कूल की चर्चा करना समीचीन होगा। राजधानी का यह कन्या विद्यालय 1904 में शुरू हुआ था। यह उत्तर भारत के पहले कन्या विद्यालयों में से एक माना जाता है। इस स्कूल के प्रबंधन ने ही राजधानी में इंद्रप्रस्थ कॉलेज खोला, जिसने हाल ही में अपना 100 साल का सफर पूरा किया है।

यह कैसे हो सकता है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक रामजस कॉलेज के संस्थापक, शिक्षाविद और दानवीर राय केदारनाथ का उल्लेख रह जाए। उन्होंने अपने पिता लाला रामजस मल के नाम पर रामजस कॉलेज और अनेक स्कूल स्थापित किए। राय केदारनाथ दिल्ली के सेशन जज भी रहे। उन्होंने अपनी नौकरी को छोड़कर ज्ञान की रोशनी फैलाने में अपना जीवन लगा दिया। कितना अच्छा हो कि दिल्ली विवि की तरफ से किसी ग्रामीण इलाके में स्कूल चलाया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

**भारतीय** सिनेमा के पितामह दादा साहेब फाल्के का जन्म महाराष्ट्र के नासिक शहर के निकट प्रसिद्ध तीर्थ स्थल त्र्यंबकेश्वर में 30 अप्रैल, 1870 को हुआ। उनका असली नाम धुंडिराज गोविंद फाल्के था। उनके पिता गोविंद सदाशिव फाल्के संस्कृत के विद्वान और मंदिर में पुजारी थे। साल 1913 में उन्होंने 'राजा हरिशचंद्र' नाम की पहली फुल लेंथ फीचर फिल्म बनाई थी। दादा साहेब सिर्फ एक निर्देशक ही नहीं बल्कि एक जाने माने निर्माता और स्क्रीन राइटर भी थे। उन्होंने 19 साल के फिल्मी करियर में 95 फिल्में और 27 शॉर्ट फिल्में बनाईं। दादा साहेब फाल्के को फिल्म बनाने का ख्याल 'द लाइफ ऑफ क्राइस्ट' देखने के बाद आया। इस फिल्म ने उन पर इतनी गहरी छाप छोड़ी कि उन्होंने ठान ली कि अब उन्हें भी फिल्म बनानी है। हालांकि, यह काम आसान नहीं था। इसके लिए वह एक दिन में चार-पांच घंटे सिनेमा देखा करते थे, ताकि वह फिल्म मेकिंग की बारीकियां सीख सकें। उनकी पहली फिल्म का बजट 15 हजार रुपए था, जिसके लिए उन्होंने अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया था। उस समय फिल्म बनाने के जरूरी उपकरण केवल इंग्लैंड में मिलते थे, जहां जाने के लिए उन्होंने अपनी जिंदगी की सारी जमा पूंजी लगा दी थी। दादा साहेब की आखिरी मूक फिल्म 'सेतुबंधन' थी। दादा साहेब ने 16 फरवरी, 1944 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। भारत में सिनेमा की शुरुआत करने के लिए उनके सम्मान में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड दिया जाता है। साल 1969 में इसकी शुरुआत हुई थी।


दादा साहेब फाल्के
जन्म : 30 अप्रैल, 1870
मृत्यु : 16 फरवरी, 1944

## अपनी बात

**सुविधा** के नाम पर आपको मोबाइलफोन घातक रोगों का शिकार बना रहा है। मात्र शराब सिगरेट की लत ही व्यक्ति के जीवन को संकट में नहीं डालती, अपितु संसार के किसी भी वस्तु या सामग्री की लत हमारे लिए हानिकारक है। इनमें से एक मोबाइलफोन की लत है जिसके वजह से जीवन में विभिन्न पहलुओं से संबधित अनेक समस्याएं व्यक्ति के लिए उत्पन होती हैं।


ब्यास देव, सोलन

हमारे स्वास्थ्य पर मोबाइलफोन के लत का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। इसके अधिक उपयोग से व्यक्ति में चिड़चिड़ापन का होना, हमेशा सिर दर्द की समस्या, नेत्र संबंधित समस्या, अनिद्रा व मोबाइलफोन के हानिकार रेडिएशन से हृदय संबधित रोग भी हो सकते हैं। बच्चों-किशोरों के लिए तो यह स्थिति और भी घातक है। रात में बहुत देर तक मोबाइल स्क्रीन देखने से आंखों की रोशनी तक जा सकती है।

# भारतीय नृत्य संस्कृति की दुनियाभर में पहचान

नृत्य दुनिया भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' की शुरुआत 29 अप्रैल, 1982 से हुई थी। यह खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। जहां तक भारतीय नृत्यों की बात है, दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं।

इंग्लैंड की महारानी हों या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का यह विशेष दिन यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थियेटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' की थीम 'नृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका' थी। भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं, जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गई हैं।


लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दर्शाना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। यह दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बताई जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था, तभी से दुनिया भर में नृत्य की उत्पत्ति हुई। भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला ही नहीं, एक परंपरा, संस्कृति और धरोहर भी है। तभी भारत की तमाम रंगमंच संस्थाएं और नृत्य समितियां नृत्य दिवस को खास अंदाज से मनाती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 12वीं की परीक्षा में जिले में लड़कियों का डंका, पलक हिमाचल में चौथे स्थान पर

## एनडीए में प्रवेश कर देश की सेवा करेगी पलक


पलक को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए अध्यापक व अन्य।

**मंडी ।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम में एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों का परिणाम बेहतरीन रहा है। इस परीक्षा में 28 छात्रों ने साइंस स्ट्रीम में भाग लिया था। इस परीक्षा में एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र पलक ठाकुर ने 500 में से 490 अंक प्राप्त कर हिमाचल प्रदेश बोर्ड में चौथा स्थान हासिल किया है। पलक ठाकुर ने अपने प्रारंभिक शिक्षा से लेकर दसवीं कक्षा की परीक्षा तक सीबीएसई बोर्ड से 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। पलक के पिता लेखराज आर्मी में सेवारत हैं, जबकि माता सोनिया ठाकुर एक गृहिणी हैं। पलक एनडीए में प्रवेश कर देश की सेवा करना चाहती है।

## अध्यापक बनना चाहती है नेहा



**करसोग ।** सोमाकोठी क्षेत्र में किसान की बेटी नेहा ने 12वीं में पूरे प्रदेश में दसवां स्थान अर्जित किया है। नेहा ने बताया कि वह एक मध्यम वर्गीय परिवार से आती है और उनके पिता तारा चंद किसान है। वहीं, उनकी मां सुमित्रा गृहिणी है। सोमाकोठी स्कूल में पढ़ती है। नेहा ने बताया कि वह लगातार 9 घंटे पढ़ाई कर रही थी। उन्होंने 500 में से 480 अंक प्राप्त कर हिमाचल में आठवां स्थान अर्जित किया है। किसान परिवार में रहकर बिना कोचिंग लिए हुए उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। इसके साथ ही टॉपर ने अपने परिवार के साथ ही करसोग क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी है। नेहा का सपना अध्यापक बनने का है और वो अब इसके लिए तैयारी करेंगी।

## मनोरमा व मृदुल भी टॉप 10 मेरिट में शामिल



मनोरमा व मृदुल आहलूवालिया।

**मंडी ।** जिला मंडी की अग्रणी शिक्षण संस्थान एसवीएम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महाजन बाजार मंडी के प्रमुख स्कूलों में से एक है और स्कूल का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। पाठशाला की 12वीं कक्षा की छात्रा मनोरमा ने 97.20 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट सूची में आठवां स्थान और छात्र मृदुल आहलूवालिया ने 97 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट सूची में नौवां स्थान प्राप्त कर जिलाभर में स्कूल का नाम रोशन किया है। 12वीं वाणिज्य संकाय व विज्ञान संकाय का परिणाम 100 प्रतिशत है। विज्ञान संकाय में मनोरमा ने 97.20 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान व मृदुल आहलूवालिया ने 97 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा निहारिका ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में भाविका सैणी ने 93 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान व वंशिका ठाकुर ने 91.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान तथा तुषार सेन ने 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## आईएएस बनना चाहती है रोशनी देवी


मिठाई खिलाती रोशनी देवी की माता।

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम में राजकीय कन्या महाविद्यालय मंडी की रोशनी देवी आठवें स्थान पर रही है। रोशनी देवी ने बताया कि वह आईएएस बनना चाहती है और इसके लिए वह मन लगाकर पढ़ाई करेगी। कला संकाय की रोशनी देवी को उसकी माता ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### खाली हाथ सेवानिवृत्त होंगे एनएचएम कर्मी : राणा



**मंडी ।** स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के कर्मी पिछले 17 साल से नियमितीकरण की राह देखते देखते खाली हाथ सेवानिवृत्त हो रहे हैं। यह बात स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत ब्लॉक अकाउंटेंट केवल सिंह राणा ने कही। नवनीत गुलेरिया उपाध्यक्ष राज्य स्वास्थ्य समिति (एनएचएम) अनुबंध कर्मचारी संघ हिमाचल प्रदेश ने बताया कि जब भी कोई कर्मचारी किसी विभाग से सेवानिवृत्त होता है, तो उसके लिए बहुत खुशी का क्षण होता है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के तहत लगे कर्मचारी की सेवानिवृत्ति होती है, तो उनके लिए बेहद दुःख का क्षण होता है, क्योंकि एनएचएम कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लाभ (ग्रेच्युटी) नहीं मिलता है, जबकि जो वेतनमान उनको मिलता है उससे उसके परिवार का जीवन यापन भी ठीक से नहीं चलता है।

### लंदरुही में महंत सभा का वार्षिक अधिवेशन संपन्न



**जोगिंद्रनगर ।** महंत सभा ने वार्षिक अधिवेशन का आयोजन लंदरुही मंदिर में किया गया। इसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान निर्मल कुमार ने की। अधिवेशन में पूरे साल जिन-जिन लोगों की सभा द्वारा मदद की गई है उसका पूरा ब्योरा सभा में रखा गया। इसके साथ ही सदस्यों की सहमति से सभा में अध्यक्ष निर्मल कुमार द्वारा बच्चों की शिक्षा से संबंधित विशेष चर्चा की गई और सभा के सदस्यों को इसके बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर सभा की उपाध्यक्ष अंजना कुमारी, मीडिया प्रभारी नरेश कुमार, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव हरीश कुमार, उपसचिव सुमना देवी, वरिष्ठ सलाहकार पुनूराम आदि उपस्थित रहे।

### लोकसभा चुनाव में भाग लेने के लिए किया प्रेरित




**पधर ।** ग्राम पंचायत बड़ीधार में मतदान प्रतिशत बढ़ाने अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मत के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए स्वीट टीम के तहत नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में जागरूक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह और स्थानीय जनता को शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता किया गया।

### मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने का किया आह्वान



**सरकाघाट।** बूथ नंबर नौबाही व बूथ नंबर 40 मौंही व आसपास के क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने कहा कि सरकार चुनने में मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार ही नहीं है, बल्कि हमारा कर्तव्य भी है। उन्होंने आगामी 1 जून को अधिक से अधिक मतदाताओं से मतदान करने का भी आह्वान किया है, ताकि सरकाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मत प्रतिशत गत लोकसभा चुनाव के मुकाबले बढ़ सके।

### दो मई को हिमाचल धाम आश्रम में होगा सत्संग

**मंडी।** विश्व जागृति मिशन मंडी मंडल की ओर से विश्व विख्यात संत श्री सुधांशु जी महाराज के अनुयायियों द्वारा उनके जन्मदिन पर 2 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक हिमाचल धाम गागल में सत्संग संकीर्तन आयोजित किया जाएगा। मंडी मंडल के प्रधान कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि सत्संग में भाग लेने वाले भक्तों के लिए मिशन की ओर से चक्कर से गागल तक पहुंचने के लिए गाड़ी की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध रहेगी।

### मतदान जागरूकता के लिए लांच किया गाना



**जोगिंद्रनगर।** सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने आगामी एक जून को होने जा रहे आम लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता को एक गाना लांच किया। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत आया मौसम बहारा रा, वोटा री कतारा रा गाने का आडियो जारी किया। इस गाने के बोल व स्वर राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की संगीत अध्यापिका मृदुला कुमारी ने दिए हैं। इस मौके पर तहसीलदार जोगिंद्रनगर नगर डॉ. मुकुल शर्मा, नोडल अधिकारी स्वीप खजान सिंह ठाकुर, प्राध्यापिका संगीत मृदुला कुमारी, तिलक शर्मा भी मौजूद रहे।

## कुफरी स्कूल से नौ माह पहले डेपुटेशन पर गई अध्यापिका आज तक नहीं लौटी

# ग्रामीण डिप्टी डायरेक्टर दफ्तर का करेंगे घेराव

**अनंत ज्ञान, पधर**

शिक्षा विभाग में डेपुटेशन का जंजाल अब लोगों के गले नहीं उतर रहा है और लोगों ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि या तो डेपुटेशन जैसी प्रथा को बंद करें या लोकसभा चुनाव में वोट भूल जाओ।

लोगों का कहना है कि डेपुटेशन किसी को लाभ देने की दृष्टि से जनता के साथ किया गया धोखा है। इसके साथ ही कोई भी कर्मचारी अपने घर से 50 किलोमीटर के दायरे में न हो, ताकि घर प्रेम छूट सच्ची सेवाएं जनता को मिल सकें। ताजा मामला पधर उपमंडल का है।

बता दें कि उपमंडल पधर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुफरी से डेपुटेशन पर गई भाषा अध्यापिका अभी तक भी स्कूल वापस नहीं लौटी है।भाषा अध्यापिका अपनी सेवाएं अन्य स्कूल में दे रही हैं और पगार उन्हें कुफरी स्कूल से मिल रही है।

### सीएम से डेपुटेशन प्रथा और ट्रांसफर पॉलिसी बदलने की मांग


अपने बच्चों के भविष्य को लेकर निराश अभिभावक।

### नौ माह बाद भी अध्यापिका का डेपुटेशन नहीं हुआ रदद्, बच्चों की पढ़ाई हो रही बाधित : कश्मीर

**स्कूल** प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि भाषा अध्यापिका ने कुफरी स्कूल में ज्वाइनिंग करने के चंद दिनों के बाद अपना डेपुटेशन अन्य स्कूल में कर लिया, जिस कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। वहीं स्कूल प्रबंधन समिति ने अब डिप्टी डायरेक्टर दफ्तर मंडी का घेराव करने की बात कही है, साथ ही साथ उन्होंने लोकसभा चुनावों का भी बहिष्कार करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आज अध्यापिका के डेपुटेशन को नौ महीने हो गए, लेकिन अध्यापिका का डेपुटेशन आज तक रदद् नहीं किया गया।

### चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

वहीं स्कूल पहुंचे बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि अगर डेपुटेशन सरकार व विभाग ने करना ही है, तो अध्यापिका को यहां क्यों भेजा और ज्वाइनिंग क्यों करवाई। जिस कारण अन्य अध्यापकों का यहां आना मुश्किल हो गया है। कश्मीर सिंह ने बताया कि हमने कई बार सरकार और विभाग को इस संबंध में बताया लेकिन इनके कानों में जूं तक नहीं रेंगी। 29 सितंबर को अध्यापिका ज्वाइन करती है और 31 अक्टूबर को डेपुटेशन हो जाता है जो उचित नहीं है। अगर भाषा अध्यापिका का डेपुटेशन रद्द नहीं किया गया तो बच्चों के अभिभावकों ने बुधवार को डिप्टी डायरेक्टर दफ्तर मंडी के कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर घेराव किया जाएगा। अगर तब भी कुछ नहीं हुआ तो आने वाले लोकसभा चुनावों का भी बहिष्कार किया जाएगा।

## बाल विवाह कानूनी अपराध और सामाजिक कलंक : एसडीएम


बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम पधर।

**अनंत ज्ञान, पधर/धर्मपुर**


एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकने व बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रति जागरूक करने को लेकर बैठक का आयोजन पंचायत समिति भवन पधर में किया गया।

बैठक में एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति तथा गैरकानूनी है। इसकी रोकथाम के लिए कानूनी प्रविधानों के कार्यान्वयन के साथ-साथ समाज में जागृति लाने की आवश्यकता है।

वहीं एसडीएम धर्मपुर जोगिंद्र पटियाल की अध्यक्षता में भी बाल विवाह रोकथाम के लिए गठित समिति की बैठक हुई। बैठक में बाल विवाह निषेध अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

इसकी रोकथाम के लिए प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। इस संदर्भ में किसी भी जानकारी या शिकायत के लिए आम नागरिक समिति से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को बाल विवाह को जड़ से खत्म करने में सहयोग मांगा।

## कृष्ण चंद को मिला बाल साहित्य सम्मान



**मंडी ।** बाल प्रहरी-बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा उत्तराखंड की ओर से चयनित पुस्तकों के अंतर्गत हिमाचल के कृष्ण चंद्र महादेवी को वर्ष 2024 के लिए बाल साहित्य सम्मान उनके बाल कथा संग्रह 'रंगीलू की शैतानी' के लिए चयनित किया गया है।

कृष्ण चंद्र महादेविया बच्चों के लिए कहानी, कविता, एकांकी लिखने के साथ लोक साहित्य के संग्रहण प्रलेखन में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। लोक साहित्य में लोकनाट्य, लोककथा, लोक प्रहेलिकाएं, लोकोक्तियां और मुहावरे, लोक मुक्तक गीत सहित कहानी, कविता, एकांकियों पर भी लेखन किया है। सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर, डॉ. पान सिंह, गंगा राम राजी, लेख राज राणा, मनोज चौहान, भीम सिंह, सोहन डोगरा, पवन चौहान, श्याम सिंह, बीडी चौहान सहित आदि ने महादेविया को बधाई दी ।

## गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**सुंदरनगर ।** डैहर क्षेत्र में 85 वर्षीय वृद्धा के साथ गाली-गलौज व धक्का मुक्की करने पर थाना सुंदरनगर में केस दर्ज किया है। जानकारी अनुसार रामदेई (85) पत्नी स्व. सुखराम निवासी गांव दरेहड़ा डाकघर डैहर ने कहा कि रास्ते में राधा व काजल जो इसी गांव की है, ने उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। जब उसने विरोध जताया तो उन्होंने रास्ता रोककर उसे बाजुओं से खींचा और धक्का मुक्की करने लगी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## 16 वर्षीय नाबालिगा लापता

**सुंदरनगर ।** डैहर क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई है। परिजनों ने तलाश की लेकिन कोई सुराग न मिला तो उसकी रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई है। जानकारी अनुसार थाना सुंदरनगर में दर्ज केस में नाबालिग के पिता बोहरु राम ने कहा है कि 19 अप्रैल की रात को उसकी बेटी अपने कमरे में सोने गई थी। 20 अप्रैल को तड़के करीब 4 बजे जब उसकी मां कमरे में गई तो वह वहां पर मौजूद नहीं थी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विक्रमादित्य सिंह कुशल राजनीतिज्ञ : परमार



**जोगिंद्रनगर।** जिला मंडी कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह एक दिवसीय जोगिंद्रनगर प्रवास पर आए थे। परमार ने कहा कि मतदाता समझदार हैं उन्होंने इस बार कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी शिक्षित युवा को समर्थन देने का मन बनाया है। लोगों ने दोनों राजनीतिक दलों कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों का विश्लेषण किया है और समय आने पर जनता अपना समर्थन देगी।

## सुकेत नगरी में कमरुनाग भक्तों के घरों में आथित्य कर रहे स्वीकार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


देव कमरुनाग के साथ देवलू दीपक व कमलेश।

मंडी जनपद के अराध्य बड़ा देव श्री कमरुनाग आजकल सुकेत नगरी में भक्तों के घरों में आथित्य स्वीकार कर रहे हैं। इस दौरान दो देवलू दीपक ठाकुर और कमलेश ठाकुर आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। दोनों देवलू भारतीय सेना में कार्यरत हैं और देव आस्था के चलते अवकाश लेकर विशेष रूप से देवता के प्रति बरसों पुरानी परंपरा निभाने के लिए सुंदरनगर पहुंचे हैं। दोनों देवता के साथ अपने-अपने परंपरा अनुसार निहित कार्यों को पूरा कर रहे हैं। इनमें कमलेश ठाकुर देव श्री कमरुनाग को उठाने का कार्य और दीपक देवता के खास वाद्य यंत्र काहुली को बजाने का कार्य करते हैं। दोनों सेना के जवान उपमंडल सुंदरनगर के ग्राम पंचायत रोहांडा के गांव औकल के स्थाई निवासी हैं।

## 'विशेष एक्ट' बनाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान टीम, मंडी/पंडोह**


परामर्श में भाग लेते प्रतिभागी।

सौलीखड्डु में 'स्टेट कोलेशन फॉर लेजिसलेशन ऑफ शेड्यूल्ड कास्ट, शेड्यूल्ड ट्राइब्स सब प्लान' हिमाचल प्रदेश द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श आयोजित किया गया। राज्यस्तरीय परामर्श में 'एससी, एसटी सब प्लान' और आनुपातिक बजट के लिए हिमाचल प्रदेश में भी कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान तथा तमिलनाडु की तर्ज पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निधि 'स्पेशल एक्ट' बनवाने के लिए प्रदेश भर से विभिन्न संगठनों व समुदाय के अगुआ लोगों व उक्त राज्यों से एक्सपर्ट समाजसेवियों ने भाग लिया, जिसमें इस 'विशेष कानून' को बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर गहनता से चर्चा की गई।

सुखदेव विश्व प्रेमी ने बताया कि इस परामर्श में विशेष रूप से तेलंगाना राज्य से सेंटर फॉर दलित स्टडीज के चेयरपर्सन एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विकास निधि 'विशेष कानून' के मुख्य शिल्पकार एवं पैरवी कर्ता, वरिष्ठ जर्नलिस्ट मालेपल्ली लक्ष्मईयाह (जो तेलंगाना राज्य के गठन दौरान गठित एक्शन कमेटी के को कन्वीनर भी रहे हैं) ने अपने अनुभव सांझा किए।

परामर्श में सर्वसम्मति से प्रदेश के सभी राजनीतिक दलों के राज्य अध्यक्षों, राज्य प्रभारियों तथा सचिवों से गुजारिश की है कि हिमाचल प्रदेश में 'स्पेशल एक्ट' बनवाने के लिए चल रही मुहिम का समर्थन करें।

## परिवारवाद के गमले में पैदा हुए हैं विक्रमादित्य : चंदन पंडित

**अनंत ज्ञान, पधर**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह परिवारवाद के गमले में पैदा हुए नेता हैं जिनका धरातल की राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। अपने चुनाव प्रचार के दौरान वे विकासात्मक मुद्दों की बात न कर निराधार बातें कर मंडी की जनता का वोट हथियाने की फिराक में हैं। यह बात भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कही। चंदन पंडित ने कहा कि विक्रमादित्य पिछले कल द्रंग विधानसभा क्षेत्र में अपना चुनाव प्रचार कर रहे थे, तो उन्होंने अब तक मंडी संसदीय क्षेत्र के लिए क्या किया इस विषय पर उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। जबकि वह पिछले पंद्रह महीनों से प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग मंत्री हैं।

विक्रमादित्य को प्रश्न पूछते हुए भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कहा कि आज वह भुभू-जोत टनल की बात कर रहे हैं, मंडी को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 800 करोड़ रुपए की व्यवस्था करने की बात कर रहे हैं, परंतु क्या प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री रहते हुए उन्होंने 800 रुपए भी मंडी के विकास के लिए दिए हैं।

## पंडोह डैम से पानी छोड़ने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सिटीजन काउंसिल मंडी (नागरिक सभा) की बैठक अध्यक्ष ओपी कपूर की अध्यक्षता में आर्य समाज भवन में आयोजित हुई। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बीबीएमबी ब्यास नदी में निर्धारित 15 प्रतिशत पानी पंडोह डैम से छोड़ने को लेकर विचार-विमर्श किया गया और कहा कि पिछली बरसात में पंडोह बांध से एकदम बहुत अधिक मात्रा में पानी छोड़ना निचले क्षेत्र में भयंकर बाढ़ का कारण बना, जिससे जान माल की भारी हानि हुई। पुनः ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए निर्धारित मानदंड के तहत समय रहते गेट आपरेशन किया जाए।

मुद्रिका बस का बेहतर संचालन किया जाए। राइड विद प्राइड सर्विस को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। भूतनाथ बाजार, चौबट्टा बाजार, महाजन बाजार आदि बाजारों में अतिक्रमण के साथ साथ दो पहिया वाहन इन तंग गालियों में खड़े करना एक आम बात है। पीक हवर्स में यहां पैदल चलना एक जोखिम भरा काम है। शहर में बिजली, टेलीफोन व ओवरहेड केबल लाइनों का जंजाल है, जो कभी भी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकता है।

बैठक में ओम प्रकाश कपूर प्रधान, रविकांत कपूर वरिष्ठ उपप्रधान, हरीश वैद्य महासचिव, नीरज हांडा प्रैस सेक्रेटरी, पदाधिकारी अनिल गुप्ता, नरेश धीमान, सुरेंद्र शर्मा, खेमराज गुप्ता, रघुवीर मल्होत्रा, कार्यकारिणी सदस्य पीसी बिस्ट, टीएल वैद्य, अनिल शर्मा, चंद्रमणि शर्मा, सरदार गुरदीप सिंह, अजय सहगल, आदेश वैद्य, उत्तम सैनी आदि आदि शामिल हुए।

## ईगल मार्शल आर्ट्स संस्था ने कराटे प्रतियोगिता में जीते 4 पदक



कराटे चैंपियनशिप में विजेता खिलाड़ी।

**सुंदरनगर ।** बैजनाथ में आयोजित हिमाचल प्रदेश कराटे चैंपियनशिप में सुंदरनगर के कनैड स्थित ईगल स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स संस्था के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण और एक कास्य पदक जीत कर जिला का नाम रोशन किया है। संस्था के सचिव कृष्ण भूपी ने बताया अंकित कुमार ने स्वर्ण, दीया शर्मा ने स्वर्ण, जूनियर वर्ग में सुयेश शर्मा ने स्वर्ण तथा तनीषा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस दौरान संस्था के चैयरमैन दौलत राम, जीवाराम चौहान, हरि सिंह, उपमा शर्मा ने बधाई दी।

**चुनावी तैयारी** सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक में बोले निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन

# पोस्टल बैलेट से वोट देने के लिए स्थापित होंगे सुविधा केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी।

निर्वाचन अधिकारी 2-मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को यहां मंडी संसदीय क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की पोस्टल बैलेट और इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।

अपूर्व देवगन ने बताया कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट डालने के लिए एआरओ स्तर पर दूसरी इलेक्शन रिहर्सल से तीन दिन पहले सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जहां पर इलेक्शन ड्यूटी में तैनात कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट डालेंगे। जिला मंडी में दूसरी चुनावी रिहर्सल 24 मई को आयोजित होगी।

उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव करवाने के लिए बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। यह कर्मी लोकसभा चुनावों में अपना वोट डाल सकें, इसके लिए संबंधित संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को इडीसी और अन्य संसदीय क्षेत्रों के मतदाताओं पोस्टल बैलेट जारी किए जाने हैं।

### मंडी जिले में दूसरी चुनावी रिहर्सल 24 मई को

इडीसी प्राप्त कर्मी तैनाती वाले पोलिंग बूथ पर एक जून को और पोस्टल बैलेट वाले कर्मी दूसरी चुनावी रिहर्सल में अपना वोट डालेंगे। अपूर्व देवगन ने बताया कि चुनावों में पोस्टल बैलेट पेपर और इडीसी के कार्य की देखरेख के लिए नोडल अधिकारी की तैनाती होगी।

यह अधिकारी पोस्टल बैलेट और इडीसी के आवेदनों को ईमेल के माध्यम से संबंधित एआरओ को भेजेंगे, जहां कर्मचारी का वोट है और अन्य एआरओ से आए आवेदनों को प्राप्त करेंगे।

इडीसी के आवेदकों को दूसरी चुनावी रिर्हसल में चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मियों को दिया जाएगा, जबकि पोस्टल बैलेट के माध्यम के मतदान करने वाले कर्मियों को मौके पर मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट दिए जाएंगे।

## भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन का हुआ आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मौजूद मुख्य अतिथि।

जोगिंद्रनगर में भाजपा के पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस सम्मेलन में महामंत्री संगठन प्रदेश भाजपा सिद्धार्थन, मंडी संसदीय क्षेत्र संगठन मंत्री सुरेश, सह प्रभारी संसदीय क्षेत्र मंडी व विधायक नाचन विनोद कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी, जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे।

संगठन मंत्री ने कहा कि यदि पन्ना प्रमुख पूरी निष्ठा से कार्य करते हैं, तो जीत का रास्ता अवश्य प्रशस्त होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आने वाले तीस दिन पार्टी को समर्पित करने को कहा, इससे पहले कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का दस साल का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है।

उन्होंने उपस्थित पन्ना प्रमुखों से आग्रह किया कि अपने अपने बूथ पर पूरी निष्ठा के साथ लीड दिलाएं। उससे पहले मंडी संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी व नाचन विधायक विनोद कुमार ने कांग्रेस प्रत्याशी को आड़े हाथों लिया।

उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि अब तो कांग्रेस के नेता भी मानने लगे हैं कि दिल्ली में बड़ा पप्पू है तो हिमाचल के पास भी छोटा पप्पू है। इस दौरान मंडल महामंत्री शक्ति राणा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजना शर्मा, प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य रीमा राणा, शांतिस्वरूप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की हार्दिक शुभकामनाएं


पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



मोहन लाल ठाकुर
प्रधान
ग्राम पंचायत कराडसू


## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार।



**कमलेश वर्मा ( परी)**
प्रभारी
कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360
86298-97600



**सुरेंद्र तिबोगपा**
प्रतिनिधि कुल्लू
82191-97038


पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

## कार्यालय नगर परिषद् कुल्लू (हि.प्र.)

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीपल जातर (बसन्तोत्सव) मेले का आयोजन देवता गोहारी जी के सम्मान में नगर परिषद् कुल्लू द्वारा ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में दिनांक 28.04.2024 से 30.04.2024 तक किया जा रहा है। इसके उपरांत मेले के दौरान होने वाला व्यापारिक मेला दिनांक 15.5.2024 तक मनाया जायेगा। नगर परिषद् कुल्लू की तरफ से समस्त शहर वासियों को मेले की हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी से विनम्र निवेदन है कि मेले में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 28.04.2024 से 30.04.2024 तक सायं 4 बजे के उपरांत लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में किया जा रहा है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि मेले में कलाकारों व व्यापारी भाईयों और बहनों को प्रोत्साहित करें।

निवेदकः- समस्त नगर परिषद् परिवार कुल्लू



NORTH HILLS INTERNATIONAL SCHOOL
2024 ADMISSION OPEN NOW
NURSERY TO 10+2

ENROLL NOW
LEARNING BENEFITS
• Loving & Caring Atmosphere • Transport Facility • Affordable Fee Structure • Bag Less Classes • Smart Classes

ADMISSION FEE IS CHARGED ONLY ONE TIME

Contact Us:- Principal (M) 90188-43096, Office: Accounts 80911-65408
Bijli Mahadev Road, Kharahal, Trambli, Distt. Kullu (H.P.)
Email:nhskullu@gmail.com

नवदुर्गा स्टोन क्रशर
हुरला कुल्लू, हि.प्र.
की तरफ से
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

शर्मा ट्रेडिंग कंपनी एवं स्टोन क्रशर
थलोट (मंडी) हि.प्र.
की तरफ से
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

गर्ग आचार्य स्टोन क्रशर
लारजी कुल्लू, हि.प्र.
की तरफ से
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



प्रवीन ठाकुर
डीएफओ
पार्वती
शमशी

HIMALAYAN STONE CRUSHER, BHATGRAN
की तरफ से
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें
P.O. Piplage, Tehsil Bhuntar, Distt. Kullu (H.P.)

KCS
LEARN LEAD ACHIEVE
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
KULLU CONVENT SCHOOL
Registration Open




Suresh Thakur Principal
Dhalpur Kullu (H.P.)
Contact: 01902-223777, 9418280777

आशापुरी स्टोन क्रशर
हुरला कुल्लू, हि.प्र.
की ओर से
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
BRILLIANT GLOBAL SCHOOL
ADMISSION OPEN FOR 2024-25
PRE NURSERY TO CLASS 5TH
LEARNING BENEFITS
* Creative Education Plan
*Develop important Skills
* Social & Academic Development
* Brainstorming
Opp. Session House, Shashtri Nagar, Kullu (H.P.)
Ph. : 01902-222202, 81930-00022

पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
Lalit Mahajan Sarasvati Vidya Mandir Bashing



Mob. 9459016317

मुरारी माता स्टोन क्रशर
लारजी कुल्लू, हि.प्र.
की ओर से
पीपल जातर (बसन्तोत्सव) की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
रेत, बजरी के लिए संपर्क करें

## न्यूज ब्रीफ

### थॉमस कप बैडमिंटन: भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से दी शिकस्त

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन भारत ने सोमवार को ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड पर 5-0 की आसान जीत के साथ बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) थॉमस कप 2024 के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। भारतीय टीम, अब अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में इंडोनेशिया से भिड़ेगी। भारतीय महिलाओं ने भी लगातार दो जीत के साथ उबेर कप 2024 के अंतिम आठ में अपना स्थान पक्का कर लिया है और अपने आखिरी ग्रुप ए मुकाबले में मंगलवार को चीन से भिड़ेंगी।

### टी-20 विश्व कप में विलियमसन होंगे न्यूजीलैंड टीम के कप्तान



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने सोमवार को आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के नौवें संस्करण के लिए अपनी 15 खिलाड़ियों की टीम घोषित कर दी है। टीम में बतौर कप्तान केन विलियमसन की वापसी हुई है, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाजी जोड़ी टिम साउदी और ट्रेंट बोल्ट को भी टीम में शामिल किया गया है। मुख्य तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और हरफनमौला एडम मिल्ने चोट के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं।


### भारतीय मुक्केबाज जदुमनी आकाश क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाजों ने कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा। मंडेंगबाम जदुमनी सिंह (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) ने जीत दर्ज कर अंडर-22 के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने बताया कि जदुमनी सिंह ने राउंड दो में गोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा के खिलाफ आरएससी (रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट) निर्णय के साथ मुकाबला जीता। वहीं, आकाश ने मंगोलिया के गणबातार गान एर्डीन को 4-1 से हराया।

### टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान पहली मई को संभव

**नई दिल्ली।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान 1 मई को हो सकता है। आईसीसी की ओर से वर्ल्ड कप के लिए टीम की घोषणा की आखिरी तारीख भी 1 मई है। रिपोर्ट के मुताबिक बीबीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर शनिवार को मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए आईपीएल मैच को देखने के लिए विशेष रूप से दिल्ली आए थे, ताकि उन्हें कप्तान रोहित के साथ बातचीत करने का मौका मिल सके। इस दौरान दोनों के बीच एक अनऑफिशियल मीटिंग हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 1 मई को डेडलाइन खत्म होने के दिन भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। टीम का पहला बैच 22 मई को उन खिलाड़ियों के साथ वर्ल्ड कप के लिए रवाना होने वाला है, जो तब तक आईपीएल से बाहर हो जाएंगे।

### अभिनेता सोनू सूद का व्हाट्सऐप अकाउंट 61 घंटे बाद हुआ बहाल



**नई दिल्ली।** अभिनेता सोनू सूद ने रविवार को बताया कि वह 61 घंटे बाद अपने व्हाट्सऐप अकाउंट का फिर से इस्तेमाल कर पा रहे हैं। अभिनेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने शुक्रवार को इस बारे में शिकायत की थी। सूद ने 'एक्स' पर लिखा, 'आखिरकार मेरा व्हाट्सऐप अकाउंट फिर से चालू हो गया।

### जर्मनी के बाद लंदन में चीन के लिए जासूसी करने वाले दो लोग धरे

**लंदन।** लंदन में दो लोगों को चीन के लिए जासूसी करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। इससे कुछ दिन पहले ही जर्मनी में चार व्यक्तियों को इसी आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। खुफिया विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि गहराई तक समा चुकी समस्या का यह सिर्फ एक बानगी है। निक्की एशिया ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि लंदन में आरोप का सामना करने वाला एक व्यक्ति संसदीय शोधकर्ता था और उसका कई राजनेताओं से संपर्क था। वह व्यक्ति चीन के विरुद्ध ब्रिटेन की नीति को प्रभावित कर सकता था।

### चीन अब बांग्लादेश में भारतीय उपकरण बाजार पर कब्जा करने की जुगत में

**ढाका।** भारत-बांग्लादेश के बीच खून के रिश्ते के साथ व्यापारिक संबंध भी सबसे प्रगाढ़ हैं। इन संबंधों पर अब चीन बुरी नजर डाल रहा है । यहां भारतीय कंपनियों के कार और इलेक्ट्रॉनिक बाजार पर कब्जा करने के लिए चीन डोरे डालने लगा है। चीन की तीन कंपनियां बांग्लादेशी कंपनियों के साथ मिलकर कार मैन्युफैक्चरिंग प्लांट तैयार करना चाहती हैं। अकीज ग्रुप और एसीआई मोटर्स सहित कई बांग्लादेशी कंपनियां संयुक्त कारखाने स्थापित करने के लिए आगे आई हैं। हालांकि बांग्लादेश में इन कारों का निर्माण नहीं होगा।

### मसूरी के हाथीपांव रोड पर खाई में गिरी कार, तीन की मौत

**देहरादून।** मसूरी के हाथीपांव रोड पर हरियाणा नंबर की एक कार पांच सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में कार सवार तीनों लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी देते हुए एसडीआरएफ के प्रमुख ने बताया कि हरियाणा नंबर की एक कार पांच सौ मीटर गहरी खाई में गिरने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर सहस्रधारा पोस्ट से एसआई लक्ष्मी रावत की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कार के खाई में गिरने से कारसवार तीन लोगों की मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने घटना स्थल पर रोप की सहायता से खाई में उतर कर दो शवों को निकाला।

### चेन्नई में पाकिस्तानी लड़की का हुआ सफल हृदय प्रत्यारोपण

**चेन्नई।** चेन्नई में हुए एक अंगदान के मामले को लेकर लोग नाराज हैं। भारतीय नागरिकों की तुलना में एक विदेशी को प्राथमिकता देने के लिए तमाम तरह की नकारात्मक टिप्पणियां की जा रही हैं। लोग स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को शर्मसार करने के उलाहने से लेकर पाकिस्तान के नागरिकों के प्रति धार्मिक कट्टरता और घृणा आदि के अनगिनत उदाहरण दे रहे हैं। दरअसल, चेन्नई में एक एनजीओ द्वारा सर्जरी की लागत वहन करने पर सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है।

# लखनऊ और मुंबई के मुकाबले में केएल राहुल पर होंगी सबकी नजरें

## भारतीय टीम के चयन से पहले दूसरे विकेटकीपर के रूप में दावा पुख्ता करने का होगा मौका

**एजेंसी, लखनऊ**

टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिए दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा, जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी-20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरुआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं।

**आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने मजबूती से रखा दावा**

ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है। पंत की जगह टी-20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है, चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स के लिए आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके।



### मुंबई को प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए जीतने होंगे सभी मैच

मुंबई की टीम अंकतालिका में 9वें स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी-20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# कोहली ने 7वीं बार आईपीएल में छुआ 500 रनों का आंकड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी विराट कोहली सातवीं बार आईपीएल में 500 रन के आंकड़े तक पहुंच गए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर के साथ उन बल्लेबाजों की विशिष्ट कंपनी में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने सबसे अधिक बार यह उपलब्धि हासिल की है।

विराट आईपीएल के सात सीजन में 500 या उससे अधिक रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में विराट शानदार लय में दिखे और उन्होंने 44 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 70 रन बनाए। उनके रन 159.09 की स्ट्राइक रेट से आए। मौजूदा आईपीएल सीजन में विराट 10 पारियों में 71.42 की औसत और 147.49 की स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और चार अर्धशतक शामिल हैं। वह इस सीजन में अभी तक अग्रणी रन-स्कोरर हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 113* है।

## उपलब्धि : आईपीएल में 150 मैच जीतने वाले पहले क्रिकेटर बने धोनी



**नई दिल्ली।** हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में जीत के साथ ही महेंद्र सिंह धोनी ने इतिहास रच दिया है। इस मैच में जीत के साथ ही धोनी ने आईपीएम में एक महारिकॉर्ड अपने नाम कर दिया है। धोनी के अलावा यह मुकाम आज तक कोई भी क्रिकेटर हासिल नहीं कर पाया है। महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल में 150 मैच जीतने वाले पहले क्रिकेटर बन गए हैं। आईपीएल के इतिहास में महेंद्र सिंह धोनी बतौर खिलाड़ी सबसे ज्यादा 150 बार जीत का स्वाद चख चुके हैं।

## आईपीएल 2024 : धर्मशाला में पांच मई को होगा पंजाब और चेन्नई टीम का मैच

# टिकट तीन हजार तक महंगे, फ्रेंचाइजी ने बढ़ाए दाम

**धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पांच मई को पंजाब और चेन्नई के बीच खेले जाने वाले आईपीएल मैच की टिकटों के दाम में फ्रेंचाइजी ने बढ़ोतरी कर दी है।

अब टिकटों में दाम में एक से लेकर तीन हजार रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। वेस्ट स्टैंड-दो की दो हजार में मिलने वाली टिकट अब सीधे तीन हजार और 12,500 रुपए के पैवेलियन टैरेस की टिकट 15 हजार रुपए में बेची जा रही है। इतना ही नहीं टिकट के दाम में 30 फीसदी तक बढ़ोतरी के बावजूद भी क्रिकेट प्रेमियों को टिकट नहीं मिल पा रहे हैं।



### क्रिकेट प्रेमियों को नहीं मिल पा रहे टिकट

पेटीएम ऐप में ऑनलाइन ही कतारों में रखा जा रहा है, जबकि बाद में टिकट एनेवल का मैसेज भेजा जा रहा है। क्रिकेट प्रेमियों को अधिक पैसे खर्च करने पर भी टिकट नहीं मिल पा रही है। एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि आईपीएल के मैचों की टिकटों की बिक्री फ्रेंचाइजी की ओर से की जा रही है। टिकटों के दाम फ्रेंचाइजी ने ही तय किए हैं।

- **ईस्ट स्टैंड-दो 2500 से तीन हजार**
- **पैवेलियन टैरेस 12, 500 रुपए से 15 हजार**
- **ईस्ट स्टैंड-तीन 7500 से अब 10 हजार**
- **नॉर्थ पैवेलियन स्टैंड तीन हजार से 5500 रुपए**
- **क्लब लॉज 20 हजार के दाम बढ़ा दिए गए**

# वेलवन सेंथिलकुमार ने जीता बैच ओपन स्क्वैश का खिताब

**एजेंसी, पेरिस**

राष्ट्रीय चैंपियन वेलवन सेंथिलकुमार ने बैच ओपन स्क्वैश चैलेंजर इवेंट का खिताब जीत लिया है, जो उनका आठवां प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) खिताब है।

सेंथिलकुमार ने खिताबी मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी मेल्विल साइनिमैनिको को शिकस्त दी। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को 35 मिनट में 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। इस जीत के साथ, 26 वर्षीय वेलवन को 12,000 अमेरिकी डॉलर का नकद पुरस्कार मिला। चेन्नई के रहने वाले सेंथिलकुमार ने जीत के बाद कहा कि मेल्विल ने वास्तव में अच्छा खेला और दर्शकों का भी उन्हें काफी समर्थन मिला। मुझे शुरू से अंत तक तेज रहना था और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।



# पश्चिमी केन्या में बांध टूटने से तबाही, 40 लोगों की मौत

**एजेंसी, नैरोबी**

अफ्रीकी देश केन्या के पश्चिमी इलाके में एक बांध के टूटने से कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई है। केन्या पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी स्टीफन किरुई ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि बांध के टूटने के बाद बाढ़ का पानी घरों में आ घुसा और एक प्रमुख सड़क से संपर्क कट गया।

पुलिस के मुताबिक, यह घटना सोमवार की सुबह ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र के माई माहिउ इलाके में स्थित पुराने किजाबे बांध के ढहने के बाद हुई। ग्रेट रिफ्ट घाटी क्षेत्र में अचानक बाढ़ आने का खतरा बना रहता है। बांध टूटने के बाद पानी नीचे की ओर बहने लगा। केन्या में बीते कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। बाढ़ के कारण अब तक करीब 100 लोगों की मौत हो चुकी है और स्कूलों के खुलने में भी देरी हो रही है।



## उत्तराखंड: जंगलों की आग से स्कूल-कॉलेजों को खतरा



**देहरादून।** जंगल की आग आबादी क्षेत्र और स्कूल, कॉलेजों के पास न पहुंचे, इसे लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रदेश में लगातार बढ़ रही वनाग्नि की घटनाओं ने चिंता बढ़ाई हुई है। प्रदेश में जंगल की आग के आबादी क्षेत्र में पहुंचने से स्कूल और कालेजों को भी खतरा बना है। कई सरकारी स्कूल नदी किनारे और जंगलों के नजदीक हैं, जिससे आग भड़क कर इन विद्यालयों तक पहुंच सकती है। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक, जंगल की आग आबादी क्षेत्र और स्कूल, कालेजों के पास न पहुंचे, इसे लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। कहीं से इस तरह की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम के साथ ही फायर सर्विस को बुलाकर इस पर नियंत्रण किया जा रहा है। पूर्व में राजकीय इंटर कालेज देवाल में जंगल की आग विद्यालय के कक्ष तक पहुंचने की सूचना मिली थी। माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट के मुताबिक, विद्यालयों के पास सूखी पत्तियां गिरी होने से विद्यालयों को खतरा बना है।

## देहरादून में भीषण अग्निकांड 22 झोपड़ियां जलकर राख

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में सोमवार सुबह भीषण अग्निकांड की खबर सामने आई है। दून के खुड़बुड़ा मोहल्ले में आग से 22 झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। जानकारी के अनुसार मजदूर यहां तांबा जला रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। खुड़ बुड़ा मोहल्ला में भीषण अग्निकांड से आसपास हड़कंप मच गया। एक प्लॉट में टिन शेड में बनी 22 झुग्गी-झोपड़ियां राख हो गई। गनीमत रही कि आग से पहले ही सभी बच्चे और यहां रहने वाले लोग बाहर चले गए। आग से यहां पर रखें आठ-नौ छोटे-बड़े सिलंडर भी फट गए। करीब एक घंटे में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया।

## पाकिस्तान में किडनैप जज की हुई रिहाई

**इस्लामाबाद।** खैबर पख्तूनख्वा सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ ने सोमवार सुबह बताया कि देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों द्वारा अपहरण किए गए एक जिला और सत्र न्यायाधीश को कैद से रिहा कर दिया गया है। जज को 27 अप्रैल को अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक और डेरा इस्माइल (डीआई) खान जिले के पास किडनैप कर लिया गया था। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा था। मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सेशन जज को बिना शर्त कैद से रिहा कर दिया गया है। केपीके पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग ने कहा कि वह सुरक्षित और स्वस्थ घर पहुंच गए हैं। बैरिस्टर सैफ ने कहा कि केपीके सरकार सुरक्षा बलों के साथ मिलकर आतंकवाद से सफलतापूर्वक लड़ रही है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीनिवास प्रसाद का निधन



**बेंगलुरू।** कर्नाटक के चामराजनगर से बीजेपी सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीनिवास प्रसाद का सोमवार सुबह निधन हो गया। श्रीनिवास 76 साल के थे और बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने श्रीनिवास प्रसाद के निधन पर दुख प्रकट किया है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर जब्त की 2.2 करोड़ की हेरोइन

**नई दिल्ली।** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत ने देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के चलते भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। सीमा चौकी डीएमसी, 149वीं वाहिनी ने जिला मुर्शिदाबाद की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी को विफल करते हुए 2.2 किलो हेरोइन जब्त की। तस्कर इसे भारत से बांग्लादेश में तस्करी की करने की फिराक में थे। दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी, एके आर्य ने बताया कि रविवार को शाम को करीब 5.15 बजे ड्यूटी के दौरान, जवानों ने तीन भारतीय तस्करों को प्लास्टिक की बोरियों के साथ सीमा के पास देखा। जवान उन्हें रुकने के लिए ललकारा। इस बीच, तस्करों ने बोरे को सीमा बाड़ के पार बांग्लादेश की ओर फेंकने की कोशिश की, लेकिन बोरे भारतीय क्षेत्र में गिर गए।

## 'यूक्रेन में बेहद खराब हो गए हैं हालात'

**यूक्रेन।** यूक्रेन के सेना प्रमुख ने स्वीकार किया है कि मोर्चे पर हालात बेहद खराब हो गए हैं। जनरल ओलेक्सेंडर सीरिस्की ने कहा है कि पूर्वी मोर्चे पर यूक्रेन की सेना को पीछे हटना पड़ा है। यूक्रेन को अमेरिका से सैन्य मदद मिलने से पहले रूस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। टेलीग्राम पर एक पोस्ट में सीरीस्की ने कहा, %%मोर्चे पर हालात बेहद खराब हो गए हैं. यूक्रेन की सेना को पूर्वी दोनेत्स्क इलाक़े में पीछे हटना पड़ा है।

# राजनाथ सिंह ने लखनऊ, स्मृति ईरानी ने अमेठी से भरा नामांकन

**एजेंसी, लखनऊ**

बीजेपी के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी मौजूद रहे।

वहीं, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार अमेठी से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। स्मृति ईरानी ने कांग्रेस का गढ़ माने जाने वाली अमेठी से 2019 में राहुल गांधी को हरा दिया था। रविवार रात को स्मृति ईरानी हेलमेट लगा कर उत्तर प्रदेश के अपने लोकसभा क्षेत्र अमेठी में स्कूटी पर राइड करते हुए और लोगों से मिलते हुए नजर आई थीं।



## बेंजामिन नेतन्याहू बने रहेंगे इसराइल के पीएम!

**यरुशेलम।** कई लोग चाहते हैं कि इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस्तीफा दें और देश में चुनाव करवाए जाएं। विदेशी नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गाजा में सैनिक कार्रवाई की आलोचना हो रही है। गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति को लेकर भी चिंता व्यक्त की जा रही है, जिसके कारण इसराइल का सहयोगी देश अमेरिका भी प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर युद्धविराम के लिए दबाव डाल रहा है।

# हमास का दावा- रफाह में इसराइली बमबारी में 30 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी, हमास**

हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया है कि इसराइली बमबारी के चलते दक्षिण गाजा के शहर रफाह में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा है कि इसराइली बमबारी में कई घायल हुए हैं।

इसराइल की ओर से लगातार दावा हो रहा है कि वह रफाह में हमला करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गाजा के रफाह शहर में 10 लाख से ज्यादा फलस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी है। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 7 अक्तूबर के बाद से इसराइली हमलों में 34 हजार से ज्यादा फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। गाजा में छिड़े युद्ध को रोकने के लिए कूटनीतिक कदम उठाए जा रहे हैं। हमास का प्रतिनिधिमंडल शांति वार्ता के लिए काहिरा में मौजूद है। हमास के एक अधिकारी ने कहा है कि संघर्षविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर इसराइल के ताजा प्रस्ताव से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इस बारे में बात बनने के संकेत अभी नहीं मिले हैं।



**कारोबार**

## कारोबारी हफ्ते के पहले दिन शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी


# सेंसेक्स 938 अंक उछला, निफ्टी 22,600 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कारोबरी हफ्ते के पहले दिन सोमवार को शेयर बाजारों में जोश देखने को मिला। सेंसेक्स-निफ्टी शानदार बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 937.88 अंक, यानी 1.27 फीसदी की तेजी के साथ 74,668.04 अंक पर बंद हुआ।

इसी तरह पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक फीसदी की बढ़त के साथ 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। 26 अप्रैल को कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 609.28 अंक या 0.82 फीसदी की गिरावट के साथ 73,730.16 अंकों पर बंद हुआ था। वहीं, एनएसई का निफ्टी 150.40 अंक या 0.67 फीसदी टूटकर 22,419.95 के स्तर पर बंद हुआ था।

मार्केट रेगुलेटर सेबी के बीएसई को प्रीमियम मूल्य के बजाय उसके विकल्प अनुबंधों के "अनुमानित मूल्य" के आधार पर फीस का पेमेंट करने का निर्देश देने के बाद एक्सचेंज के अब ज्यादा रेगुलेटरी फीस चुकाने का अनुमान है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया के इस कदम के बाद बीएसई के शेयर सोमवार को एनएसई पर 18.64 फीसदी तक गिरकर 2,612.0 रुपए के निचले स्तर पर आ गए।




### रुपए के मूल्य में गिरावट

**सोमवार** को डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर खुला है। इंटरबैंक विदेशी मुद्रा में रुपया ग्रीनबैक के मुकाबले 83.39 पर कमजोर खुला और फिर अपने पिछले बंद स्तर की तुलना में 5 पैसे की हानि दर्ज करते हुए 83.43 पर फिसल गया।